वर्ष 70 ▸▸ अंक 34 ▸▸ पृष्ठ 12+8=20
भोपाल, शनिवार 31 अक्टूबर, 2026
▸▸ कार्तिक कृष्ण पक्ष 06, विक्रम संवत् 2083
▸▸ महानगर ▸▸ मूल्य 7 रुपए
आज के अंक के साथ सत्यकथा (ऐच्छिक)

दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

"योजनाएं केवल अच्छे इरादे ही होती हैं जब तक कि वे तुरंत कड़ी मेहनत में तब्दील न हो जाएं।
-पीटर ड्रूकर

संक्षिप्त खबरें

जम्मू-कश्मीर में लश्कर से जुड़े 10 लोग गिरफ्तार

जम्मू, जेएनएन। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शोपियां में आतंकी फंडिंग करने वाले एक नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है।



पुलिस ने लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) से जुड़े 10 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, इस नेटवर्क के संबंध जम्मू-कश्मीर की अलग-अलग जेलों में बंद आतंकियों और उनके सहयोगियों से थे। मामले में और लोगों की गिरफ्तारी हो सकती है। जांच में पता चला है कि आरोपी आम लोगों से चुपके से पैसे जुटाते थे। इसके बाद इन पैसों को वित्तीय नेटवर्क के जरिए आतंकियों तक पहुंचाया जाता था।

नासिक में सिंहस्थ कुंभ मेला का शुभारंभ आज

नासिक, जेएनएन। महाराष्ट्र के नासिक और त्र्यंबकेश्वर में विश्व प्रसिद्ध 'सिंहस्थ कुंभ मेले' का शुभारंभ 31 अक्टूबर से होने जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु नासिक के रामकुंड और त्र्यंबकेश्वर के कुशावर्त तीर्थ पर आयोजित ध्वजारोहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। हालांकि, श्रद्धालुओं की सबसे ज्यादा भीड़ अगस्त और सितंबर 2027 में होने वाले मुख्य स्नान पर्वों यानी 'अमृत स्नान' (शाही स्नान) के दिनों में जुटने की उम्मीद है। नासिक-त्र्यंबकेश्वर कुंभ मेला प्राधिकरण के अनुसार, जुलाई 2028 तक चलने वाले इस कुंभ में देश-विदेश से लगभग 12 करोड़ श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। नासिक में होने वाले कुंभ को 'सिंहस्थ' कहा जाता है, क्योंकि इसका संबंध बृहस्पति ग्रह के सिंह राशि में प्रवेश करने से है।



प्रदेश के सरकारी कर्मियों का डीए 2 फीसदी बढ़ा

कर्मचारियों को जनवरी 2026 तो पेंशनरों को जुलाई 2026 से मिलेगा लाभ, केंद्र से अब भी 3% कम है डीए

विशेष संवाददाता, भोपाल। केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 3 प्रतिशत वृद्धि के दो दिन बाद मध्यप्रदेश सरकार ने अपने शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों के डीए में 2 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की है। इस वृद्धि से अब महंगाई भत्ते की राशि 60 प्रतिशत हो गई है। वहीं केंद्रीय कर्मचारियों को चर्तमान में 63 प्रतिशत डीए मिल रहा है। यह वृद्धि जनवरी 2026 से लागू मानी जाएगी। वित्त विभाग के अनुसार इस संबंध में 30 अक्टूबर को आदेश जारी कर दिया।

इससे राज्य के 12 लाख कर्मचारी और पेंशनर्स को लाभ मिलेगा। कर्मचारियों को पिछले 9 महीने का एरियर एक साथ नहीं दिया जाएगा, अलबत्ता सरकार इसे तीन बराबर किस्तों में देगी, जबकि अक्टूबर माह की जो सैलरी खातों में आएगी, वह 2 प्रतिशत बढ़ी हुई राशि के साथ मिलेगी। जानकारी के मुताबिक इस फैसले का लाभ राज्य सरकार के पेंशनर्स को भी मिलेगा। वहीं पेंशनरों को 2 प्रतिशत डीए वृद्धि का लाभ जुलाई 2026 से मिलेगा।



60 प्रतिशत हुई महंगाई भत्ते की दर

उल्लेखनीय है कि सरकारी अधिकारी कर्मचारियों को अब तक 58 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलता था। इस नए आदेश में 2 प्रतिशत की वृद्धि से अब महंगाई भत्ते की राशि 60 प्रतिशत हो गई है। आदेश में जानकारी दी गई है कि 1 जनवरी 2026 से 30 सितम्बर 2026 तक की एरियर राशि का भुगतान समान किस्तों में नवंबर, दिसम्बर और जनवरी 2027 में किया जाएगा। इसी तरह ऐसे कर्मचारी जो 1 जनवरी 2026 से 30 सितम्बर 2026 की अवधि में सेवानिवृत्त या मृत हो गए हैं, उन्हें या उनके नामांकित सदस्य को एरियर की राशि का भुगतान एक एकमुश्त किया जाएगा। महंगाई भत्ते में 50 पैसे अथवा उससे अधिक पैसे को अपने उच्चचरत रुपए में पूर्णांकित किया जाएगा और 50 पैसे से कम राशि को छोड़ दिया जाएगा। हालांकि महंगाई भत्ते के मामले में मध्यप्रदेश के अधिकारी कर्मचारी और पेंशनर्स अभी भी केंद्रीय कर्मचारियों से 3 प्रतिशत पीछे हैं। केंद्र सरकार ने इसी माह की 28 तारीख को अपने कर्मचारियों के डीए में 3 प्रतिशत बढ़ाकर 63 प्रतिशत किया था।

सीएम ने एक्स पर दी जानकारी

शुक्रवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस संबंध में सोशल मीडिया एक्स पर सरकार के इस निर्णय की जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि राज्य सरकार ने अधिकारियों-कर्मचारियों के हितों का हमेशा ध्यान रखा है। इसके साथ ही राज्य सरकार पेंशनर्स और कर्मचारियों के हितों में संदेव साथ खड़ी है। शासकीय सेवकों को जनवरी से सितंबर तक, कुल नौ माह के एरियर्स का भुगतान तीन समान मासिक किस्तों में किया जाएगा। अक्टूबर माह के वेतन (नवंबर में देय) से बढ़े हुए महंगाई भत्ते का तकद भुगतान होगा।

किस श्रेणी को कितना मिलेगा वृद्धि का लाभ

2 प्रतिशत डीए बढ़ने से प्रथम श्रेणी के अधिकारी को 1,598 से 2,830 रुपए,द्वितीय श्रेणी के अधिकारी को 1,122 से 1,274 रुपए,तृतीय श्रेणी के कर्मचारी को 390 से 982 रुपए और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को 310 से 360 रुपए का लाभ उनके वेतन में होगा।

9 महीने का मिलेगा इतना एरियर

प्रथम श्रेणी के अधिकारी को 14,382से 25 हजार 380 रुपए (प्रति किस्त 4794 से 8,460 रुपए), द्वितीय श्रेणी के अधिकारी को 10,098 से 10,319 रुपए (प्रति किस्त 3,366 से 10,319 रुपए) तृतीय श्रेणी कर्मचारियों को 3,510 रुपए से 8 हजार 8,38 रुपए(प्रति किस्त 1170 से 2946 रुपए) और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को 2790 रुपए से 3,240 रुपए (प्रति किस्त930 से 1,080 रुपए) मिलेगा।

इसरो ने एनवीएस-03 की सफल लॉन्चिंग की

नई दिल्ली, जेएनएन। इसरो का वर्ष 2026 का तीसरा अंतरिक्ष प्रक्षेपण सफल रहा। जीएसएलवी-एफ18 राकेट के जरिए 2,250 किलोग्राम वजनी नेविगेशन सैटेलाइट एनवीएस-03 को अंतरिक्ष में भेजा गया। यह मिशन भारत के पुराने होते नाविक नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम को फिर से मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण है। भारत ने नाविक को अमेरिका के जीपीएस, रूस के ग्लोनास और चीन के बाइदू जैसे नेविगेशन सिस्टम के स्वदेशी विकल्प के रूप में विकसित किया है। अब मोबाइल में लोकेशन ज्यादा सटीक होगी। एनवीएस-03 में स्वदेशी परमाणु घड़ी के साथ विदेश से खरीदी गई परमाणु घड़ियां भी लगाई गई हैं। यह पूरे भारत और सीमा से 1,500 किलोमीटर दूर तक सटीक लोकेशन और नेविगेशन की सुविधा देगा।



अब मोबाइल में लोकेशन होगी ज्यादा सटीक

कुश्ती विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं मनीषा

59 किग्रा वर्ग के फाइनल में अमेरिका की अबीगैल नेट्टे को 8-6 से हराया

अस्ताना, जेएनएन। मनीषा भानवाला ने शुक्रवार को इतिहास रचते हुए कुश्ती विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बनने का गौरव हासिल किया। वह सुशील कुमार के बाद विश्व चैंपियन बनने वाली देश की दूसरी पहलवान हैं। सुशील कुमार ने 2010 में पुरुषों के 66 किलोग्राम वर्ग का खिताब जीता था।

मनीषा भानवाला ने महिलाओं के 59 किग्रा वर्ग के फाइनल में अमेरिका की अबीगैल नेट्टे को 8-6 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वह एक समय मुकाबले में 0-6 से पिछड़ रही थीं। उन्होंने इसके बाद शानदार वापसी करते हुए आखिरी तीन मिनट में 'पैन अमेरिकन' चैंपियन को शिकस्त देकर भारतीय कुश्ती में महिला विश्व चैंपियन के लंबे इंतजार को खत्म कर दिया। पहली बार इस प्रतियोगिता के एक ही आयोजन में तीन भारतीय महिला पहलवानों ने स्वर्ण पदक के मुकाबलों में जगह बनाई।

नीलम सिरोही (50 किग्रा) और काजल धोचक (76 किग्रा) को अपने-अपने फाइनल में हार के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा, जबकि तनु शर्मा ने कांस्य पदक जीता।



ग्वालियर हाईकोर्ट का फैसला

क्लर्कों को सीधे एडीपीओ बनाने का कोटा निरस्त

ग्वालियर, जेएनएन। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की ग्वालियर बेंच ने अभियोजन विभाग में क्लर्कों को सीधे सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी (एडीपीओ) बनाने के 10 प्रतिशत प्रमोशन कोटे को असंवैधानिक घोषित कर निरस्त कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि क्लास-3 से सीधे क्लास-2 के राजपत्रित पद पर प्रमोशन का यह प्रावधान 'चोर दरवाजे से प्रवेश' जैसा है। एडीपीओ बनने के लिए निर्धारित प्रक्रिया को दरकिनार नहीं किया जा सकता। खंडपीठ ने कहा कि बिना आल इंडिया बार परीक्षा पास किए और वकालत का अनुभव लिए क्लर्कों को सीधे अदालत में केस लड़ने की जिम्मेदारी देना उचित नहीं है।

25 जनवरी से 28 फरवरी तक होगी दूसरे दौर की जनगणना

यूपी-पंजाब समेत 5 चुनावी राज्यों में बाद में होगी गिनती

नई दिल्ली, जेएनएन। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को जनगणना 2027 के दूसरे चरण का शेड्यूल जारी किया है। इसके तहत 25 जनवरी से 28 फरवरी 2027 तक जनसंख्या की गणना की जाएगी और इसके बाद 1 मार्च से 5 मार्च तक रिवीजन राउंड (पुनरीक्षण चरण) चलेगा। इस बार 40 सवाल पूछे जाएंगे। जनगणना का घरों की गिनती का पहला फेज जून 2026 में पूरा हो चुका है। बड़ी बात ये कि 95 साल बाद यानी 1931 के बाद पहली बार देश में जाति की गिनती हो रही है।

गृह मंत्रालय की अधिसूचना के मुताबिक, जनगणना की प्रक्रिया मणिपुर (अगली घोषणा तक), गोवा, उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश व जम्मू-कश्मीर के बर्फबारी प्रभावित क्षेत्रों को छोड़कर देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में आयोजित की जाएगी। अगले साल की शुरुआत में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, गोवा और मणिपुर में विधानसभा चुनाव होने हैं।





संक्षिप्त खबरें

किसानों की फसल खरीदने अवकाश में भी खुलेंगी मंडी

बिसं भोपाल। राज्य सरकार ने सोयाबीन और मक्का उत्पादन किसानों के उपार्जन के लिए अवकाश के दिन भी मंडी खोलने का निर्णय लिया है। इस संबंध में कलेक्टरों को निर्देशित किया गया है। मंडी बोर्ड के सभी संयुक्त संचालक को निर्देश दिए गए है कि वे अवकाश के दिनों में भी किसानों के लिए मंडी खुली रखें। वर्तमान में प्रदेश की मंडियों में अधिसूचित कृषि उपज की आवक अधिक मात्रा में हो रही है। इस अवधि में कृषकों को अपनी कृषि उपज का शीघ्र विक्रय कर उसकी राशि प्राप्त करने की आवश्यकता रहती है। ऐसी स्थिति में मंडियों में अवकाश रहने से कृषकों को अपनी उपज के विक्रय के लिये आगामी कार्य दिवस तक प्रतीक्षा करनती पड़ सकती है, जिससे न केवल कृषि उपज के विक्रय में विलंब होगा, बल्कि कृषकों को आर्थिक एवं व्यावहारिक असुविधा का सामना भी करना पड़ेगा।

पीएचक्यू से चार कर्मचारी रिटायर, पौधे किए भेंट

मुख्य संवाददाता, भोपाल। पुलिस मुख्यालय में पदस्थ चार कर्मचारी शुक्रवार को रिटायर हो गए। पुलिस मुख्यालय की ओर से आयोजित विदाई समारोह में स्पेशल डीजी पंकज श्रीवास्तव ने इन सभी को स्मृति चिह्न और पौधे भेंट कर सम्मानित किया। सेवानिवृत्त होने वालों में सीआईडी ब्रांच की उप निरीक्षक फायजा बानो, महिला सुरक्षा शाखा के उप निरीक्षक उमराव सिंह, विशेष शाखा के प्रधान आरक्षक मुन्नीलाल अहिरवार और प्रबंध शाखा की आरक्षक सुमित्रा थापा शामिल हैं। उन्हें खेलम के भुगतान संबंधी आदेश सौंपे गए। इस मौके पर एडीजी वेलफेयर सोलोमन यश कुमार मिंज सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह को मातृशोक

बिसं भोपाल। केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान की माताश्री काशीबाई का शुक्रवार को भोपाल एम्स में उपचार के दौरान निधन हो गया। जिनका शाम को गृहग्राम जैत में अंतिम संस्कार कर दिया गया। इससे पहले पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए 9-बी साकेत नगर स्थित निवास पर रखा गया, जहां बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों व विशिष्टजनों ने पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल सहित बड़े नेताओं ने जैत पहुंचकर काशीबाई के पार्थिव देह पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके अंतिम यात्रा में शामिल हुए।

लोकतंत्र जनादेश से चलेगा, अराजकता के दबाव से नहीं

इंदौर में लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ संकल्प पदयात्रा में सीएम ने राहुल पर किया हमला

विशेष संवाददाता, भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भाजपा की लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ संकल्प को लेकर आयोजित विशाल पदयात्रा रैली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि राहुल गांधी पाकिस्तान से आकर राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र जनादेश से चलेगा, अराजकता के दबाव में नहीं चल सकता। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को इंदौर में कहा कि राजनीतिक प्रतिस्पर्धा में जीत का उत्सव और हार का आत्म-मंथन दोनों आवश्यक हैं। जनता के निर्णय के से असहमति हो सकती है, लेकिन उसके विवेक का अनादर लोकतांत्रिक राजनीति को कमजोर करता है। लोकतंत्र जनादेश से चलेगा, अराजकता के दबाव में नहीं चल सकता। राजनीतिक दलों का जनता का विश्वास अपने कार्य, विचार और आचरण से अर्जित करना चाहिए, विरोध की राजनीति से जनता का हित नहीं हो सकता। मध्यप्रदेश की जनता कांग्रेस की अराजकता और नकारात्मक राजनीति को कभी स्वीकार नहीं करेगी। सत्ता की लालसा में विभिन्न आरोपों के जरिए देश में अराजकता फैलाने का प्रयास करने वालों को एक बात समझ लेनी चाहिए कि भाजपा के कमल को खिलने से कोई ताकत नहीं रोक सकती है। देश की जागरूक जनता कांग्रेस की इस राजनीति का जवाब देगी और लोकतंत्र तथा



संवैधानिक व्यवस्था के प्रति अपना विश्वास बनाए रखेगी। सीएम ने कहा कि कांग्रेस और राहुल गांधी चुनी हुई सरकारों, लोकतांत्रिक व्यवस्था और स्वायत्त संस्थाओं को चुनौती दे रहे हैं। देश की जनता उनकी इस राजनीति का जवाब देगी। कांग्रेस ने अपने शासनकाल में देश को बदहाली की ओर धकेला था। इसके विपरीत, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का वैश्विक स्तर पर मान-सम्मान बढ़ा है।

मृतकों के नाम सूची में बनाए रखने कर रहे एसआईआर का विरोध

प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी विदेशी नागरिकों और मृत व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में बनाए रखने एसआईआर का विरोध कर रहे हैं। रैली में इंदौर में उमड़ा जनसैलाब कांग्रेस को आईना दिखाने के लिए पर्याप्त है। कांग्रेस देशभर में जितने लोग नहीं जुटा पाती है, उससे अधिक लोग अकेले इंदौर की पदयात्रा में लोग स्वयं चलकर आए हैं। केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। जनसैलाब के संदेश ने बता दिया है कि देश में अराजकता हारेगी और लोकतंत्र जीतेगा। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री विप्लव कुमार देब ने कहा कि मुद्दा विहीन कांग्रेस के पास विकास का विजन नहीं, इसलिए संवेदनशील संस्थाओं पर सवाल उठा रही है। भारत की एकता, अखंडता और राष्ट्रीय स्वाभिमान को कमजोर बनाने वाली ताकतों के मंसूबे सफल नहीं होने देंगे।

राज्यसभा उपचुनाव: पुरी पहुंचे भोपाल, आज करेंगे दाखिल नामांकन

विशेष संवाददाता, भोपाल। केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के मप्र से राज्यसभा प्रत्याशी हरदीप सिंह पुरी शुक्रवार की रात भोपाल पहुंचे, जहां पार्टी नेताओं ने स्वागत किया। पुरी 31 अक्टूबर को विधानसभा परिसर स्थित निर्वाचन कक्ष में नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। शनिवार को पूर्वाह्न 10 बजे भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचेंगे, जहां से वे वरिष्ठ नेताओं की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण करने के उपरांत 11 बजे नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए रवाना होंगे। इस मौके पर उनके साथ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव,प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश प्रभारी एवं राष्ट्रीय महासचिव विप्लव कुमार देव, प्रदेश संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर सहित दूसरे बड़े नेता मौजूद रहेंगे। नामांकन पत्र दाखिल करने के उपरांत पुरी बीजेपी दफ्तर में वरिष्ठ नेताओं के साथ मंत्रणा करेंगे। वे संघ के पदाधिकारियों से मिल सकते हैं।



भाजपा किस मजबूरी में पुरी को भेज रही है राज्यसभा: पटवारी

कांग्रेस प्रत्याशी पर अभी नहीं लिया गया फैसला

विशेष प्रतिनिधि, भोपाल। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी को राज्यसभा उम्मीदवार बनाने के फैसले को कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने भाजपा की राजनीतिक मजबूरी बताया है। पटवारी ने सवाल किया है कि आखिर क्या मजबूरी है, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बच्चियों का शोषण करने वाले जेफरी एपस्टीन से जुड़े व्यक्ति को मध्यप्रदेश से राज्यसभा भेजना पड़ता है। पटवारी ने इसे पूरे प्रदेश का अपमान बताया है। पीसीसी चीफ पटवारी ने शुक्रवार को मीडिया से चर्चा करते हुए कहाकि वर्ष 2014 से 2017 के बीच केंद्रीय मंत्री पुरी और जेफरी एपस्टीन के बीच हुई मुलाकात व ईमेल सामने आ चुके हैं। भाजपा और केंद्रीय मंत्री पुरी को राज्यसभा चुनावों के पहले इन जानकारियों पर स्पष्ट जवाब देना चाहिए। पटवारी ने पूछा कि आखिर ऐसी क्या मजबूरी है कि उत्तर प्रदेश से राज्यसभा सदस्य रह चुके पुरी को अब मध्य प्रदेश से उम्मीदवार बनाना पड़ा? वह भी एक दलित नेता से इस्तीफा दिलवाकर पुरी को मौका दिया जा रहा है। पटवारी ने चुनौती देते हुए कहाकि भाजपा चाहे तो खुले मंच से इस मामले में बहस करने को कांग्रेस तैयार है।



सरकार के तीन साल का रिकॉर्ड खोलेगी कांग्रेस

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार के तीन साल पूरे होने पर प्रदेश सरकार हर विभाग का चिट्ठा जनता के सामने रखेगी। पीसीसी चीफ के कहाकि प्रतिदिन हर विभाग के घोटालों, झूठी घोषणाओं व अपूरे कामों को लेकर पत्रकारवार्ता आयोजित की जाएगी। वहीं देवास के शराब कांड में कैमिकल बेचने वाले कांग्रेस नेता को आरोपी बनाने पर पटवारी ने पुलिस और शासन की मुंह देखकर की गई कार्रवाई बताया। वहीं इस मामले में बयान देने वाले सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग का नाम लेसिंग घोटाले से जोड़ते हुए इस्तीफे की मांग की।

डेस्टिनेशन कैबिनेट इस बार नवंबर में गांधी सागर में संभावित

विशेष संवाददाता भोपाल। कैबिनेट बैठक अगले माह मंदसौर जिले के गांधी सागर में संभावित है। जहां किसानों से जुड़े अहम फैसले लिए जा सकते हैं। मंत्रिपरिषद कुछ सिंचाई परियोजनाओं पर भी मुहर लगा सकती है। अब तक कैबिनेट की 8 बैठक मंत्रालय से बाहर दूसरे स्थानों पर हो चुकी है। जानकारों की माने तो इस बार गांधी सागर में 17 नवम्बर को बैठक बुलाई जा सकती हैं। जानकारी के अनुसार इस संबंध में मुख्य सचिव कार्यालय के निर्देश के बाद मंदसौर के स्थानीय प्रशासन द्वारा तैयारियां प्रारम्भ कर दी गई हैं। एक दो दिन में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा इस बैठक को लेकर वहां के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ चर्चा कर सकते है। हालांकि अब तक अधिकृत तौर पर इस बैठक को लेकर कोई किसी तरह की घोषणा नहीं हुई है। बता दें कि अब तक जबलपुर में जनवरी 2024 में, दमोह सिंग्रामपुर में, इंदौर के राजबाड़ा, खरगोन के महेश्वर में, नर्मदापुरम के पचमढ़ी में, बड़वानी के भीलट बाबा देवस्थल पर, छतरपुर के खजुराहो में और भोपाल के जगदीशपुर में कैबिनेट हो चुकी हैं।

मंत्रालय में सोमवार से बदलेगी व्यवस्था हाथ के बजाय कंप्यूटर से बनेंगे एंट्री पास

थंब इंप्रेशन के बजाय चेहरे दिखाकर दर्ज होगी कर्मचारियों की हाजिरी

मुख्य संवाददाता, भोपाल। राज्य मंत्रालय वल्लभ भवन में 2 नवंबर से दो बदलाव हो जाएंगे। इस नई हाईटेक व्यवस्था को कामकाज में तेजी लाने और सुरक्षा पुख्ता करने के लिए लागू किया जा रहा है। नई व्यवस्था के तहत अब मंत्रालय में बाहर से आने वाले आगंतुकों के लिए हाथ से बनने वाले पुराने एंट्री पास हमेशा के लिए बंद कर दिए जाएंगे और उनकी जगह कंप्यूटर से डिजिटल पास जारी किए जाएंगे। इससे मंत्रालय आने वाले हर एक आगंतुक की सारी जानकारी एक क्लिक पर मिल सकेगी। दूसरी ओर, मंत्रालय के करीब 1450 अधिकारी और कर्मचारियों के लिए अब मैनुअल हाजिरी (रजिस्टर पर दस्तखत) या थंब इंप्रेशन की व्यवस्था को खत्म कर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर आधारित फेस रिकग्निशन अटेंडेंस सिस्टम अनिवार्य कर दिया गया है। सरकार की तरफ से अक्टूबर के तीसरे हफ्ते तक तीनों भवनों में यह सिस्टम लगाने के निर्देश दिए थे। 1 नवंबर को रविवार का अवकाश होने की वजह से इस नए सिस्टम का सही आकलन 2 नवंबर को ही होगा।

नहीं चलेगा मशीन खराब होने का बहाना

लंबे समय से मंत्रालय में मैनुअल अटेंडेंस या फिंगरप्रिंट (थंब) मशीनों के चलते कर्मचारियों की वास्तविक उपस्थिति की सटीक जानकारी नहीं मिल पाती थी। अक्सर यहां लगी थंब इंप्रेशन मशीनों के खराब होने की आड़ लेकर कर्मचारी अपनी सीट से गायब रहते थे। इस तरह की लगातार आ रही शिकायतों के बाद सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) ने कड़े कदम उठाए हैं। इस आधुनिक अटेंडेंस सिस्टम के तहत सभी विभागों से कर्मचारियों के नाम, पदनाम, मोबाइल नंबर और जेंडर का प्रमाणित डेटा पहले ही जुटाकर सिस्टम में फीड किया जा चुका है। आधार आधारित इस नई फेस अटेंडेंस व्यवस्था के तहत मंत्रालय के तीनों भवनों में आधुनिक स्कैनर लगाए गए हैं। जब कर्मचारी जैसे ही मंत्रालय में प्रवेश करेंगे या बाहर जाएंगे, तो उन्हें स्कैनर के सामने अपना चेहरा दिखाना होगा। यह सिस्टम एआई तकनीक की मदद से उस के साथ चेहरे में होने वाले मामूली बदलावों को भी आसानी से पहचान लेता है। इसके बाद कर्मचारी के चेहरे का मिलान आधार से जुड़े फेस ऑथेंटिकेशन सिस्टम के जरिए किया जाएगा, जिससे फर्जी उपस्थिति पर लगाम लगेगी।

हर आगंतुक की जानकारी करनी होगी फीड, तभी बन सकेगा पास: मंत्रालय की सुरक्षा और आगंतुकों की परेशानी को ध्यान में रखते हुए एंट्री पास की व्यवस्था को भी पूरी तरह हाईटेक कर दिया गया है। अब तक गेट पर रजिस्टर में लिखकर या हाथ से जो पर्चियां बनाई जाती थीं, उनकी जगह अब पूरी तरह कंप्यूटराइज्ड पास सिस्टम लागू होगा। इस नई व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए सामान्य प्रशासन विभाग ने विशेष आदेश जारी कर पांच कर्मचारियों की डयूटी भी सुरक्षा कार्यालय में लगा दी है, जो आने वाले हर आगंतुक का डिजिटल पास तैयार करेंगे।

ग्वालियर-चंबल संभाग को जल्द मिलेगी सुगम परिवहन सेवा

मंत्रालय में संचालक मंडल की पहली बैठक में कई निर्णय

विशेष संवाददाता भोपाल। भोपाल और इंदौर के उपरांत अब ग्वालियर चंबल संभाग को भी जल्द ही मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा का लाभ मिलेगा। इसके लिए शुक्रवार को अहम बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए। मंत्रालय में ग्वालियर चंबल यात्री परिवहन सेवा लिमिटेड के संचालक मंडल की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता कंपनी के अध्यक्ष एवं सचिव परिवहन मनीष सिंह ने की। इस पहली बैठक में एक लाख इक्विटी शेयरों के माध्यम से 10 लाख रूपए की अंशपूंजी के शेयर प्रमाण पत्र जारी करने और कंपनी के कार्यकारी निदेशक के तौर पर निगमायुक्त ग्वालियर अभिषेक चौधरी को नियुक्त करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में संचालक मण्डल ने कार्यकारी निदेशक के अलावा ग्वालियर विकास प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा तथा भिण्ड, दतिया, शिवपुरी, श्योपुर एवं अशोकनगर जिलों के प्रशासनिक अधिकारियों सहित नौ नामित निदेशकों की नियुक्ति को भी स्वीकृति प्रदान की है। इस निर्णय से कंपनी के संचालन में विभिन्न जिलों एवं संबंधित विभागों की सहभागिता सुनिश्चित होगी तथा क्षेत्रीय स्तर



पर बेहतर प्रशासनिक समन्वय भी बन सकेगा।कंपनी के वित्तीय प्रबंधन को व्यवस्थित करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता खोलने एवं एक लाख इक्विटी शेयरों के माध्यम से 10 लाख रूपये की अंशपूंजी के शेयर प्रमाणपत्र जारी करने का निर्णय लिया गया। बैठक में कंपनी के शेयर हस्तांतरण को भी स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही कंपनी के मेमोरेंडम एवं आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन को अंगीकृत करते हुए वित्तीय वर्ष एवं पंजीकृत कार्यालय सहित आवश्यक प्रशासनिक व्यवस्थाओं को अनुमोदित किया गया।

दिल्ली पहुंचे दिग्गज, कल मीना बाजार में होंगे एकत्रित

विशेष प्रतिनिधि, भोपाल। वोट चोरी और एसआईआर के मुद्दे पर दिल्ली में एक नवंबर को होने वाली इंडिया गठबंधन की महारैली में मध्यप्रदेश से करीब 25 हजार कार्यकर्ता शामिल होंगे। प्रदेश के सारे नेता और कार्यकर्ता दिल्ली के मीना बाजार क्षेत्र में एकत्रित होंगे, यहां से रैली निकालकर सारे कार्यकर्ता महारैली का हिस्सा बनेंगे। रैली में शामिल होने

इंडिया गठबंधन की महारैली, हर जिले को दिया 500 का टारगेट

पीसीसी चीफ जीतू पटवारी, प्रदेश संगठन महामंत्री संजय कामले, सारे विधायक और प्रदेश पदाधिकारी शुक्रवार को ही दिल्ली पहुंच गए हैं। यहां रात में ही राज्यसभा चुनाव को लेकर दोनों नेताओं प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी व कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं के साथ मंथन करेंगे। नामांकन के एक दिन पहले यानी महारैली के बाद राज्यसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस अपनी रणनीति सार्वजनिक करेगी।

हर जिले से पहुंचेंगे 500 कार्यकर्ता: इंडिया गठबंधन की इस महारैली में पहुंचने के लिए प्रदेश कांग्रेस ने ग्वालियर-चंबल क्षेत्र को छोड़कर सभी जिलों को 500-500 कार्यकर्ताओं को दिल्ली ले जाने का टारगेट दिया है। दिल्ली के नजदीक वाले ग्वालियर-चंबल के सातों जिलों को दोगुने यानी 1000 कार्यकर्ता का टारगेट दिया है। वहीं छोटे जिलों से 200 लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया जा रहा है। अंतिम समय तक प्रदेश संगठन द्वारा प्रत्येक जिले से समन्वय कर जानकारी एकत्रित की जाएगी। वहीं दिल्ली जाने में शासन-प्रशासन द्वारा रुकावट डालने पर भी पुरजोर विरोध की भी तैयारी हर जिले में की गई है।

निर्णय छह माह में नीति बनाने के निर्देश, 23 हजार कर्मचारियों को राहत की उम्मीद

रोजगार सहायकों के तबादले पर सरकार को देना होगा भत्तों का लाभ: हाई कोर्ट

जागरण, जबलपुर। हाई कोर्ट ने ग्राम रोजगार सहायकों के स्थानांतरण को लेकर अहम फैसला सुनाते हुए राज्य शासन को निर्देश दिया है कि स्थानांतरण की स्थिति में कर्मचारियों को निर्धारित यात्रा भत्ते और अन्य अनुमन्य सुविधाओं का लाभ सुनिश्चित किया जाए। जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने राज्य रोजगार गारंटी परिषद के आयुक्त को छह माह के भीतर इस संबंध में सुव्यवस्थित नीति तैयार करने के निर्देश दिए हैं। सिंगरौली निवासी अमित कुमार मिश्रा, शहडोल के शिवाकांत मिश्रा व राजेश कुमार, सागर के रानू राजपूत और टीकमगढ़ के अभिषेक पटेरिया ने 18 जुलाई 2025 को संयुक्त याचिका दायर की थी। न्यायालय ने 14 अक्टूबर को निर्णय सुरक्षित रखने के बाद अपना फैसला सुनाया।याचिका कर्ताओं की ओर से बताया गया कि ग्राम रोजगार सहायकों को लगभग 18 हजार रुपये मासिक मानदेय मिलता है। ऐसे में मूल कार्यस्थल से 100 किलोमीटर दूर पदस्थ किए जाने पर यात्रा और आवास का अतिरिक्त खर्च



उठाना कठिन हो जाता है। कोर्ट ने स्थानांतरण पर पूरी तरह रोक लगाने की मांग स्वीकार नहीं की। हालांकि, स्थानांतरण की स्थिति में कंपलसरी ट्रैवलिंग अलाउंस, यात्रा भत्ता और डोमेस्टिक अलाउंस सहित नियमानुसार देय सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस निर्णय से प्रदेश के लगभग 23 हजार ग्राम रोजगार सहायकों की सेवा शर्तों और स्थानांतरण नीति को लेकर महत्वपूर्ण पहल हुई है। छह माह में नीति तैयार होने के बाद स्थानांतरण संबंधी व्यवस्था अधिक स्पष्ट होने की उम्मीद है।

हाई कोर्ट में जजों की नियुक्ति को चुनौती, 7 नामों पर उठाए सवाल

जबलपुर। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में न्यायाधीशों की नियुक्ति में सामाजिक प्रतिनिधित्व का मुद्दा उठाते हुए ओबीसी एडवोकेट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने सुप्रीम कोर्ट कालेजियम की सात नामों की सिफारिश को चुनौती दी है। एसोसिएशन के सचिव रामभजन सिंह लोधी की ओर से हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है। इसमें 26 अक्टूबर 2026 को की गई सिफारिशों पर पुनर्विचार कराने और प्रस्तावित नियुक्तियों के वारंट जारी करने की प्रक्रिया पर अंतरिम रोक लगाने की मांग की गई है।

ये सात नाम हैं प्रस्तावित: सुप्रीम कोर्ट कालेजियम ने मप्र हाईकोर्ट में न्यायाधीश नियुक्त करने के लिए डा. विवेक शरण, राजेश कुमार शुक्ला, कनक गहरवार उर्फ कनक लता सिंह, भक्ति व्यास, श्रेयस पंडित, मृणाल एलकर उर्फ मृणाल मजूमदार और अविनाश जरगर के नामों की अनुशंसा की है।

शीतल लाइफस्टाइल में कई परिवारों ने चुना अपने सपनों का आशियाना

होशंगाबाद रोड पर शीतल ग्रुप का सर्वसुविधायुक्त आवासीय प्लॉट प्रोजेक्ट

भोपाल। राजधानी भोपाल के प्रॉपर्टी मार्केट में इतिहास रचते हुए श्री शीतल ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय शीतल लाइफस्टाइल आवास मेले का अभूतपूर्व सफलता, भारी जनसैलाब और रिकॉर्डतोड़ प्लॉट्स बुकिंग के साथ भव्य एवं ऐतिहासिक समापन हो गया है। होशंगाबाद रोड स्थित एनएच–12 की अत्यंत प्रीमियम और प्राइम लोकेशन पर आयोजित इस तीन दिवसीय मेगा एक्टेट एक्सपो में भोपाल शहर सहित आसपास के जिलों, मंडीदीप और दूर–दराज के क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में होमबायर्स, नए निवेशकों और परिवारों ने शिरकत की।

तीन दिनों तक चले इस भव्य मेले के दौरान सुबह से लेकर रात तक खरीदारों और विजिटर्स की भारी भीड़ देखने को मिली। मेले में पहुंचे लोगों ने अपने सपनों के आशियाने के लिए शीतल लाइफस्टाइल प्रोजेक्ट के प्लॉट्स की जमकर बुकिंग कराई।

होशंगाबाद रोड एन.एच–12 पर प्राइम लोकेशन एडवांटेज और बेजोड़ कनेक्टिविटी शीतल लाइफस्टाइल केवल एक प्लॉटिंग प्रोजेक्ट नहीं है, बल्कि यह आधुनिक जीवनशैली और सुरक्षित भविष्य का एक संपूर्ण ताना–बाना है। होशंगाबाद रोड (एनएच–12) पर स्थित होने के कारण यह प्रोजेक्ट शहर के प्रमुख व्यावसायिक और आवासीय केंद्रों से सीधे जुड़ा हुआ है। सुगम आवागमन यहाँ से आईएसबीटी बस स्टैंड, रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, डीआरएम ऑफिस, एमपी नगर और मंडीदीप औद्योगिक क्षेत्र तक पहुँचना बेहद आसान और त्वरित है। आसपास की सुविधाएं – प्रोजेक्ट के आसपास नामचीन अस्पताल, प्रतिष्ठित स्कूल, कॉलेज, शॉपिंग मॉल, सुपरमार्केट और दैनिक जरूरतों के बाजार आदि पहले से ही संचालित हैं।





यहाँ बसने वाले परिवारों को जीवन और गार्डन विकसित किए गए हैं। की हर सहूलियत प्रदान करते हैं। आध्यात्मिक एवं सुरक्षित परिसर मन वर्ल्ड–क्लास इंटरनेशनल एमेनिटीज की शांति और आध्यात्मिक वातावरण और आध्यात्मिक वातावरण के अनोखे के लिए कैम्पस के भीतर ही भव्य एवं संगम को शीतल लाइफस्टाइल विशाल जैन मंदिर और शिव मंदिर कैम्पस में ध्यान में रखकर पूरी तरह स्थापित किए गए हैं। साथ ही, पूरे से री–डिफाइन किया गया है। परिसर को 24×7 कवर्ड और कड़े कैम्पस के अंदर निवासियों के सुरक्षा घेरे में रखा गया है। रेरा स्वास्थ्य, मनोरंजन और विश्राम के स्वीकृत प्रोजेक्ट और ऑन–स्पॉट लिए विश्वस्तरीय सुविधाएं विकसित आसान बैंक लोन की सुविधा के साथ की गई हैं, स्पोर्ट्स और फिटनेस के यह पूरा प्रोजेक्ट रेरा से पूर्णतः लिए कैम्पस में एक बड़ा स्विमिंग पूल, स्वीकृत और वैधानिक रूप से क्लियर वेल–इक्विप्ड ओपन एयर जिम, है, जिससे निवेशकों और खरीदारों जॉगिंग एवं वॉकिंग ट्रैक, और की गाढ़ी कमाई पूरी तरह सुरक्षित मल्टीस्पोर्ट्स कोर्ट तैयार किए गए हैं। रहती है। मेले के दौरान शासकीय एवं सोशल लाइफस्टाइल एक भव्य और प्रमुख राष्ट्रीयकृत तथा प्राइवेट बैंकों अत्याधुनिक क्लब हाउस बनाया गया के प्रतिनिधि मौके पर ही मौजूद रहे, है जहाँ निवासी अपने सामाजिक जिन्होंने ग्राहकों को त्वरित कार्यक्रम और उत्सव आयोजित कर ऑन–स्पॉट होम लोन स्वीकृतियाँ सकते हैं। बच्चों और बुजुर्गों के लिए प्रदान कीं। आसान किस्तों और खास बच्चों के लिए पूरी तरह सुरक्षित आकर्षक ब्याज पर लोन की सुविधा और आकर्षक किड्स प्ले एरिया तथा उपलब्ध होने से मध्यमवर्गीय परिवारों बुजुर्गों व परिवारों के लिए विस्तृत के लिए भी प्लॉट खरीदना बेहद हरियाली से भरपूर लैंडस्केप्ड पार्क आसान साबित हुआ है।

प्रबंधन ने जताया आभार

श्री शीतल ग्रुप प्रबंधन का धन्यवाद और आभार संदेश मेले के सफल समापन के अवसर पर श्री शीतल ग्रुप के प्रबंधन ने सभी आगंतुकों, सम्मानित होमबायर्स, निवेशकों, बैंक पार्टनर्स सहृदय आभार व्यक्त किया। प्रबंधन के वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा आवास मेले में भोपालवासियों ने जो अपार प्यार, भरोसा और उत्साह दिखाया है, उसके लिए हम दिल से आभारी हैं। शीतल लाइफस्टाइल का उद्देश्य केवल प्लॉट बेचना नहीं, बल्कि लोगों को एक सुरक्षित, आधुनिक और खुशहाल जीवनशैली प्रदान करना है। हम चाहते हैं कि इस शुभ त्यौहार पर हर परिवार अपने सपनों के आशियाने की नींव रखे और अपने सुनहरे भविष्य का निर्माण करे। आगामी त्यौहार को देखते हुए कम्पनी प्रबंधन ने अभी प्रोजेक्ट में दाम नहीं बढ़ाये है, व अभी भी बुकिंग जारी रखी है।



शीतल ग्रुप के प्रोजेक्ट शीतल लाईफस्टाईल के बारे में अधिक जानकारी, बुकिंग या अभी चल रहे ऑफर के लिए कंपनी के कॉर्पोरेट ऑफिस 619, 6 वां फ्लोर, बंसल वन पर या इन नम्बरों पर संपर्क करें मो. 7880009824, 7880009821.



Advt.

वर्ष 70 ▸▸ अंक 34 ▸▸ पृष्ठ 12+8=20
भोपाल, शनिवार 31 अक्टूबर, 2026
▸▸ कार्तिक कृष्ण पक्ष 06, विक्रम संवत् 2083
▸▸ महानगर ▸▸ मूल्य 7 रुपए

दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

"कल अच्छे काम के लिए सबसे अच्छी तैयारी आज अच्छा काम करना है।"
-एल्बर्ट हबर्ड

संक्षिप्त खबरें

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश

बिना अनुमति कार्यवाही की क्लिप साझा न करें

नई दिल्ली, जेएनएन। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को अदालती कार्यवाही की ऑडियो-वीडियो क्लिप बिना अनुमति सोशल मीडिया पर अपलोड करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने इसके लिए मंत्रालय को अपनी प्रस्तावित नीति में एक ऐसा प्रावधान शामिल करने को कहा है, जिसके तहत अदालती कार्यवाही के ऑडियो-वीडियो क्लिप को बिना अनुमति अपलोड करने पर कार्रवाई की जा सके। सुप्रीम कोर्ट पहले ही अदालती कार्यवाही की ऑडियो-वीडियो क्लिप के व्यावसायिक इस्तेमाल और उन्हें सोशल मीडिया पर अपलोड करने पर रोक लगा चुका है। मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने अदालती कार्यवाही की लाइव स्ट्रीमिंग, रिकॉर्डिंग और उसे प्रकाशित करने से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान यह निर्देश दिया। पिछली सुनवाई में पीठ ने सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री को निर्देश दिया था कि इस मुद्दे पर अदालत को मिले सभी सुझाव सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के कार्यालय को भेजे जाएं। साथ ही सभी पक्षों को भी अपने सुझाव सॉलिसिटर जनरल के साथ साझा करने की अनुमति दी गई थी। सुझावों के आधार पर एक मसौदा तैयार किया जाना था, ताकि इससे निपटा जा सके।

बद्रीनाथ से देहरादून जा रहा हेलिकॉप्टर क्रैश, 6 की मौत

जोशीमठ के पास चायी गांव में बिखरे मिले हेलिकॉप्टर के टुकड़े

चमोली, जेएनएन। उत्तराखंड में शुक्रवार को बद्रीनाथ से देहरादून आ रहा एक प्राइवेट कंपनी का हेलिकॉप्टर जोशीमठ के पास हाथी पहाड़ के पीछे चायी गांव के इलाके में क्रैश हो गया। हादसे में पायलट समेत 6 लोगों की मौत हो गई। सभी के शव बरामद कर लिए गए हैं। हेलिकॉप्टर ने दोपहर करीब 1:14 बजे बद्रीनाथ से देहरादून के सहस्रधारा के लिए उड़ान भरी थी। जोशीमठ घाटी के ऊपर उड़ान के दौरान उसका संपर्क टूट गया।

इसके बाद ट्रैकिंग सिस्टम पर भी उसकी लोकेशन मिलनी बंद हो गई। यह घटना ऐसे समय हुई है, जब उत्तराखंड के कई इलाकों में खराब मौसम बना हुआ है। राज्य के कई हिस्सों में बारिश और बर्फबारी हो रही है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हादसे पर दुख जताते हुए जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मृतकों के परिवारों को हर संभव मदद दी जाएगी। घटना की तस्वीरें और वीडियो भी सामने आए हैं जो कि काफी झकझोर देने वाले हैं। उनमें हेलीकॉप्टर के परखच्चे उड़े नजर आ रहे हैं। केंद्र सरकार के मुताबिक, उत्तराखंड में 2020 से जुलाई 2025 तक 7 हेलिकॉप्टर क्रैश हुए थे। इनमें 21 लोगों की मौत हुई थी।



खराब मौसम के चलते नहीं पता चल रहा था लोकेशन

हेलिकॉप्टर ट्रांस भारत कंपनी का बताया जा रहा है। हेलिकॉप्टर की लोकेशन अचानक गायब होने के बाद उसकी तलाश शुरू की गई थी। स्थानीय प्रशासन और आपदा प्रबंधन की टीमें सर्च एंड रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी थीं। तलाशी अभियान में दो अन्य हेलिकॉप्टर भी लगाए गए थे, लेकिन खराब मौसम के चलते दुर्घटनाग्रस्त हेलिकॉप्टर की सही लोकेशन का पता लगाने में मुश्किल आ रही थी। अब चमोली पुलिस ने हेलिकॉप्टर में सवार सभी छह लोगों की मौत की पुष्टि की है। यूसीएडीए की तरफ से जारी जानकारी के मुताबिक, हेलिकॉप्टर में पायलट कैप्टन हिमांशु समेत कुल छह लोग सवार थे। पैसेंजर मैनिफेस्ट में पांच यात्रियों के नाम प्रताप, अरुण, शंकर गौड़ा, सुधीर के और एचएस नटराज दर्ज हैं। हादसे की सूचना वाले इलाके में लगातार बारिश हो रही है और घने बादल छाए हुए हैं। इससे दृश्यता काफी कम है। हादसे के बाद एहतियात के तौर पर ट्रांस भारत एविएशन के सभी हेलिकॉप्टरों की उड़ानें रोक दी गई हैं।

गोपाल भार्गव के सादू शोभित और डाटा एंट्री ऑपरेटर की 5.37 करोड़ की प्रॉपर्टी अटैच

लॉकडाउन में कागजों पर शादी कराकर किया था 30 करोड़ का घोटाला

मुख्य संवाददाता, भोपाल। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत मिलने वाले सरकारी पैसे में हुए बड़े फर्जीवाड़े को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कार्रवाई करते हुए सिरोंज जनपद पंचायत के पूर्व सीईओ शोभित त्रिपाठी और उनके सहयोगी एवं जनपद के पूर्व डाटा एंट्री ऑपरेटर हेमंत साहू की करीब 5.37 करोड़ की प्रॉपर्टी को मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अटैच कर लिया है।

पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव के सादू बताए जाने वाले शोभित त्रिपाठी पर आरोप है कि उन्होंने सिरोंज जनपद पंचायत में पदस्थ रहते हुए इस घोटाले को अंजाम दिया था। यह पूरा मामला सबसे पहले भोपाल के आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) में दर्ज हुई एक एफआईआर से सामने आया था। ईओडब्ल्यू ने शोभित त्रिपाठी और उनके साथियों पर मामला दर्ज किया था। मामले की कड़ियां जोड़ते हुए ईडी ने 2 सितंबर को आरोपी पूर्व सीईओ शोभित को गिरफ्तार किया था, जो फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। छापेमारी के दौरान एजेंसी को कई ऐसे संदिग्ध और आपत्तिजनक दस्तावेज भी मिले हैं, जिनसे इस घोटाले की परतें खुली हैं। ईडी का कहना है कि संपत्तियों को प्रोविजनल रूप से अटैच कर आगे की छानबीन की जा रही है।



शोभित त्रिपाठी

ऐसे की थी धांधली

साल 2019 से नवंबर 2021 के दौरान सिरोंज जनपद पंचायत के सीईओ रहे शोभित त्रिपाठी ने डाटा एंट्री ऑपरेटर हेमंत साहू के साथ मिलकर 30.18 करोड़ का घोटाला किया था। इस दौरान त्रिपाठी और साहू ने अपने एक अन्य सहयोगी की मदद से 5,923 फर्जी विवाह दस्तावेज लगाकर सरकारी फंड अपने और परिचितों के खाते में ट्रांसफर कर दिया था। इतना ही नहीं, इन आरोपियों ने अपात्र लोगों के नाम का इस्तेमाल कर उनकी बिना जानकारी के बैंक खाते खोले और इसी में रकम ट्रांसफर कर दी। बाद में इस रकम को किस्तों में निकाल लिया गया। मामले का खुलासा ऑडिट के दौरान हुआ क्योंकि लॉकडाउन के दौरान शादियों पर पूरी पाबंदी थी।

6 राज्यों में एसआईआर की समयसीमा बढ़ी

नई दिल्ली, जेएनएन। चुनाव आयोग ने 6 राज्यों में वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) का शेड्यूल बदल दिया। आयोग ने दिल्ली और महाराष्ट्र में मतदाताओं को नाम जुड़वाने, कटवाने या किसी गड़बड़ी पर दावा-आपत्ति दर्ज कराने के लिए अतिरिक्त समय दिया है। वहीं, आंध्र प्रदेश, हरियाणा, तेलंगाना और नगालैंड में नोटिस के निपटारे की समयसीमा बढ़ाई गई है।

नए शेड्यूल के मुताबिक, महाराष्ट्र समेत 5 राज्यों में फाइनल वोटर लिस्ट 30 नवंबर को और दिल्ली में 22 दिसंबर को जारी होगी। यह बदलाव सुप्रीम कोर्ट की उस टिप्पणी के बाद हुआ है, जिसमें छूटे हुए मतदाताओं को दावा-आपत्ति का पर्याप्त मौका देने और प्रक्रिया में जल्दबाजी न करने पर जोर दिया गया था। कोर्ट ने 28 अक्टूबर को चुनाव आयोग से पूछा था कि इन राज्यों में अभी चुनाव नहीं हैं, फिर इतनी जल्दबाजी क्यों। इसके बाद चुनाव आयोग ने यह फैसला लिया।

सोमनाथ मंदिर के पास नॉन-वेज की बिक्री पर लगी पाबंदी रद्द

गुजरात हाईकोर्ट ने कहा-कलेक्टर का आदेश गलत

गांधीनगर, जेएनएन। गुजरात हाईकोर्ट ने सोमनाथ मंदिर के आसपास बिकने वाले नॉन-वेज खाने पर सरकार की लगाई रोक रद्द कर दी है। जस्टिस निशा एम ठाकोर की बेंच ने सरकार की दलील खारिज कर दी और प्रतिबंध को रद्द कर दिया। राज्य सरकार ने सोमनाथ मंदिर के आसपास नॉन-वेज खाना बेचने पर रोक लगाई थी। कोर्ट ने माना कि कलेक्टर ने गुजरात पुलिस एक्ट की धारा 33(1)(2) के तहत अपनी शक्तियों से बाहर जाकर एक वैध व्यापार पर स्थायी रोक लगा दी, जो असंवैधानिक है। सरकार अब इस फैसले के खिलाफ डिवीजन बेंच या सुप्रीम कोर्ट में जा सकती है फिलहाल के लिए बैन खत्म है। गुजरात सरकार ने अगस्त 2026 में नोटिफिकेशन जारी किया था कि सोमनाथ मंदिर के 500 मीटर दायरे और मंदिर जाने वाले 6 मुख्य रास्तों पर नॉनवेज बनाना-बेचना पूरी तरह बैन होगा।



7 रेस्टोरेंट मालिकों ने लगाई थी याचिका

इस फैसले के खिलाफ सोमनाथ के 7 रेस्टोरेंट मालिक हाईकोर्ट गए। उनका दावा था कि- हम 20-25 साल से लाइसेंस लेकर चल रहे हैं, लेकिन सरकार इसे जबरदस्ती बंद करवा दिया। साथ ही एक व्यापारी को तो पुलिस चौकी में ले जाकर लिखवाया कि भविष्य में नॉन-वेज नहीं बेचेंगे। ये हमारे आर्टिकल 19(1)(जी)- व्यापार करने के मौलिक अधिकार का उल्लंघन है।

भूटान में ग्लेशियर झील फटने से मची तबाही, बंगाल-असम में अलर्ट

थिम्पू/कोलकाता, जेएनएन। भूटान में गुरुवार देर रात शिंताफू ग्लेशियर झील फटने से भारी तबाही हुई। पानी के तेज बहाव में यहां का मशहूर गर्म पानी का कुंड 'गासा त्साचू' पूरी तरह बह गया। पुनाखा-गासा हाईवे का एक हिस्सा भी टूट गया, जिससे यहां ट्रैफिक बंद करना पड़ा। हालांकि, अब तक किसी की मौत की खबर नहीं है। बाढ़ के पानी की वजह से पुनाखा में सोलर इरिगेशन लिफ्टिंग सिस्टम को भी नुकसान पहुंचा है, इससे काम करना ही बंद कर दिया है। झील से निकले पानी के कारण संकोश नदी का जलस्तर बढ़ गया है। यह नदी भूटान से निकलकर असम और पश्चिम बंगाल की सीमा वाले इलाकों से गुजरती है और आगे ब्रह्मपुत्र नदी में मिल जाती है। इसे देखते हुए दोनों राज्यों में अलर्ट जारी किया गया है। पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार में प्रशासन ने 10 हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थानों और राहत शिविरों में पहुंचाया है। रातभर सायरन बजाकर लोगों को जल्द से जल्द घर छोड़ने को कहा गया है।





संक्षिप्त खबरें

ओबीसी आरक्षण मामले में सीएस को भेजा गया लीगल नोटिस

भोपाल। ओबीसी आरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट में केस दायर करने की कवायद के बीच मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव को इस मामले में लीगल नोटिस भेजा है। यह लीगल नोटिस पीएससी परीक्षा के 13 प्रतिशत पद होल्ड किए जाने के मामले में हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी परिणाम घोषित नहीं किए जाने के मामले में दिया है। अधिवक्ता अंशुल तिवारी की ओर से यह नोटिस जारी किया है। तिवारी ने नोटिस जारी करने की पुष्टि करते हुए कहा कि राज्य सरकार हाईकोर्ट के आदेश पर अमल नहीं कर रही है। यह लीगल नोटिस सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों ने भेजा है। ये उम्मीदवार पीएससी की विभिन्न परीक्षाओं में 13 फीसदी श्रेणी के तहत इंटरव्यू दे चुके हैं। इनके रिजल्ट फिलहाल होल्ड हैं। बता दें कि हाईकोर्ट की जबलपुर पीठ ने 9 अक्टूबर 2026 को जारी आदेश में 27 फीसदी ओबीसी आरक्षण संबंधी एक्ट को असंवैधानिक घोषित कर दिया था। साथ ही पीएससी, ईएसबी और अन्य चयन एजेंसियों को निर्देश दिए गए थे कि प्रतियोगी परीक्षाओं में सिर्फ 14 फीसदी ओबीसी आरक्षण के आधार पर रिजल्ट जारी करें। कोर्ट ने होल्ड किए गए 13 फीसदी पद अनारक्षित श्रेणी को देने के आदेश दिए थे और इस पर अमल के लिए कहा था। अब इस मामले में लीगल नोटिस भेजा है।

उम्मीदवारों ने कहा- हाईकोर्ट के आदेश पर अमल नहीं कर रही सरकार

भोपाल में कल दीनी तकरीर, महिला पुरुषों के लिए अलग-अलग सत्र

नगर संवाददाता, भोपाल। कोलकाता के प्रसिद्ध इस्लामी विद्वान और ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य मौलाना अबू तालिब रहमानी 7 नवंबर को भोपाल आएंगे। वे यहां सेंट्रल लाइब्रेरी में आयोजित होने वाले धार्मिक एवं इस्लाही जलसा-ए-आम में शामिल होंगे और लोगों को खिताब करेंगे। आयोजकों ने बताया कि इस कार्यक्रम में महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग सत्र रखे गए हैं। महिलाओं का कार्यक्रम सुबह 10 बजे से जुहर की नमाज तक होगा। इसके लिए पर्दे की विशेष व्यवस्था की जाएगी। वहीं, पुरुषों का कार्यक्रम ईशा की नमाज के बाद आयोजित होगा। आयोजकों के मुताबिक जलसे का उद्देश्य धार्मिक और इस्लाही विषयों पर लोगों को मार्गदर्शन देना है। आयोजन समिति ने भोपाल के लोगों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

थिंक गैस के एमडी ने वैट में कमी के संबंध में मुख्यमंत्री से की मुलाकात

भोपाल। मप्र में स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने और प्राकृतिक गैस इकोसिस्टम को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में, थिंक गैस के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री अभिलेश गुप्ता ने मध्य प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव से मुलाकात की और राज्य में प्राकृतिक गैस पर मूल्य वर्धित कर (वैट) में कमी से होने वाले संभावित लाभों पर चर्चा की। बैठक के दौरान थिंक गैस के नेतृत्व ने भारत के ऊर्जा भविष्य को लेकर प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण में प्राकृतिक गैस की भूमिका को रेखांकित किया। हाल के संकट के दौरान यह स्पष्ट हो गया कि एलपीजी पर निर्भरता घटाने के कार्य में तेजी लाने की आवश्यकता है। एलपीजी से पीएनजी में रूपांतरण का वर्तमान राष्ट्रीय अभियान भी इसी दृष्टिकोण के अनुरूप है। थिंक गैस ने यह भी जोर देकर कहा कि प्राकृतिक गैस पर वैट में कमी से घरेलू पीएनजी उपभोक्ताओं के लिए किफायती दरों में उल्लेखनीय सुधार होगा, राज्य के राजस्व में वृद्धि होगी, स्वच्छ परिवहन को बढ़ावा मिलेगा और राज्य के सतत ऊर्जा भविष्य की ओर संक्रमण में तेजी आएगी।

दीपावली पूर्व कई शहरों के लिए दो गुना हुआ फ्लाइट का किराया

ट्रेनों में नो-रूम, लोग कैसे जाएं घर, विमानन कंपनियों पर सरकार का नियंत्रण नहीं

हिरदाराम नगर प्रतिनिधि। धनतेरस 6 एवं दीपावली 8 नवंबर को है। उसके बाद छठ पूजा, फिर शादियां कुल मिलाकर जो लोग अपने घरों से बाहर रहते हैं, उन्हें त्यौहार मनाने आना ही है। ट्रेनों की हालत की किसी से छुपी नहीं है, जबकि हवाई जहाज का किराया मध्यम श्रेणी तो क्या साहूकारों के लिए भी कठिन हो रहा है। अगर बात की जाए भोपाल से विभिन्न शहरों की तो दीपावली पर दो से तीन गुना अधिक किराया हो गया है, जिसे लेकर यात्रियों में परेशान हैं। बुकिंग करने पर बैंगलुरु, हैदराबाद व मुंबई, पुणे, अहमदाबाद से भोपाल तक का हवाई सफर दो गुना तक महंगा मिल रहा है। जबकि बैंगलुरु के लिए दो उड़ानों की सुविधा है और मुम्बई के लिए तीन उड़ानों की सुविधा है। दिल्ली के लिए नोएडा को मिलाकर सर्वाधिक 8 फ्लाइट हो गई हैं। अक्टूबर में ही पुणे और मुम्बई से भोपाल आने वाली उड़ानों का फेयर बढ़ा हुआ मिल रहा है पुणे से भोपाल तक की वर्तमान समय में बात करें तो यह फेयर 14 हजार के आसपास मिल रहा है वहीं साधारण दिनों में यह फेयर 7 हजार के आसपास रहता है। वहीं दिवाली के आसपास दिनों में मुम्बई, हैदराबाद, पुणे से भोपाल तक के फेयर में जबरदस्त इजाफा देखने को मिल रहा है। 5 से लेकर 8 नवम्बर तक के फेयर में काफी इजाफा है। जिन यात्रियों ने एक माह पहले दिवाली की बुकिंग की थी वो उन्हें साधारण फेयर में सुविधा मिलेगी। भले ही पूर्व की तुलना में लगभग 6 उड़ानों की संख्या अधिक हो गई है और हैदराबाद के लिए एयरक्राफ्ट की जगह 220 यात्रियों वाली एयरबस प्रारंभ की गई है बावजूद इसके किराए में कोई कमी नहीं है उल्टे दीपावली के एक दो दिन पूर्व तो किराया तीन गुना गढ़ गया है, जिस पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है। ट्रेवल्टस एजेंसी एवं आन लाइन पड़ताल के बाद किराए की राशि ने यात्रियों के होश उड़ा दिए हैं।





इस तरह किराए में भारी वृद्धि यात्रियों की कमर तोड़ रही है। सरकार को एयरलाइंस कम्पनियों पर अंकुश लगाना चाहिए क्योंकि एयर लाइंस कम्पनियां बेलगाम होती जा रही हैं

राहुल मिश्रा, जर्नी मेकर, भोपाल

ट्रेनों में जो रूम, वेटिंग क्लीयर नहीं हो रही है, आम यात्री को तत्काल नहीं मिल पा रही है, ऐसे फ्लाइट के भाड़े में जबरदस्त वृद्धि परेशान कर रही है।

ओमप्रकाश रीझवानी, जर्नी एजेंट

एक नजर में किराया

मुंबई से भोपाल

- इंडिगो-5 नवम्बर-14,776, 6 नवम्बर-15,353, साधारण दिनों में-7 हजार करीब
- एयर इंडिया एक्सप्रेस-5 नवम्बर-19,000, 6 नवम्बर-21,999, साधारण दिनों में-7,527 करीब

बैंगलुरु से भोपाल तक

- इंडिगो-5 नवम्बर को-18,440, 6 नवम्बर-23,358 साधारण दिनों में-8,365

पुणे से भोपाल तक

- इंडिगो-5 नवम्बर-14,104, 6 नवम्बर-11,462 साधारण दिनों में-7,526

हैदराबाद से भोपाल तक

- इंडिगो-5 नवम्बर-14,104, 6 नवम्बर-11,462 साधारण दिनों में-9,705

अहमदाबाद से भोपाल तक

- इंडिगो-5 नवम्बर-10,157, 6 नवम्बर-10,805 साधारण दिनों में-5,707

गैस सिलेंडर और बाइक चुराने वाली गैंग का किया भंडाफोड़

तीन गिरफ्तार, 4.78 लाख का माल जब्त

मुख्य संवाददाता, भोपाल। राजधानी में गैस गोदामों को निशाना बनाने वाले और वाहन चुराने वाले एक शातिर गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। भोपाल की गोविंदपुरा थाना पुलिस ने एक नाबालिग सहित दो आरोपियों को धर दबोचा है, जिनकी निशानदेही पर शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए चुराए गए 26 गैस सिलेंडर और 5 मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं, जिनकी कीमत 4 लाख 78 हजार है। गैंग का मास्टरमाइंड 19 साल का नीरज सोनी है, जो मूल रूप से छिंदवाड़ा के बड़कुई का निवासी है और पिछले कुछ सालों से बागसेवनियां इलाके में रह रहा है। यह अपने नाबालिग साथी की मदद से चोरी की वारदातों को पिछले एक साल से अंजाम दे रहा था। पुलिस ने चोरी का माल खरीदने वाले गिरोह के तीसरे सदस्य को भी हिरासत में लिया है। मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली थी कि गुरुवार को शक्ति नगर मार्केट के पास एक बिना नंबर की होंडा शाइन मोटरसाइकिल पर दो संदिग्ध लड़के घूम रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने घेराबंदी की। पुलिस को अपनी तरफ आते देख दोनों भागने की कोशिश करने लगे, लेकिन सतर्क पुलिसकर्मियों ने उन्हें दबोच लिया और पूछताछ के लिए थाने ले आए। थाने में जब सख्ती से पूछताछ की गई, तो आरोपियों ने कबूल किया कि उनके पास मौजूद यह मोटरसाइकिल उन्होंने नेहरू मार्केट बरखेड़ा से चुराई थी। इसके बाद जब उनसे और गहराई से पूछताछ की गई, तो एक के बाद एक कई बड़े खुलासे हुए।



इस तरह देते थे वारदातों को अंजाम: पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि उन्होंने कुछ समय पहले थाना गोविंदपुरा और बागसेवनियां इलाके से चार और मोटरसाइकिलें चुराई थीं। इसके अलावा, उनका मुख्य निशाना गैस गोदाम और ट्रक हुआ करते थे। उन्होंने रात के वक्त गैस गोदामों के बाहर खड़ी गैस ट्रकों को निशाना बनाया और दो अलग-अलग गोदामों से 10-10 करके कुल 20 गैस सिलेंडर पार कर दिए। इसके अलावा, शक्ति नगर में स्थित व्यंजन होटल के पास एक मकान से भी उन्होंने 6 गैस सिलेंडर चुराए थे। चोरी के बाद ये शातिर चोर माल को ठिकाने लगाने के लिए बीएचईएल के वीरान खंडहर क्वार्टरों का इस्तेमाल करते थे, जहां उन्होंने सारे सिलेंडर छिपा रखे थे, जबकि चुराई गई मोटरसाइकिलें अलग-अलग जगहों पर छिपाकर रखी गई थीं। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने कुल 23 गैस सिलेंडर और 5 बाइकें बरामद कर लीं।

'सत्यनिष्ठा से समृद्धि' थीम के साथ कर्मचारियों ने दिया सतर्कता और सुरक्षा का संदेश

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत आईजीआरएमएस में निकाली वॉकथॉन



जागरण, भोपाल। सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2026 के अंतर्गत इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय (आईजीआरएमएस), भोपाल में 27 अक्टूबर को वॉकथॉन का आयोजन किया गया। 'सत्यनिष्ठा से समृद्धि' (प्रॉबिटी फॉर प्रोस्पेरिटी) थीम पर आयोजित इस गतिविधि में संग्रहालय के कर्मचारियों ने भाग लिया। वॉकथॉन की शुरुआत चरैवैति परिसर से हुई। प्रतिभागी संग्रहालय परिसर की सीमा-दीवार के समीप से होते हुए गेस्ट हाउस तक पहुंचे। इस आयोजन का उद्देश्य संग्रहालय परिसर की सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सीमा-दीवार के आसपास सतर्क निगरानी के महत्व को रेखांकित करना था। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत आयोजित इस पहल के माध्यम से कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा, जिम्मेदारी और सजगता के प्रति प्रेरित किया गया। साथ ही संस्थान की सुरक्षा को लेकर सामूहिक जिम्मेदारी निभाने का संदेश भी दिया गया। उल्लेखनीय है कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह 26 अक्टूबर से 1 नवंबर 2026 तक मनाया जा रहा है।

साइबर ठगों के नए पैंतरे, ई-चालान, क्रेडिट कार्ड व मोबाइल रिसेट से उड़ाए लाखों रुपये

मुख्य संवाददाता, भोपाल। राजधानी में साइबर ठग इन दिनों नित नए और शातिर तरीके अपनाकर लोगों के बैंक खातों को खाली करने में लगे हैं। शुक्रवार को पहला मामला बागसेवनिया थाना क्षेत्र में सामने आया, जहां साकेत नगर में रहने वाले 46 वर्षीय निलेश टिल्लू साइबर ठगों का शिकार हो गए। उनके मोबाइल फोन पर 25 अक्टूबर को ई-चालान के नाम से एक संदिग्ध फाइल आई थी। जैसे ही उन्होंने उस फाइल को खोलकर देखा, तो उसमें एक रुपये का ट्रांजैक्शन करने का विकल्प नजर आया। उन्होंने पेमेंट करने की कोशिश तो की, लेकिन बाद में उसे रद्द (कैंसिल) कर दिया। उन्हें लगा कि ट्रांजैक्शन नहीं हुआ, लेकिन असली खेल इसके बाद शुरू हुआ। 28 अक्टूबर की रात करीब 9 से 10 बजे के बीच उनके बैंक खाते से धड़ाधड़ पैसे कटने के मैसेज आने लगे। जब उन्होंने बैंक स्टेटमेंट खंगाला, तो होश उड़ गए। ठगों ने सात अलग-अलग ट्रांजैक्शन के जरिए उनके खाते से 1.89 लाख रुपये से अधिक पार कर दिए थे।



रकम 19,999 रुपये से लेकर 49 हजार रुपये तक के हिस्सों में निकाली गई थी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर बैंक खातों की डिटेल खंगालनी शुरू कर दी है।

नया क्रेडिट कार्ड बना ही नहीं, उड़ा लिए 82 हजार: इसी तरह का एक और मामला जहांगीराबाद इलाके से सामने आया है। यहां बरखेड़ी में रहने वाले रियल एस्टेट कारोबारी अखिलेन्द्र जैन ठगी का शिकार बन गए। 24 अक्टूबर को उनके व्हाट्सएप पर आरबीएल बैंक के नाम से एक लिंक आई थी। उसे खोलने के बाद खुद को बैंककर्मी बताने वाले एक व्यक्ति ने फोन पर उनसे गोपनीय जानकारियां हासिल कर लीं। इसके बाद उनके पुराने क्रेडिट कार्ड से 70 हजार से अधिक रुपये कट गए, हालांकि शिकायत के बाद वह रकम वापस मिल गई थी। इसके बाद उन्होंने पुराना कार्ड ब्लॉक करवाकर नया क्रेडिट कार्ड मंगवाया।

मोबाइल रीसेट करते ही कट गई रकम

तीसरी घटना शाहपुरा इलाके की है, जहां एक युवक का मोबाइल अचानक रिसेट होने के बाद उसके खाते से रकम साफ हो गई। शाहपुरा निवासी 26 वर्षीय ऋषि जाट 29 अक्टूबर को रातीबड़ स्थित आईईएस आयुर्वेदिक अस्पताल गए थे। अस्पताल में अचानक उनका मोबाइल फोन अपने आप रिसेट होने लगा। दोपहर के वक्त जब उन्होंने चाय-नाश्ते का ऑनलाइन भुगतान करने के बाद अपने बैंक के मैसेज चेक किए, तो उनके खाते से 30 हजार रुपये कट चुके थे। बैंक जाकर स्टेटमेंट निकलवाने पर ऑनलाइन ठगी की पूरी पुष्टि हुई। ऋषि ने तुरंत साइबर हेल्पलाइन पर इसकी शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

कांग्रेस ने फूंका पुतला, ब्लॉक स्तर तक होगा प्रदर्शन



विप्र, भोपाल। राज्यसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी हरदीप सिंह पुरी के भोपाल पहुंचने पर कांग्रेस के संगठनों ने राजधानी में प्रदर्शन कर पुतला दहन किया। प्रदेश संगठन के निर्देश पर प्रदेश भर में ब्लॉक स्तर तक प्रदर्शन किए जाएंगे। शुक्रवार शाम राजधानी में जिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस और भाराछासं द्वारा पीसीसी के सामने और बरखेड़ा पठानी में पुरी के पुतले जलाए। प्रदेश कांग्रेस ने सभी जिलाध्यक्षों को राज्यसभा चुनाव तक प्रदर्शन करने के निर्देश दिए हैं। शनिवार को राजधानी में नामांकन जमा करने विधानसभा जाने वाले भाजपा प्रत्याशी को कांग्रेस रास्ते में काले झंडे दिखाएगी। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी का कहना है कि कांग्रेस इस मुद्दे को प्रदेश की जनता के बीच लेकर जाएगी। कांग्रेस ने इसे मध्य प्रदेश के राजनीतिक सम्मान व महिलाओं की गरिमा की लड़ाई बताया है।

विशेषज्ञों ने दी डिजिटल सुरक्षा, सावधानियों और कानूनी अधिकारों की जानकारी

साइबर धोखाधड़ी से बचने के लिए सतर्कता और समय पर शिकायत करना भी जरूरी

जागरण, भोपाल। डिजिटल सुविधाओं के बढ़ते इस्तेमाल के साथ साइबर अपराधों से बचाव और सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार की जागरूकता भी जरूरी हो गई है। इसी उद्देश्य से आंचलिक विज्ञान केंद्र, भोपाल में 30 अक्टूबर को भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के सहयोग से राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह 2026 के तहत 'साइबर स्मार्ट भारतः आज सुरक्षित, कल सशक्त' विषय पर पैनल चर्चा आयोजित की गई। इसमें पुलिस, बैंकिंग, कंप्यूटर साइंस और कानून के विशेषज्ञों ने साइबर धोखाधड़ी से बचने के उपाय साझा किए।



साइबर सुरक्षा के लिए विशेषज्ञों ने दिए जरूरी सुझाव

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त शैलेन्द्र चौहान ने व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा और साइबर धोखाधड़ी होने पर तत्काल पुलिस में शिकायत करने की सलाह दी। एसबीआई बैंकिंग लोकपाल कार्यालय की सहायक महाप्रबंधक बेबी मंडल ने बताया कि वित्तीय धोखाधड़ी के बाद शुरुआती समय यानी 'गोल्डन आवर्स' में शिकायत करना बेहद जरूरी है। इससे नुकसान रोकने की संभावना बढ़ती है। मैनिट की डॉ. श्वेता भंडारी ने अनजान खोतों से ऐप डाउनलोड न करने, अनावश्यक परमिशन नहीं देने और मोबाइल ऐप अपडेट रखने की बात कही। वहीं, एनएलयूआई के डॉ. ओम मिश्रा ने साइबर अपराधों से जुड़े कानूनी अधिकारों और नागरिकों की जिम्मेदारियों पर जानकारी दी। चर्चा का संचालन केंद्र प्रमुख साकेत सिंह कौरव ने किया। विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों के सवालों के जवाब भी दिए। कार्यक्रम में सुरक्षित डिजिटल व्यवहार को हर नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी बताया गया।

ड्रग्स के खिलाफ होगी निर्णायक लड़ाईः सीएम

विशेष संवाददाता भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार युवा पीढ़ी को नशे के दुष्प्रभावों से सुरक्षित रखने के लिए संकल्प के साथ काम कर रही है। इसके लिए वर्ष 2029 तक ड्रग्स और नशे के विरुद्ध निर्णायक लड़ाई लड़ने का संकल्प लिया गया है। सीएम शुक्रवार को गोटेगांव में आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा किप्रदेश सरकार ने सामाजिक बुराइयों को दूर करने और धार्मिक वातावरण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रदेश की 19 धार्मिक नगरों में शराबबंदी का निर्णय लिया है। सरकार का प्रयास है कि समाज को व्यसन और अन्य बुराइयों से मुक्त बनाने के लिए हरसंभव पहल की जाए। उन्होंने कहा कि मनुष्य को परमात्मा ने जो जीवन और सांसें प्रदान की हैं, उनका सदुपयोग अच्छे कर्मों और श्रेष्ठ संस्कारों के लिए करना चाहिए। जन्म और मृत्यु परमात्मा की व्यवस्था का हिस्सा हैं। हमारी संस्कृति में मानव जीवन के कर्तव्यों और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत की सनातन संस्कृति और आध्यात्मिक परंपराओं का गौरव विश्वभर में स्थापित हो रहा है।

बीएमएचआरसी के विद्यार्थियों ने जीते पहले और दूसरे पुरस्कार

नगर संवाददाता, भोपाल। आईसीएमआर स्मारक अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र (बीएमएचआरसी) के पैथोलॉजी विभाग के विद्यार्थियों ने साइटोलॉजी सीएमई में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पहले और दूसरे पुरस्कार पर कब्जा जमाया। पीपुल्स हॉस्पिटल में 23 और 24 अक्टूबर को आयोजित दो दिवसीय सीएमई रीड द स्मीयर साइटोलॉजी 2026 में संस्थान के प्रथम वर्ष के पीजी विद्यार्थियों डॉ. विकास पाटीदार और डॉ. नूरीन ताज ने पोस्टर प्रस्तुति प्रतियोगिता में भाग लिया। इसमें डॉ. विकास ने प्रथम और डॉ. नूरीन ने द्वितीय पुरस्कार हासिल किया। कार्यक्रम में बीएमएचआरसी के पैथोलॉजी विभाग की डॉ. हन्नी गुलवानी और डॉ. सुखप्रीत कौर ने विभिन्न वैज्ञानिक सत्रों की अध्यक्षता की। उन्होंने अकादमिक चर्चाओं में भी हिस्सा लिया। सीएमई में साइटोलॉजी से जुड़ी जांच और निदान के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। बीएमएचआरसी की निदेशक डॉ. मनीषा श्रीवास्तव ने इस उपलब्धि पर चिकित्सकों और विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान और अकादमिक गतिविधियों को बढ़ावा देना संस्थान की प्राथमिकताओं में शामिल है। इस तरह की उपलब्धियां विद्यार्थियों को अपने ज्ञान और कौशल को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित करती हैं।

मप्र के 71वें स्थापना दिवस पर 1 से 3 नवंबर तक

लाल परेड में तीन दिन सजेगा सांस्कृतिक उत्सव

मोनाली ठाकुर और मामे खान देंगे संगीत प्रस्तुतियां

जागरण, भोपाल। मध्यप्रदेश के 71वें स्थापना दिवस के अवसर पर 1 से 3 नवंबर तक लाल परेड ग्राउंड में तीन दिवसीय राज्योत्सव आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 1 नवंबर को सुबह 11 बजे विकास प्रदर्शनियों का उद्घाटन और शाम 6:30 बजे मुख्य सांस्कृतिक समारोह का शुभारंभ करेंगे। इस वर्ष आयोजन की थीम 'विरासत से विकास के पथ की ओर अग्रसर प्रदेश' रखी गई है। उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ प्रदेश की उपलब्धियों, लोककलाओं, कृषि और महिला उद्यमिता की झलक देखने को मिलेगी।

तीनों दिन होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रदर्शनियां



पहले दिन 1 नवंबर को 71 बच्चे सामूहिक रूप से 'वन्दे मातरम्' का गायन करेंगे। इसके बाद पुलिस बैंड की प्रस्तुति और आतिशबाजी होगी। शाम का मुख्य आकर्षण राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार विजेता गायिका मोनाली ठाकुर का सुगम संगीत रहेगा। दूसरे दिन 2 नवंबर को मध्यप्रदेश सहित विभिन्न राज्यों के 20 से अधिक लोक एवं जनजातीय नृत्यों की प्रस्तुतियां होंगी। साथ ही 'अनुगूँज' वाद्य संगीत कार्यक्रम आयोजित होगा। तीसरे दिन 3 नवंबर को लोक नृत्यों के बाद राजस्थान के प्रसिद्ध लोक गायक मामे खान अपनी प्रस्तुति देंगे। तीनों दिन आधुनिक कृषि प्रदर्शनी, महिला उद्यमिता मंडप, विकास दीर्घा, हस्तशिल्प और देशज व्यंजन मेले भी आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

दैनिक जागरण
वर्गीकृत

जागरण क्लासीफाइड
डबल धमाका
हमारा वादा, कम में ज्यादा
एक के साथ एक फ्री
दैनिक जागरण/साप्ताहिक के साथ
भोपाल संस्करण ₹300/- ₹500/-
विज्ञापन कृपित न हेतु संपर्क करें
9826065324

सलाह
पाठकों को सलाह दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्रवाई करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। यह समाचार पत्र विज्ञापनदाता द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के दावे/प्रस्तुतीकरण के लिए जिम्मेदार नहीं है। -व्यवस्थापक

अण्डा
BHOPAL EGG RATE 640/-
Rate Suggested by RS Agro P.I.P.L. and Associated Poultry farmers.

‘अर्णब’ ने गिराया भोपाल का पारा, दिन और रात में सिर्फ 4.8 डिग्री का फासला

24.8 डिग्री रहा दिन का अधिकतम तापमान, हल्की बारिश से दिनभर ठंडा रहा मौसम

नगर संवाददाता, भोपाल। चक्रवाती तूफान अर्णब के कारण जहां तटीय राज्यों में तबाही देखने को मिल रही है। वहीं मप्र की राजधानी भोपाल में तेज ठंड महसूस हो रही है। आसमान में दिन भर बादल छाए रहने के कारण लोगों को सर्दी का एहसास हुआ। मप्र के 30 से ज्यादा जिलों में हल्की से लेकर भारी बारिश भी दर्ज की गई। जबकि भोपाल में हल्की बूंदाबादी के साथ पारे में गिरावट दर्ज की। इस साल पहली बार शहर का अधिकतम तापमान 24.8 डिग्री दर्ज किया गया। जो कि सामान्य से 6.8 डिग्री कम था। एक दिन पहले अधिकतम पारा 26 डिग्री पर था। चक्रवात के कारण इसमें गिरावट आई है। वहीं बात करें न्यूनतम तापमान की तो भोपाल में यह 20 डिग्री दर्ज किया गया। इस तरह दिन व रात के पारे में सिर्फ 4.8 डिग्री का फर्क रहा। मौसम केंद्र भोपाल से मिली जानकारी अनुसार तूफान अब धीरे धीरे कमजोर पड़ रहा है, लेकिन यह निम्न दाब में बदल रहा है। इस कारण अगले कुछ दिन मप्र के कुछ जिलों में हल्की बारिश की संभावना बनी हुई है। भोपाल में शनिवार को हल्की बौछारों के साथ बादल छाए रहने की संभावना जताई गई है।



अनूपपुर में 77 और अमरकंटक में 55 मिली मीटर बारिश

24 घंटे में तूफान से मप्र के 30 से अधिक जिलों में वर्षा दर्ज की गई है। सबसे ज्यादा बारिश अनूपपुर में हुई है। बारिश का आंकड़ा 77 मिली मीटर रहा। इसके बाद अमरकंटक में 55, सिंगरौली में 50, सिहावल में 44, बरहाई में 40, बिजुरी व बुढ़ार में 36 एमएम वर्षा दर्ज की गई है। जबकि शुक्रवार दिन भर की बात करें तो छतरपुर के खजुराहो, राजगढ़ और सीधी में सर्वाधिक तीन-तीन मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई। इसके अलावा नौगांव में 2.0 मिलीमीटर, सतना, शिवपुरी, टीकमगढ़ व उमरिया में 1.0 मिलीमीटर, दतिया में 0.8 मिलीमीटर, सागर में 0.7 मिलीमीटर और जबलपुर, मलाजखंड और रीवा में 0.4 मिलीमीटर पानी गिरा।

अर्णब कमजोर होकर लो प्रेशर में बदला

मौसम विज्ञानी वहीद खान ने बताया कि तूफान अर्णब कमजोर होकर लो प्रेशर में बदल चुका है, जो वर्तमान में उत्तरी छत्तीसगढ़ पर स्थिर है। इसके साथ ही दो ट्रफ लाइनें जुजर रही हैं एक उत्तर-पश्चिम यूपी की ओर और दूसरी पूर्वी अरब सागर से महाराष्ट्र तक। इन तीन प्रणालियों के संयुक्त प्रभाव से शनिवार को उत्तर व पूर्वी मध्य प्रदेश में हल्की वर्षा होने की संभावना जताई गई है। रविवार से मौसम साफ होने लगेगा।

फूड की टीम स्कूल-कॉलेजों की कैंटीन में पहुंचेगी, चूहे भी ढूंढ़ेगी

छात्रावासों के खाने में शिकायतों को लेकर खाद्य विभाग सक्रिय

विशेष प्रतिनिधि, भोपाल। राजधानी के सरकारी और प्रायवेट स्कूल-कालेजों के छात्रावासों के खाने में लगातार मिल रही शिकायतों को लेकर खाद्य विभाग की सक्रिय हो गया है। खाद्य विभाग ने सभी स्कूल-कालेजों की कैंटीन में जांच के लिए दो टीमों का गठन किया है। ये टीमें हर कैंटीन में जाकर खाद्य सामग्री की जांच करेंगी। भोजन के साथ ही कैंटीन की व्यवस्था, पानी की गुणवत्ता के साथ ही साफ-सफाई और चूहों की मौजूदगी भी टीम देखेंगी। बीते एक महीने में शहर के करीब आधा दर्जन स्कूल-कालेजों में प्रदूषित खाने से विद्यार्थी बीमार हो चुके हैं। अनुसूचित जाति के पंचशील नगर स्थित छात्रावास की छात्राएं तो दो बार सड़क पर आ चुकी हैं। वहीं मुगालिया छाप क्षेत्र में श्रमोदय आवासीय विद्यालय के होस्टल के खाने में छिपकली मिलने के बाद 13 बच्चे दो दिन तक जेपी अस्पताल में भर्ती रहे। इसके अलावा नामी प्रायवेट स्कूलों के मामले भी सामने आ चुके हैं। एक विश्वविद्यालय में भी छात्र होस्टल के खाने को लेकर हंगामा कर चुके हैं। अजा छात्रावास व श्रमोदय विद्यालय के मामलों के बाद कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने खाद्य सुरक्षा की जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक बुलाकर जांच करने को कहा था। अब सारे स्कूल-कालेजों की कैंटीन की जांच के लिए जिला प्रशासन ने दो टीमों का गठन कर दिया है। ये टीमें सभी हॉस्टल, स्कूल-कॉलेज में संचालित मेस व कैंटीन में निरीक्षण करने पहुंचेंगी।



सभी कैंटीन में साफ-सफाई, छात्रों के आवास क्षेत्र की सुविधाओं, कैंटीन में खाद्य सामग्री के भंडारण, कर्मचारियों की सेहत व उपकरणों के साथ ही चूहों की मौजूदगी को लेकर भी निरीक्षण करेगी। वहां तैयार खाद्य सामग्री व खाना बनाने उपयोग होने वाली सामग्री के सैंपल भी एकत्रित कर लैब में भेजे जाएंगे। लैब की टेस्ट रिपोर्ट में गड़बड़ी मिलने पर जिम्मेदारों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की अनुशंसा भी की जाएगी।

टीमों में इन्हें बनाया सदस्य : जिला खाद्य विभाग द्वारा जांच के लिए दो टीमें बनाई गई हैं। पहली टीम में फूड इंस्पेक्टर जेपी तवंशी, वर्षा व्यास और अर्चना प्रभाकर को रखा गया है। जबकि दूसरी टीम में फूड इंस्पेक्टर जगदीश विश्वकर्मा, साधना सक्सेना और पूजा शाक्य शामिल किए गए हैं।

दोस्तों के साथ बाइक राइड पर निकले युवक की हादसे में मौत

मुख्य संवाददाता, भोपाल। दुबई की आईटी कंपनी में काम करने वाले 36 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर की गुरुवार सुबह सड़क हादसे में जान चली गई। मृतक अपने दोस्तों के साथ सुबह बाइक राइडिंग का लुत्फ उठाने कोलार डैम की ओर निकला था। रास्ते में गिट्टी पर बाइक फिसलने से हादसा हो गया। मृतक 15 दिन पहले ही दुबई से घर भोपाल लौटा था। मृतक का नाम काशिफ अहमद है, जो कोहेफिजा स्थित बीडीए कॉलोनी निवासी था। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि काशिफ जब कजलीखेड़ा इलाके के ग्राम गोल जोड़ के पास पहुंचे, तो सड़क पर बिखरी गिट्टी के कारण उनकी बाइक के पहिए अचानक फिसल गए। संतुलन बिगड़ने की वजह से बाइक पहले डिवाइडर पर चढ़ी और फिर सड़क किनारे बनी चाय की टपरी को चकनाचूर करते हुए सीधे एक पेड़ से जा टकराई। हादसे में काशिफ सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गए और पेड़ से सीधी टक्कर होने की वजह से उनके सीने और शरीर के अंदरूनी हिस्सों में बेहद गंभीर चोटें आई थीं। पीछे कार से आ रहे दोस्त ने तुरंत उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया और परिजनों को सूचना दी।

बाघ भ्रमण क्षेत्र में नियम विरुद्ध पेड़ों की कटाई

जागरण संवाददाता, भोपाल। बाघ भ्रमण क्षेत्र में नियम विरुद्ध से वृक्षों की कटाई और टावर निर्माण का मामला सामने आया है। पर्यावरण कार्यकर्ता राशिद नूर खान ने कलेक्टर एवं नगर निगम आयुक्त को पत्र सौंपकर चंदनपुरा बाघ क्षेत्र, कलियासोत बांध डूब क्षेत्र और खुशीलाल अस्पताल के पीछे दी गई पेड़ काटने की अनुमतियों को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की मांग की है। शिकायतकर्ता के अनुसार, चंदनपुरा स्थित 13 शटर बाघ भ्रमण क्षेत्र के पास मप्र पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड द्वारा टावर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। कर्मचारियों से अनुमति पत्र मांगने पर जो दस्तावेज दिखाए गए, उनमें कार्यस्थल का पता चंदनपुरा बाघ क्षेत्र दर्शाने के बजाय खुशीलाल अस्पताल के पीछे एवं कलियासोत बांध का डूब क्षेत्र अंकित था। सघन वन और ग्रीन बेल्ट के पेड़ों को बचाने के बजाय गलत पते की आड़ में कटाई की जा रही है। पत्र में बताया गया कि नगर निगम उद्यान विभाग द्वारा 18 जून और 23 जुलाई 2026 को जारी अनुमतियों के तहत क्रमशः 24 और 61 वृक्षों की कटाई की मंजूरी दी गई थी। पूर्व में भी वन विभाग द्वारा इस क्षेत्र में जारी गतिविधियों पर रोक लगाई जा चुकी है। इसके बावजूद सघन वन क्षेत्र के पते में हेरफेर कर प्राकृतिक आवास और जल स्रोतों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। कलेक्टर एवं निगम आयुक्त से मांग की गई है कि इस पूरे मामले में चल रहे निर्माण व कटाई कार्य को तुरंत रुकवाया जाए।

कलेक्टर से अनुमति निरस्त करने की मांग

कलियासोत के एफटीएल में कई अतिक्रमण चिह्नित

एनजीटी के निर्देश पर कलियासोत और केरवा का विस्तृत सर्वे पूरा

जागरण संवाददाता, भोपाल। एनजीटी के समक्ष संयुक्त समिति ने कलियासोत और केरवा जलाशयों के एफटीएल और बफर जोन के निर्धारण को लेकर विस्तृत तकनीकी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी। संयुक्त समिति ने दोनों जल स्रोतों के आसपास अतिक्रमण, जल फैलाव और पर्यावरणीय नियमों के पालन की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया है। कलियासोत जलाशय के संबंध में रिपोर्ट में बताया गया है कि 8 सितंबर 2026 को मैसर्स जियोलिंक सर्वे द्वारा अधिकृत ड्रोन सर्वेक्षण पूरा किया गया। इस 10.8 वर्ग किलोमीटर के सर्वेक्षण क्षेत्र में 505.67 मीटर के निर्धारित एफटीएल और उसके चारों ओर 33 मीटर तथा 50 मीटर के बफर जोन का डिजिटल मानचित्रण किया गया। निरीक्षण के दौरान सिराज रिजॉर्ट, बफेलो यार्ड, फिश फार्म के पीछे, विस्परिंग पाम्स और ईडन रेस्टोरेंट के पास ग्रीष्मकाल में लगाए गए मुन्नार/पिलर पानी में डूबे हुए पाए गए। दूसरी ओर, केरवा जलाशय में स्पिल-वे चैनल की मरम्मत कार्य के कारण जल स्तर एफटीएल तक नहीं पहुंच पा रहा था और पानी अनियंत्रित रूप से बाहर बह रहा था? एनजीटी के 15 सितंबर 2026 के कड़े आदेश के अनुपालन में जल संसाधन विभाग ने तत्परता दिखाते हुए 15 सितंबर को ही निर्माणाधीन स्पिल-वे के एप्रोच चैनल में मिट्टी का कच्चा बांध (कोफर डैम) बनाकर इस जल प्रवाह को रोक दिया। जल स्तर नियंत्रित होने के बाद समिति और विशेषज्ञ सदस्यों की उपस्थिति में 22 से 24 अक्टूबर 2026 के बीच केरवा बांध का उच्च-शुद्धता वाला डीजीपीएस कंटूर सर्वेक्षण किया गया। 509.93 मीटर की एफटीएल ऊंचाई को आधार मानकर 23.92 किमी लंबी परिधि का चप्पे-चप्पे पर भौतिक सत्यापन किया गया और लीका जीएस-14 रोवर की मदद से सटीक कोऑर्डिनेट दर्ज किए गए।

हमीदिया में मिला महिला को बेहतर इलाज, दिया स्वस्थ बच्चे को जन्म

गर्भाशय के बाहर विकसित हो गया भ्रूण, डॉक्टरों ने कराया सुरक्षित प्रसव

नगर संवाददाता, भोपाल। सामान्यतः एक महिला के पेट में बच्चे का निर्माण गर्भाशय के अंदर होता है। जिसे सुरक्षित गर्भधारण कहा जाता है, लेकिन हमीदिया अस्पताल में एक ऐसा केस आया। जिसमें बच्चा महिला के गर्भाशय के बाहर एब्डॉमिनल में विकसित हो रहा था। इस स्थिति को देख चिकित्सक हैरान हो गए और उन्होंने तुरंत महिला की अपनी निगरानी में लिया। ऐसी दुर्लभ और जटिल स्थिति का हमीदिया अस्पताल के डॉक्टरों ने सफलतापूर्वक उपचार किया है। स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की टीम ने सेकेंडरी एब्डॉमिनल प्रेग्नेंसी का ऑपरेशन कर 2.4 किलोग्राम वजन के स्वस्थ शिशु का जन्म कराया। जटिल सर्जरी के बाद मां और नवजात दोनों की हालत स्थिर रही और उन्हें स्वस्थ अवस्था में अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। इस तरह के मामलों में ऑपरेशन के दौरान अत्यधिक सावधानी बरतनी पड़ती है, क्योंकि गर्भाशय के बाहर विकसित हो रही गर्भावस्था में गंभीर रक्तस्राव और अन्य जटिलताओं का खतरा रहता है। यह ऑपरेशन गांधी मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ. कविता सिंह, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रेखा वाधवानी और एनेस्थीसिया विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सोनल अवासे के मार्गदर्शन में किया गया। सीनियर गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. पल्लवी सिंह और डॉ. नंदिनी सिंह ने ऑपरेशन की जिम्मेदारी संभाली। एनेस्थीसिया टीम में डॉ. संदीप राठौर और सीनियर रेजिडेंट डॉ. शेरिन शामिल रहे। ऑपरेशन में दोनों विभागों के जूनियर रेजिडेंट डॉक्टरों ने भी सहयोग किया। सेकेंडरी एब्डॉमिनल प्रेग्नेंसी में भ्रूण गर्भाशय के बाहर विकसित होता है। यह सामान्य गर्भावस्था से अलग और बेहद दुर्लभ स्थिति है। इसमें गर्भावस्था के दौरान मां के आंतरिक अंगों और रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचने तथा अत्यधिक रक्तस्राव का जोखिम रहता है। इसलिए ऐसे मामलों में समय पर निर्णय और विशेषज्ञों की संयुक्त टीम की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। हमीदिया अस्पताल की टीम ने बेहतर समन्वय और चिकित्सकीय सूझबूझ से इस चुनौतीपूर्ण मामले का सफल प्रबंधन किया।



गुजरात सरकार
राष्ट्रीय एकता दिवस
31 अक्टूबर, 2026
लौह पुरुष सरदार पटेल का संकल्प, हमारी प्रेरणा
नमन उन जांबाज़ों को, जिन्होंने बनाए रखी हमारी अखंडता
श्री नरेन्द्रभाई मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
श्री भूपेन्द्रभाई पटेल
माननीय मुख्यमंत्री, गुजरात
राष्ट्रीय एकता दिवस
31 अक्टूबर 2026
आइए एकता नगर, गुजरात
प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्रभाई मोदी जी के साथ भव्य परेड के साक्षी होकर भारत को नक्सल-मुक्त बनाने में योगदान देने वाले केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों एवं राज्य पुलिस बलों के शौर्य, साहस और सर्वोच्च बलिदान का सम्मान करें।
परेड के मुख्य आकर्षण
नक्सल-विरोधी अभियानों में जुटे केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों एवं राज्य पुलिस बलों की परेड
नक्सल-विरोधी अभियान ड्रॉन स्क्वैड
जीवंत झांकियां - जन संकल्पना से सृजित
नक्सल-मुक्त भारत पर आदिवासी कलाकारों द्वारा नाट्य प्रस्तुति
5000 कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का मंचन
विद्यार्थियों द्वारा बैंड प्रदर्शन
नशा-मुक्त भारत का संदेश देती राष्ट्रीय मोटरसाइकिल रैली
भव्य आतिशबाज़ी
सुबह 9:00 बजे प्रधानमंत्री जी द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल की पद-पूजा और शाम 5:30 बजे से परेड का डीडी न्यूज़ पर जीवंत प्रसारण
जानकारी और ठहरने की बुकिंग के लिए स्कैन करें / विज़िट करें
rashtriyaektadiwas.com
“स्टैच्यू ऑफ यूनिटी मात्र एक विशाल प्रतिमा नहीं, बल्कि अखंड भारत के अटूट संकल्प और राष्ट्रीय एकता का विश्वव्यापी गौरव-प्रतीक है।”
- हर्ष संघवी, उपमुख्यमंत्री, गुजरात

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

सीमित चुनावों के बड़े संकेत एक अलार्म

विधान परिषद के चुनावों में कांग्रेस बुधवार देर रात नागपुर स्नातक सीट जीत कर सभी को चौंका दिया। नागपुर की जीत 'प्रतीकात्मक' है, क्योंकि यहां आरएसएस का मुख्यालय है और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी यहां से सांसद हैं। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस भी नागपुर की एक सीट से विधायक हैं। क्या नागपुर में स्नातक युवाओं पर संघ परिवार का मानसिक और नैतिक प्रभाव कम हुआ है? उप में प्रधानमंत्री मोदी के चुनाव क्षेत्र वाराणसी में शिक्षक और स्नातक सीटें समाजवादी पार्टी ने जीती हैं। इस सीट पर प्रधानमंत्री की सांसद के तौर पर जीत का अंतर भी काफी कम हुआ था, लिहाजा यह भाजपा की नई चिंता होनी चाहिए कि शिक्षक और स्नातक जैसा शिक्षित वर्ग क्या भाजपा से विमुख हो रहा है? छिटक रहा है? लखनऊ केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का चुनाव क्षेत्र है और गोरखपुर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का गृह-गढ़ है। लखनऊ में भाजपा की पराजय हुई है और गोरखपुर में 'दूसरी वरीयता' के स्तर पर मात्र 307 मतों से जीत पाई है। इलाहाबाद (अब प्रयागराज) भी भाजपा का गढ़ है। वहां से भी सपा ने जीत हासिल की है। उप में मार्च, 2027 में विधानसभा चुनाव होने हैं। बेशक विधान परिषद के चुनाव 'सीमित' होते हैं, फिर भी हजारों मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं। यह भी जनादेश से कमतर नहीं माना जा सकता। कमोबेश इनके नतीजों से स्पष्ट संकेत मिलते हैं, लिहाजा दल सबक भी ले सकते हैं। उप में आम विधानसभा चुनाव से पहले ही समीकरण बदलते लग रहे हैं। यदि सपा-कांग्रेस ने वाकई गठबंधन में चुनाव लड़ा, तो नतीजे 'अप्रत्याशित' भी हो सकते हैं! अलबत्ता विधान परिषद की कुल 28 में से 16 सीटें भाजपा ने जीती हैं, इसलिए संतोष किया जा सकता है।

यह जीत भाजपा-एनडीए की साझा जीत है। उप में कुल 11 सीटों में से भाजपा के हिस्से 6 और सपा के हिस्से 5 सीटें आई हैं। भाजपा पिछले चुनाव की तरह ही है, लेकिन सपा ने 2 सीटों की बढ़त बनाई है, संकेत स्पष्ट हैं कि भाजपा के सामने चुनावी चुनौतियां हैं। जनादेश इतना आसान, सहज, सरल नहीं होगा। सबसे चौंकाऊ नतीजा यह रहा है कि कर्नाटक में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया है।

सभी चारों सीटों पर भाजपा-जद (एस) का कब्जा हो गया है। कर्नाटक में कांग्रेस सत्तारूढ़ है। मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार 'चुनावी सियासत' के चाणक्य माने जाते रहे हैं। बेंगलुरु में पुट्टपा परिषद की शिक्षक वर्ग सीट से 5 बार निर्वाचित हो चुके हैं और परिषद के उपाध्यक्ष भी रहे हैं, लेकिन इस बार वह सीट जद-एस ने छीन ली है। शेष तीनों सीटों पर भाजपा विजयी रही है। यह 2028 के विधानसभा चुनाव के मद्देनजर 'बदलाव का संकेत' है। महाराष्ट्र में भाजपा-महायुति दावा कर रहे थे कि वे पांचों सीटों पर 'क्लीन स्वीप' करेंगे, लेकिन 'बुजुर्ग चाणक्य' शरद पवार और कांग्रेस ने तीन सीट जीत कर तमाम समीकरण बदल दिए और सत्ता के दावे ध्वस्त कर दिए। भाजपा-शिवसेना (शिंदे) के हिस्से 1-1 सीट ही आई। बिहार में एनडीए ने अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन किया, लेकिन वे प्रशांत किशोर की 'जनसुराज पार्टी' की एक सीट पर जीत को रोक नहीं पाए। बहरहाल सबसे संवेदनशील राज्य उप रहा, जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सनातन, श्रीराम, माफिया, बुलडोजर आदि के जरिए आक्रामक प्रचार करने में जुटे हैं। विपक्ष में सपा-कांग्रेस की सीटें अभी तय नहीं हो पाई हैं। तीसरे पक्ष के तौर पर ओवैसी मुसलमानों को लामबंद करके अपनी पार्टी का खाता खोलने में जुटे हैं। उप विधानसभा में कुल 403 सीटें हैं। यह चुनाव भी मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार गुप्ता की ही सरपरस्ती में हुआ है। 'वोट चोरी' का मुद्दा उछालने के बाद विपक्ष और खासकर कांग्रेस कुछ चुनाव हारी है, लेकिन अप्रत्याशित जीत भी दर्ज की गई हैं।

प्रसंगवश

सैटेलाइट इंटरनेट: कब दूर होगी नीतिगत असंगति?

भारत में स्टारलिंक, जियो सैटेलाइट और वनवेब को लाइसेंस मिलने के बाद भी सेवाएं शुरू करने की मंजूरी का इंतजार है। ऐसे में नियामकीय व्यवस्था पर सवालों का उठना स्वभाविक है। भारत में सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सेवाओं को मंजूरी पर हाल ही में विभिन्न पक्षों के बीच हुई खुलेआम तकरार एक व्यवस्थागत समस्या की ओर इशारा करती है। इस विवाद की शुरुआत टेक्सस की कंपनी स्पेसएक्स और टेस्ला के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एलन मस्क के बयान से हुई। उन्होंने भारत में अपने संभावित प्रतिद्वंद्वियों पर निशाना साधते हुए उन्हें 'एकाधिकारवादी कारोबारी' कहा और प्रतिस्पर्धा को दबाने का आरोप लगाया।

मस्क ने विशेष रूप से संकेत दिया कि स्टारलिंक को सुरक्षा मंजूरी में देरी कराने में रिलायंस इंडस्ट्रीज की भूमिका हो सकती है।

स्टारलिंक सैटेलाइट इंटरनेट कंपनी है, जिसे स्पेसएक्स चलाती है। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि वह प्रतिस्पर्धा का स्वागत करती है। कंपनी ने यह भी कहा कि उसकी अपनी सेवा जियो सैटेलाइट कम्युनिकेशंस भी सुरक्षा मंजूरी का इंतजार कर रही है।

भारती एंटरप्राइजेज के चेयरमैन सुनील भारती मित्तल भी इस जुबानी जंग में शामिल हो गए और कहा कि भारत में सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सेवा शुरू करने के लिए उनकी कंपनी सबसे लंबे समय से कतार में है। केंद्र सरकार की ओर से संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पलटवार करते हुए कहा कि भारत किसी भी क्षेत्र में एकाधिकार नहीं होने देगा।

भारती एंटरप्राइजेज के समर्थन वाली यूटेलसैट वनवेब, स्टारलिंक और जियो सैटेलाइट में से हर किसी को भारत में सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सेवा चलाने का लाइसेंस मिल चुका है। लेकिन सरकार से सुरक्षा मंजूरी मिले बिना वे व्यावसायिक रूप से अपनी सेवाएं शुरू नहीं कर सकतीं। बताया जाता है कि यूटेलसैट वनवेब को ग्लोबल मोबाइल पर्सनल कम्युनिकेशन बाय सैटेलाइट (जीएमपीसीएस) का लाइसेंस 2021 में ही मिल गया था।

जियो सैटेलाइट को 2022 में यह लाइसेंस मिला और स्टारलिंक को 2025 में यह लाइसेंस हासिल हुआ। जरूरी लाइसेंस मिलने के बाद भी यदि कंपनियां व्यावसायिक कामकाज शुरू नहीं कर सकतीं तो यह चिंता की और उन्हें कुंठा में डालने वाली बात है। लाइसेंस देने और फिर सुरक्षा मंजूरी के लिए वर्षों इंतजार कराने से पता चलता है कि नियामकीय व्यवस्था कितनी प्रतिकूल है। तब यह ज्यादा चिंताजनक है, जब सरकार सुधार की गति तेज करना, कारोबार को सुगम बनाना और विदेशी निवेश की आवक बढ़ाना चाहती हो।

सैटेलाइट संचार के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए जरूरी है कि सरकारी विभाग और एजेंसियां अलग-अलग काम करने के बजाय तालमेल के साथ काम करें। ऐसा न हो कि प्रत्येक विभाग एक स्वतंत्र शक्ति केंद्र की तरह काम करे और दूसरे विभागों से उसका समन्वय न हो। जीएमपीसीएस लाइसेंस दूरसंचार विभाग ने जारी किया है किंतु सैटेलाइट संचार सेवाओं के लिए अन्य मंजूरियां अंतरिक्ष विभाग, गृह मंत्रालय और सुरक्षा एजेंसियों से मिलती हैं। स्टारलिंक के मामले में यह जांच भी होती रही है कि रूस-यूक्रेन युद्ध में संचार नेटवर्क के जरिये उसकी क्या भूमिका रही थी।

सुरक्षा जांच चाकचौबंद होनी चाहिए मगर सरकार को मंजूरी प्रक्रिया की स्पष्ट जानकारी देनी चाहिए और यह भी बताना चाहिए कि सेवाएं शुरू करने में कितना समय लगेगा। सेवाएं शुरू करने का इंतजार इतने अरसे से चल रहा है कि सैटेलाइट संचार सेवाओं के लिए इस्तेमाल होने वाले कुछ उपग्रहों का निर्धारित जीवनकाल खत्म होने वाला है।

मंजूरी के अलावा भी कुछ औपचारिकताएं पूरी की जानी हैं। उदाहरण के लिए स्पेक्ट्रम की कीमतों पर अंतिम मुहर मंत्रिमंडल को लगानी है। दूरसंचार विभाग की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था डिजिटल संचार आयोग ने एक महीने से अधिक समय पहले तय किया था कि सैटेलाइट स्पेक्ट्रम की कीमत दूरसंचार कंपनी के समायोजित सकल राजस्व की 5 प्रतिशत होगी।

दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों में दी जाने वाली सेवाओं के लिए रियायत देते हुए कीमत को समायोजित सकल राजस्व का 4 प्रतिशत रखा गया है। यह फैसला सैटेलाइट संचार के लिए स्पेक्ट्रम आवंटन के तरीके पर लंबे समय तक चले विवाद के बाद लिया गया। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण की सिफारिशों पर आधारित डिजिटल संचार आयोग के फैसले को अब केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी के लिए रखा जाना है। भारत में सैटेलाइट संचार सेवाओं के विस्तार से उन क्षेत्रों को लाभ मिलने की उम्मीद है, जहां संपर्क सीमित है। इनमें ग्रामीण और पहाड़ी इलाके भी शामिल हैं। इस दिशा में भारत की प्रगति की राह में अब और बाधाएं नहीं आनी चाहिए।

बदलता ट्रेंड

शॉपिंग से पहले करें दोस्तों से बात! जेन जी के लिए आया नया फीचर



आज की जेन जी के लिए शॉपिंग अब दोस्तों की राय और किसी आउटफिट का फोटो शेयर करना भी खरीदारी का अहम हिस्सा बन गया है। कई बार किसी कपड़े को खरीदने से पहले दोस्त से उसका फिट चेक करवाया जाता है, तो कभी किसी ब्यूटी प्रोडक्ट को खरीदने से पहले करीबी लोगों की सलाह ली जाती है। इसी बदलते ट्रेंड को ध्यान में रखते हुए स्नैपचैट ने अपना नया ब्रांड कैंपेन 'इनर सर्कल' शुरू किया है। इस कैंपेन का मकसद ये दिखाना है कि जेन जी की खरीदारी के फैसलों पर उनके करीबी दोस्तों और आपसी बातचीत का कितना असर पड़ता है। इस कैंपेन में मिंत्रा, इंस्टामार्ट और नाइका जैसे ब्रांड्स भी शामिल हैं।

दोस्तों की राय से कैसे बदल रही है शॉपिंग?

स्नैपचैट के 'इनर सर्कल' कैंपेन में तीन तरह की डेली लाइफ के सिच्युएशन्स को दिखाया गया है। पहली, शादी में जाने के लिए कपड़े चुनने में दोस्त की हेल्प लेना। दूसरी, ब्यूटी प्रोडक्ट खरीदने से पहले किसी भरोसेमंद दोस्त की सलाह लेना। तीसरी, दिवाली पर दोस्तों के साथ मिलने-जुलने के लिए कुछ खास खरीदना। इन उदाहरणों के जरिए कैंपेन दिखाता है कि सोशल मीडिया पर बातचीत सिर्फ दोस्तों से जुड़े रहने का जरिया नहीं है। शॉपिंग की शुरुआत चैट से हो सकती है और उसका अंत ऑनलाइन चेकआउट पर।

सोशल मीडिया पर दिखेगा कैंपेन

रिपोर्ट के मुताबिक, 'इनर सर्कस' कैंपेन की फिल्में मेन डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दिखाई जाएंगी। इसके अलावा मुंबई, दिल्ली और बेंगलुरु में आउटडोर और डिजिटल आउटडोर ऐड्स भी लगाए जाएंगे। इस साल की शुरुआत में जारी रिसर्च में भी भारत में त्योहारों के दौरान खरीदारी के बदलते तरीकों पर ध्यान दिया गया था।



ब्रांड्स समझ रहे हैं दोस्तों की अहमियत

इंस्टामार्ट के ग्रोथ डायरेक्टर राहुल दोस रे कहा कि त्योहारों के दौरान दोस्तों का अचानक घर आना, आखिरी वक्त पर प्लान बनना और छोटी-छोटी चीजों से किसी मिलन को खास बनाना आम बात है। स्नैपचैट के साथ उनकी साझेदारी ये दिखाती है कि ऐसी कई स्थितियों की शुरुआत चैट से होती है और फिर लोग अपनी जरूरत की चीजें ऑर्डर करते हैं। वहीं, मिंत्रा की सीनियर डायरेक्टर-ब्रांड मार्केटिंग नेहा गुलाटी ने कहा कि त्योहारों के लिए कपड़े चुनना एक सोशल एक्टिविटी है। जेन जी जिन बातचीत पर पहले से भरोसा करती है, उनमें शामिल होकर ब्रांड्स फैशन को ज्यादा पर्सनल और मजेदार बना सकते हैं। त्योहारों की शॉपिंग अब पहले की तरह एक सीधा प्रोसेस नहीं रह गई है।

कपड़े खरीदने से पहले दोस्त की राय जेन जी के लिए मायने रखती है। जेन जी के लिए शॉपिंग अब सिर्फ प्रोडक्ट पसंद करने और ऑर्डर करने तक लिमिटेड नहीं है। कपड़े खरीदने से पहले दोस्तों को फोटो भेजना, प्रोडक्ट पर उनकी राय लेना और चैट में बेहतर ऑप्शन खोजना भी खरीदारी का हिस्सा बन गया है। स्नैपचैट का नया 'इनर सर्कल' कैंपेन इसी ट्रेंड को दिखाता है।

क्या है इनर सर्कल कैंपेन?

स्नैपचैट की इनर सर्कल' कैंपेन इस बात पर ध्यान देती है कि जेन जी खरीदारी से जुड़े फैसले लेते वक्त अपने करीबी दोस्तों और लोगों से कैसे कनेक्ट रहती है। आज सोशल मीडिया खरीदारी का फैसला करने में भी हेल्प करता है। मान लीजिए, किसी को ऑनलाइन एक जैकेट पसंद आ जाती है। वह सीधे उसे खरीदने के बजाय पहले अपने दोस्तों को उसकी फोटो भेजता है। कोई दोस्त रंग की तारीफ करता है, तो कोई बताता है कि उसी कीमत में इससे बेहतर ऑप्शन मिल सकता है। आखिर में खरीदारी का फैसला इन सभी बातों को ध्यान में रखकर लिया जाता है। ऐसा करने से जेन जी को अपनी पसंद पर भरोसा करने में हेल्प मिलती है। साथ ही, वे खरीदारी से पहले अलग-अलग ऑप्शन्स के बारे में जान पाते हैं। फैशन, ब्यूटी और टेक्नोलॉजी जैसे फील्ड्स में दोस्तों की सलाह खास तौर पर काम आ सकती है।

सोशल मीडिया बदल रहा शॉपिंग का तरीका?

पहले लोग खरीदारी के लिए दोस्तों के साथ बाजार जाते थे या घर पर किसी से सलाह लेते थे। अब यही काम फोन पर चैट, फोटो और वीडियो शेयर करके भी किया जा रहा है। ब्रांड्स के लिए भी ये बदलाव जरूरी है। जेन जी का ये तरीका खरीदारी को ज्यादा बातचीत वाला एक्सपीरियंस बनाता है। इससे उन्हें नए प्रोडक्ट के बारे में जानने और दूसरे ऑप्शन्स पर सोचने का मौका मिलता है। हालांकि, दोस्तों की सलाह हमेशा सही हो, यह जरूरी नहीं है। इसलिए किसी चीज को खरीदने से पहले उसकी कीमत, क्वालिटी और अपनी जरूरत को देखना भी उतना ही जरूरी है।

मेरा पैसा

खाताधारक की मृत्यु के बाद कैसे निकालें पोस्ट ऑफिस का पैसा?

● मनाली रस्तोगी ●

पोस्ट ऑफिस की बचत योजनाओं में बड़ी संख्या में लोग अपना पैसा जमा करते हैं। इनमें बचत खाता, आवर्ती जमा, टाइम डिपॉजिट, मासिक आय योजना, राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र, और किसान विकास पत्र जैसी योजनाएं शामिल हैं। इन योजनाओं में निवेश करने वाले खाताधारक की मृत्यु हो जाने पर उनके खाते में जमा पैसा परिवार के सदस्यों या कानूनी वारिसों को मिल सकता है। हालांकि, इसके लिए निर्धारित प्रक्रिया का पालन करना जरूरी है। ऐसी स्थिति में सबसे बड़ा सवाल यह होता है कि पैसा निकालने का दावा कौन कर सकता है, कौन से दस्तावेज देने होंगे और पोस्ट ऑफिस में आवेदन कैसे करना होगा। आइए समझते हैं पूरी प्रक्रिया।

नॉमिनी होने पर कैसे मिलेगा पैसा? : अगर खाताधारक ने खाता खोलते समय किसी व्यक्ति को नॉमिनी बनाया है, तो खाताधारक की मृत्यु के बाद नॉमिनी जमा रकम पर दावा कर सकता है। इसके लिए संबंधित पोस्ट ऑफिस में जाकर मृत्यु की सूचना देनी होगी और क्लेम फॉर्म जमा करना होगा। आमतौर पर नॉमिनी को खाताधारक का मृत्यु प्रमाणपत्र, संबंधित खाते या निवेश का विवरण, अपनी पहचान का प्रमाण और जरूरी दावा फॉर्म देना पड़ता है। पोस्ट ऑफिस दस्तावेजों और खाते की जानकारी की जांच करने के बाद नियमानुसार भुगतान की प्रक्रिया पूरी करता है। ध्यान रखें कि नॉमिनी का नाम दर्ज होने से दावा करना आसान हो जाता है, लेकिन भुगतान से पहले पोस्ट ऑफिस की ओर से जरूरी औपचारिकताएं पूरी कराई जा सकती हैं।

नॉमिनी नहीं है तो क्या होगा? : अगर खाताधारक ने किसी नॉमिनी का नाम दर्ज नहीं किया है, तो पैसा निकालने की प्रक्रिया थोड़ी अलग हो सकती है। ऐसी स्थिति में कानूनी वारिसों को दावा करना पड़ सकता है। पोस्ट ऑफिस उनसे खाताधारक से संबंध साबित करने वाले दस्तावेज, मृत्यु प्रमाणपत्र और अन्य जरूरी कागजात मांग सकता है।



पोस्ट ऑफिस खाताधारक की मृत्यु के बाद खाते में जमा रकम नॉमिनी या पात्र कानूनी वारिस को मिल सकती है। इसके लिए मृत्यु प्रमाणपत्र, पासबुक, पहचान पत्र और क्लेम फॉर्म जैसे दस्तावेज जरूरी हैं। नॉमिनी नहीं होने पर अतिरिक्त कानूनी कागजात मांगे जा सकते हैं।

कुछ मामलों में कानूनी वारिसों को उत्तराधिकार प्रमाणपत्र या अन्य कानूनी दस्तावेज देने की जरूरत पड़ सकती है। यह इस बात पर निर्भर करता है कि खाते में कितनी रकम जमा है, कितने दावेदार हैं और लागू नियमों के तहत कौन से दस्तावेज जरूरी हैं। अगर एक से अधिक कानूनी वारिस हैं, तो उनके बीच दावे को लेकर सहमति और संबंधित दस्तावेज भी मांगे जा सकते हैं। इसलिए आवेदन करने से पहले संबंधित पोस्ट ऑफिस से जरूरी कागजात की सूची लेना बेहतर है।

क्लेम के लिए कौन से दस्तावेज जरूरी हैं? : पोस्ट ऑफिस में मृत खाताधारक के खाते का निपटारा करने के लिए कुछ जरूरी दस्तावेज तैयार रखने चाहिए। इनमें खाताधारक का मृत्यु प्रमाणपत्र, पासबुक या जमा प्रमाणपत्र, दावेदार का पहचान पत्र, पते का प्रमाण और निर्धारित क्लेम फॉर्म शामिल हो सकते हैं। नॉमिनी नहीं होने पर मामले के अनुसार शपथपत्र, क्षतिपूर्ति पत्र, अन्य वारिसों की सहमति या कानूनी दस्तावेज भी मांगे जा सकते हैं।


पोस्ट ऑफिस में कैसे करें आवेदन?

सबसे पहले उस पोस्ट ऑफिस से संपर्क करें, जहां खाताधारक का खाता खुला था। वहां मृत खाताधारक के खाते के निपटारे के लिए आवेदन फॉर्म लें। भारतीय डाक की ओर से इसके लिए निर्धारित फॉर्म उपलब्ध है। फॉर्म में खाताधारक, खाते और दावेदार से जुड़ी जानकारी भरें और जरूरी दस्तावेज संलग्न करें। इसके बाद आवेदन पोस्ट ऑफिस में जमा कर दें। संबंधित अधिकारी दस्तावेजों, नॉमिनी के विवरण और दावे की जांच करेंगे। सब कुछ सही पाए जाने पर नियमानुसार रकम का भुगतान किया जाएगा। कुछ योजनाओं में नियमों के अनुसार खाते या प्रमाणपत्र को पात्र नॉमिनी अथवा कानूनी वारिस के नाम ट्रांसफर करने का विकल्प भी हो सकता है। यहां ध्यान देने वाली बात ये है कि क्लेम की प्रक्रिया और दस्तावेजों की जरूरत खाते में जमा रकम, योजना और नॉमिनी की स्थिति के आधार पर अलग-अलग हो सकती है। इसलिए आवेदन करने से पहले संबंधित पोस्ट ऑफिस से पूरी जानकारी जरूर लें। इससे दस्तावेजों की कमी के कारण होने वाली देरी से बचा जा सकता है।

टेक एडवांस

नया हेल्थ डेटा ट्रैकर डिवाइस, माथे पर चिपकेगा

1 नवंबर से इसका प्री ऑर्डर शुरू होगा, जिसके बाद इसकी डिलिवरी शुरू होगी। यह हेल्थ डेटा ट्रैकर डिवाइस है। जोमैटो के फाउंडर दीपिंदर गोयल अपना नया गैजेट लेकर आए हैं, जिसको माथे पर चिपकाया जाता है। इस डिवाइस का नाम टेम्पल है। इसकी प्रीबुकिंग 1 नवंबर से शुरू होने जा रही है। यह एक हेल्थ ट्रैकिंग डिवाइस है। इस डिवाइस को बैडमिंटन प्लेयर पीवी सिंधु और खुद गोयल भी कई बार पहने हुए नजर आ चुकी हैं। माथे के पास चिपकाने वाला टेम्पल को खासतौर से हेल्थ ट्रैकिंग के लिए तैयार किया गया है। यह हेल्थ रिलेटेड सिग्नल को पहचानता है और उससे डेटा कलेक्ट करता है। गोयल ने बताया है कि बुकिंग के बाद तीन महीने के अंदर डिलिवरी दी जाएगी।



कलाई पर बांधने वाले फिटनेस ट्रैकर अब पुराने जमाने के डिवाइस होने जा रहे हैं। मार्केट में एक नया गैजेट एंट्री करने जा रहा है, जिसका नाम टेम्पल है। इसके प्री-ऑर्डर की शुरुआत होने जा रही है।

टेम्पल की कीमत को लेकर कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावे किए हैं कि इसकी कीमत 1 लाख रुपये हो सकती है। खरीददारों को कीमत के ऑफिशियल खुलासे का इंतजार है। टेम्पल का लॉन्च एडिशन छह कलर वेरिएंट में दस्तक देगा। इसमें ट्रू गोल्ड, रोज गोल्ड, डार्क मिरर, रियल जे, डीप ब्लू आदि नजर आएंगे। पीपीजी सेंसर टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल : टेम्पल हेल्थ रिलेटेड डेटा का कलेक्शन करने के लिए ब्लड फ्लो में होने वाले बदलाव को ट्रैक करता है। यह डिवाइस फोटोप्लेथस्मोग्राफी (पीपीजी) सेंसर टेक्नोलॉजी के साथ आता है और यह टेक्नोलॉजी स्मार्टवॉच में भी इस्तेमाल की जाती है। टेम्पल का एक मुख्य फीचर है, जिसका नाम ब्रेन फ्लो है। यह ब्रेन के ब्लड फ्लो को ट्रैक करता है, जिसमें हर एक सेकेंड का डेटा दिखाया गया है।

नया फिटनेस ट्रेंड

हर सभ्यता ने पैदल चलने में शरीर के साथ मन को भी गति दी है। लेकिन इधर सोशल मीडिया यानी डिजिटल संसार में एक नई चाल सरपट दौड़ रही है। इंस्टाग्राम, फेसबुक और यूट्यूब पर अचानक 'ताई-चाई वॉकिंग' का ट्रेंड जंगल में आग की तरह फैल गया है।

डिजिटल बाज़ार का नया उत्पाद 'ताई-चाई वॉकिंग'

● डॉ संजय वर्मा ●

डिजिटल होती जा रही अर्थव्यवस्था में किसी साधारण सलाह की मुश्किल यह है कि उसे बेचना मुश्किल है। 'रोजाना कुछ देर पैदल चलिए' के आह्वान में कोई सब्सक्रिप्शन नहीं है। ऐप नहीं हैं। इन्फ्लुएंसर नहीं हैं। पेड प्रोग्राम और प्रमोशन नहीं हैं। और एक दिन में खुद को बदल डालने की सलाह देने वाले चैलेंज नहीं हैं। लेकिन इसी क्रिया को कोई आकर्षक नाम मिल जाए तो उसके प्रति दीवानगी पैदा की जा सकती है।

मनुष्य हजारों वर्षों से पैदल चलता आया है। तीर्थयात्री चले, किसान चले, बौद्ध भिक्षु चले, गांधी और आंदोलनकारी चले। सुबह-सबेरे हमारे माता-पिता, चाचा-ताऊ, सबने पैदल चलकर अनंत दूरियां नापी हैं। लेकिन आजकल चलने का भी एक नया अंदाज देखने में आ रहा है। डिजिटल स्क्रीनों पर कहीं धीमे कदम बढ़ाते बुजुर्ग दिखते हैं, तो कहीं आकर्षक देहयष्टि वाले ट्रेनर। कुछेक जगहों पर इसके विज्ञापनों में इन्फ्लुएंसर इस चाल को वजन घटाने, पेट की चर्बी कम करने और बढ़ती उम्र को मात देने वाला करिश्माई तरीका बताकर बेच रहे हैं। हमारे देश में भी खासकर प्रौढ़ और साठ पार की उम्र वाले लोगों के बीच इस चाल को लेकर दिलचस्पी बढ़ गई है। हाल में, सेहत के अंतरराष्ट्रीय जर्नल हार्वर्ड हेल्थ ने 'ताई-चाई वॉकिंग- व्हाट इज इट एंड डज इट वर्क' शीर्षक से इस पर विस्तृत लेख छापकर और सनसनी फैला दी है। सवाल दिलचस्प है कि क्या दुनिया ने पैदल चलने का हकीकत में कोई नया तरीका खोज निकाला है या फिर सदियों पुरानी आदत पर सोशल मीडिया-प्रेरित बाजार ने एक नया लेबल चिपका दिया है।

शरीर के भार को साधना



चीन की पुरानी मार्शल आर्ट गतिविधि

यूं ताई-चाई वॉकिंग आ अपना एक इतिहास और प्रतिष्ठा है। यह चीन की सदियों पुरानी मार्शल आर्ट और माइंड-बॉडी की परंपरा में आने वाली एक शारीरिक अतिविधि है। इसमें शरीर की धीमी, नियंत्रित गति, संतुलन, श्वास और सजगता का महत्व है। हार्वर्ड हेल्थ के मुताबिक, ताई-बाई वॉकिंग मूलतः पैदल चाल (फुट वॉक) को उसके सरलतम रूप में अपनाती है। सामान्य पैदल चाल में शरीर का मोमेंटम (गति) हमें आगे बढ़ाता है, जबकि ताई-चाई वॉकिंग में कदम जानबूझकर धीमे किए जाते हैं। पहले पैर आगे बढ़ाया जाता है, फिर शरीर का भार आहिस्ता से उस पैर पर स्थानांतरित किया जाता है। इसके बाद दूसरा पैर आगे बढ़ाते हुए यही प्रक्रिया दोहराई जाती है। इससे व्यक्ति अपने गुरुत्वीय केंद्र (सेंटर ऑफ ग्रैविटी), जमीन से पैरों के स्पर्श और शरीर के संतुलन के प्रति अधिक सजग होता है। अर्थात् यह केवल 'धीरे चलना' नहीं है, बल्कि इसके बायोमैकेनिक्स वास्तव में सामान्य पैदल चाल से कुछ अलग हैं।

अध्ययनों में ताई-चाई वॉकिंग के दौरान घुटने और कूल्हे की गति, मांसपेशियों के संचालन के अलग-अलग स्तर पाए गए हैं। पाया गया कि ताई-चाई वॉकिंग के दौरान व्यक्ति धीमी गति से पैदल चलता है और शरीर के भार को अधिक नियंत्रित तरीके से स्थानांतरित करता है। ताई-चाई वॉकिंग के फायदों को लेकर साल 2024 में 18 क्लिनिकल ट्रायल्स का विवरण मिलता है, जिनमें 65 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के शारीरिक संतुलन और सेहत में सुधार आँकने किया गया था। एक अन्य मेटा-विश्लेषण में 2,000 लोगों पर किए गए 28 परीक्षणों में पैदल चलने पर बेहतर संतुलन की बात सामने आई थी। लेकिन यहां एक अंतर है, 'ताई-चाई वॉकिंग' कार्यक्रमों के बारे में हार्वर्ड हेल्थ ने भी चेतावनी दी है कि इसको तेजी से वजन घटाने या मांसपेशियां बनाने के भ्रम फैला सकते हैं।

साधारण वॉकिंग किसी भी तरह से कम नहीं

असल में, सामान्य चाल से ताई-चाई की तुलना कुछ दिलचस्प है। एक अध्ययन में 374 प्रौढ़ लोगों पर किए गए (रैंडम) ट्रायल में प्रतिभागियों के दो समूहों ने 12 हफ्ते तक प्रति सप्ताह पांच दिन, प्रतिदिन 45 मिनट अलग-अलग ताई-चाई और पैदल चाल का अभ्यास किया। ताई-चाई समूह का वजन करीब 0.50 किलोग्राम और सामान्य पैदल चाल वाले समूह का वजन 0.76 किलोग्राम कम हुआ। दोनों समूहों के लोगों की कमर के नाप और फास्टिंग ग्लूकोज के स्तर में सुधार हुआ। नतीजा यह निकला कि साधारण वॉकिंग ताई-चाई वॉकिंग के सामने कमजोर, बेअसर साबित नहीं हुई। इसलिए यदि केलोरी खर्च या कार्डियोवैस्कुलर व्यायाम को मानक माना जाए, तो यह मानने का कोई आधार नहीं है कि धीमी गति से की जाने वाली ताई-चाई वॉकिंग, व्यक्ति की क्षमता के हिसाब से ढली गई तेज चाल से किसी मायने में कम है।

दरअसल, ताई-चाई एक बॉडी मैकेनिक्स है और इसमें नियंत्रित तरीके से वजन को काबू में रखा जाता है, जबकि शतपावली भोजन के बाद सहजकदमी की सांस्कृतिक परंपरा है। लेकिन दोनों ही हमें एक बड़े सत्य तक पहुंचाते हैं—मनुष्य को स्वस्थ रहने के लिए फिटनेस की नहीं, हर बार नया ब्रांड खरीदना जरूरी नहीं है।

सवा लाख यात्री क्लब में अपनी जगह बना सकता है राजाभोज विमानतल

हिरदाराम नगर प्रतिनिधि। पिछले दो तीन माह से यात्रियों के आवागमन में निराशा झेल रहे राजा भोज विमान तल के लिए यह प्रसन्न करने वाली बात है कि अक्टूबर के समाप्त होते-होते यात्री संख्या में खासा इजाफा होने लगा है इसका एक प्रमुख कारण इसी माह दशहरा, उससे पूर्व नव दुर्गा की समाप्ति था। जहां सितंबर में एक भी दिन ऐसा नहीं आया जब यात्री संख्या ने 5 हजार का आंकड़ा क्रास किया हो, वहीं अक्टूबर की 25 तारीख ऐसी रही जिसमें सर्वाधिक 5227 यात्रियों का आवागमन रिकार्ड किया गया, वह भी केवल 36 फ्लाइट से जिसमें 18 आगमन एवं 18 प्रस्थान फ्लाइट शामिल हैं। इसी तरह 21 अक्टूबर भी एयरपोर्ट अर्थारिटी के लिए खुश करने की तारीख रही और इस दिन 5031 यात्रियों ने यात्रा की। जब यात्री संख्या 5 हजार से अधिक हुई है तब इस बात की भी उम्मीद लगाई जा रही है कि पिछले तीन माह से सवा लाख यात्री क्लब से बाहर रहने वाला राजा भोज एयरपोर्ट अक्टूबर की अंतिम तारीख तक 1.25 अथवा इससे भी बढ़कर वापस डेढ़ लाख यात्री क्लब में जगह बना सकता है। वैसे अगर पिछले एक सप्ताह पर नजर डाली जाए तो पता चलता है, कि यात्रियों का आवागमन संतोषजनक रहा है इसमें 22 अक्टूबर को भी 38 फ्लाइट में 4357, 23 अक्टूबर को 34 फ्लाइट में 4478, 24 अक्टूबर को 36 उड़ानों में 4026 यात्रियों का आवागमन हुआ। 28 अक्टूबर को भी इसलिए संतोषजनक कहा जा सकता है क्योंकि इस दिन भी 4518 यात्रियों का आवागमन हुआ।

लागू हुआ विंटर शेड्यूल : यहां बता दें कि राजा भोज एयरपोर्ट 25 अक्टूबर से विंटर शैड्यूल लागू हो गया है, इसमें भले ही बहुप्रतीक्षित गोवा के लिए फ्लाइट शामिल न होने से भोपाल के बाशिंदों को निराशा का सामना करना पड़ा है लेकिन दिल्ली के लिए एक अतिरिक्त उड़ान एवं हैदराबाद के लिए एयरक्राफ्ट की 250 से अधिक यात्रियों की क्षमता वाली एयरबस का संचालन प्रारंभ किया गया है। यहां बता दें कि सितंबर के पूरे माह में यात्रियों का आवागमन केवल 1.15 लाख रिकार्ड किया गया, जो निराश करने वाला था। यहां बता दें कि विंटर सीजन की समय सारिणी के बाद अकेले दिल्ली के लिए नोएडा को मिलाकर 8 उड़ाने, मुंबई तीन, बैंगलुरू दो फ्लाइट हो गई है, जो दीपावली के 9 दिन पूर्व से ही लगभग फुल जा रही हैं।

लंबे समय बाद पांच हजार से अधिक पहुंची संख्या



दीपावली पर फ्लाइट फुल

6 नवंबर को धनतेरस एवं 8 नवंबर को दीपावली है और हर व्यक्ति दीपावली अपने घर मनाने ट्रेन नहीं तो फ्लाइट का सहारा लेता है। ऑनलाइन एवं एजेंटों से मिली जानकारी के अनुसार दीपावली के चार दिन पहले से भोपाल से चाहे दूसरे शहर जाना हो या वहां से भोपाल आना लगभग सभी उड़ाने अभी से फुल हो गई हैं, ऐसे में इस बात की भी संभावना है कि नवंबर का महीना यात्री संख्या की दृष्टि से काफी आशाजनक रहेगा और हो सकता है कि नवंबर माह में राजा भोज विमान तल 1.50 लाख यात्री संख्या पार कर ले।

व्यापारी महासंघ के सचिव बने सुरेश जसवानी

हिरदाराम नगर प्रतिनिधि। हाल ही में व्यापारिक बाहुल्य इलाके संत हिरदाराम नगर के हर क्षेत्र में कारोबार करने वालों का बना व्यापारी महासंघ का कारोबारी एवं समाज सेवी सुरेश जसवानी को सचिव बनाया गया है। वे अभा सिंधी समाज के राष्ट्रीय सलाहकार के अलावा यहां की अग्रणी सामाजिक संस्था सिंधी सेंट्रल पंचायत के महासचिवव भी हैं। संत हिरदाराम नगर व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष कन्हैयालाल इसरानी ने सुरेश जसवानी की सेवाओं को ध्यान में रखते हुए उन्हें महासंघ में सचिव पद का दायित्व दिया है। इस मौके पर सिंधी सेंट्रल पंचायत संरक्षक ईश्वरदास हिमथानी, रमेशलाल आसवानी, प्रकाश मीरचंदानी, वासुदेव वाधवानी, अध्यक्ष चंद्रप्रकाश इसरानी, उपाध्यक्ष नरेश चोटरानी, विधि सलाहकार दिलीप हिरोनी, सचिव रमेश हिंगोरानी कपड़ा एसोसिएशन के महासचिव दिनेश वाधवानी, कोषाध्यक्ष नंदलाल पंजवानी, पूज्य सिंधी पंचायत महासचिव राजकुमार वाधवानी, भाजपा नेता विनय दादलानी, राम बंसल रेनवाल, नरेन्द्र लालवानी सहित अनेक संस्थाओं ने बधाई दी है।



हर्राखेड़ा में लगा मुख्यमंत्री जनविश्वास शिविर

दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण बांटे, पौधरोपण



जागरण, बैरसिया। आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत हर्राखेड़ा स्थित पीएम श्री शासकीय अरविंद भार्गव उच्च माध्यमिक विद्यालय में मुख्यमंत्री जनविश्वास शिविर एवं दिव्यांग उपकरण वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिविर में विधायक विष्णु खत्री, कलेक्टर प्रियंक मिश्रा और भाजपा जिलाध्यक्ष तीरथ मीणा सहित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

शिविर में जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं और शिकायतें सुनीं। इस दौरान प्राप्त आवेदनों पर विधायक विष्णु खत्री और कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है और पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। वहीं दिव्यांगजनों को आवश्यक सहायक उपकरण वितरित किए गए। उपकरण मिलने से दिव्यांगजनों के जीवन को सुगम बनाने की दिशा में पहल की गई।

पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश : कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने पौधरोपण किया तथा पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया। शिविर में पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, विभिन्न विभागों के अधिकारियों और आसपास के गांवों से पहुंचे ग्रामीणों की सहभागिता रही।

जागरूक युवा सशक्त लोकतंत्र की नींव : शर्मा

लोकतंत्र बनाम अराजकता विषय पर छात्र प्रतियोगिता एवं संवाद संपन्न

हिरदाराम नगर प्रतिनिधि। भोपाल संसदीय क्षेत्र की उत्तर विधानसभा अंतर्गत ईदगाह हिल्स स्थित सिंधी कम्युनिटी हॉल में भारतीय जनता पार्टी द्वारा संचालित लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान के तहत लोकतंत्र बनाम अराजकता विषय पर छात्र प्रतियोगिता एवं युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में सांसद आलोक शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला टोली संयोजक राकेश कुकरेजा ने की। इस मौके पर सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि जागरूक युवा ही सशक्त लोकतंत्र की नींव हैं। लोकतंत्र की मजबूती जागरूक नागरिकों, सकारात्मक संवाद और संवैधानिक मर्यादाओं के सम्मान में निहित है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण लोकतांत्रिक प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक शुद्ध एवं पारदर्शी बनाना और प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम सुनिश्चित करना है। यह प्रक्रिया पहली बार नहीं हो रही है, बल्कि वर्ष 2002-2004 में भी इस प्रकार की प्रक्रिया अपनाई गई थी। भाजपा सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि भारत ने आर्थिक क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हुआ है। यह विकसित भारत 2047 के संकल्प की ओर बढ़ता हुआ भारत है, जिसे युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही साकार किया जा सकता है।



वहीं राकेश कुकरेजा ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान में एसआईआर को लेकर विपक्ष द्वारा भ्रम फैलाया जा रहा है, जबकि इसका वास्तविक उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध एवं पारदर्शी बनाना है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में 2.56 करोड़ नए युवा मतदाताओं का जुड़ना इस बात का प्रमाण है कि युवा अब केवल भविष्य नहीं, बल्कि वर्तमान के सक्रिय भागीदार हैं।

यहां युवाओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में महापौर परिषद सदस्य मनोज राठौर, भाजपा नेता अभिजीत देशमुख, टोली सह संयोजक हरिओम आसेरी, मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रियंका मिश्रा, पूर्व पार्षद महेश मकवाना, भाजपा नेता विकास सोनी, पार्षद विनीता सोनी, मंडल अध्यक्ष यतेन मकवाना, वरुण गुप्ता, महामंत्री अनिल थारवानी, जिला कार्यसमिति सदस्य राजा शर्मा, भगवानदास ढालिया सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

दो दिवसीय 'शब्द उत्सव 2026' आज से

जागरण, भोपाल। मध्यप्रदेश हिंदी साहित्य सम्मेलन की ओर से 31 अक्टूबर और 1 नवंबर को दो दिवसीय 'शब्द उत्सव 2026' का आयोजन मायाराम सुरजन स्मृति भवन, शास्त्री नगर में किया जाएगा। उत्सव में देश के प्रतिष्ठित साहित्यकार, पत्रकार, कवि और रचनाकार शामिल होंगे। पहले दिन कविता पोस्टर प्रदर्शनी, नृत्य प्रस्तुति, अनुवाद विमर्श, पुस्तक लोकार्पण और 'हिन्दी कहानी के सौ साल' विषय पर व्याख्यान होगा। शाम को असगर वजाहत के नाटक 'जिस लाहौर नई देख्या ओ जन्म्याई नई' का मंचन व युवा रचनाकारों का काव्य पाठ होगा।

विद्यार्थियों ने दिखाए नवाचार और तकनीकी कौशल

जागरण, भोपाल। राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) के ई-सेल की ओर से आयोजित दो दिवसीय तकनीकी एवं उद्यमिता उत्सव 'इम्प्रेनडिटोर 5.0' का समापन हुआ। आयोजन में विद्यार्थियों ने तकनीकी नवाचार, रचनात्मकता और व्यावसायिक कौशल का प्रदर्शन किया। उत्सव का उद्देश्य विद्यार्थियों को उद्यमिता और तकनीकी क्षेत्र के व्यावहारिक अनुभव से जोड़ना था। आयोजन के तहत हैकाथॉन, वेंचर हंट, स्टार्टअप एक्सपो, स्टॉक मार्केट सिमुलेशन, यूआई/यूएक्स वॉर, रोबो एरीना, मॉक आईपीएल ऑक्शन और रील मेकर चैलेंज जैसी प्रतियोगिताएं हुईं।

राशिफल

मेष : करियर और रोजगार के मामले में भाग्य आपका साथ दे सकता है। आपकी मेहनत का सकारात्मक परिणाम सामने आ सकता है। धन लाभ मिलने की संभावना है।

वृषभ : आज आर्थिक दृष्टि से दिन अनुकूल रहने की संभावना है। कोई ऐसी इच्छा भी पूरी हो सकती है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

मिथुन : आज व्यापार और करियर के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए कोई महत्वपूर्ण अवसर मिल सकता है। नए लोगों से संपर्क बनेगा।

कर्क : आज आपको अपनी इच्छाओं और खर्चों के बीच संतुलन बनाकर चलने की जरूरत है। मित्रों के साथ बातचीत करते समय भी थोड़ा संयम रखें।

सिंह : आज का दिन आर्थिक मामलों में राहत और सफलता की नई संभावनाएं लेकर आ सकता है। सरकारी काम में सकारात्मक प्रगति देखने को मिल सकती है।

कन्या : आज आपके लिए आगे बढ़ने और अपनी मेहनत का फल पाने का अच्छा अवसर बन सकता है। आर्थिक स्थिति में सुधार के संकेत हैं।

तुला : आज व्यापार और करियर के क्षेत्र में तरक्की मिल सकती है। आप जिस काम को पूरी लगन और योजना के साथ करेंगे, उसमें सफलता मिलने की संभावना बढ़ेगी।

वृश्चिक: आज आपका दिन थोड़ा चुनौतीपूर्ण रहेगा। कामकाज में विरोधियों से टकराव संभव है, इसलिए अपनी बात शांत रहकर रखें। आर्थिक स्थिति स्थिर रहेगी। वाणी पर संयम रखें।

धनु : आज आपके लिए सफलता के नए रास्ते खुलने की संभावना है। व्यापार करने वालों को लाभ के अवसर मिल सकते हैं।

मकर : आज कार्यक्षेत्र में जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। आपकी मेहनत का फल मिलने में थोड़ा समय लग सकता है।

कुंभ : आज करियर और व्यापार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के अच्छे संकेत मिल रहे हैं। करियर से जुड़ी कोई अच्छी खबर मिल सकती है।

मीन : आज जिम्मेदारियों का बोझ थोड़ा बढ़ सकता है, लेकिन आप सब कुछ अच्छे से संभाल लेंगे। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत रंग लाएगी और नतीजे आपके पक्ष में रहेंगे।

आज का पंचांग : 31 अक्टूबर शनिवार 2026। **दिशाशूल :** पूर्व दिशा में। **पर्व एवं त्यौहार :** स्कंद षष्ठी। **विशेष :** गुरु अतिचारी मघा नक्षत्र एवं सिंह राशि में प्रवेश। **भद्रा :** सायं 4.58 से रात्रि 3.55 तक। विक्रम संवत 2083 शके 1948 दक्षिणायण, दक्षिण गोल, शरद ऋतु कार्तिक मास, कृष्ण पक्ष की षष्ठी 16 घंटे 58 मिनट तक, तत्पश्चात सप्तमी आद्रा नक्षत्र 7 घंटे 12 मिनट तक, तत्पश्चात पुनर्वसु नक्षत्र सिद्धि योग 17 घंटे 32 मिनट तक, तत्पश्चात साध्य योग मिथुन में चंद्रामा 24 घंटे 1 मिनट तक ततपश्चात कर्क में।

SUDOKU 150

8	4		2	3			9	
					9		8	5
7								
							1	3
		5	1		4	6		
2	1							
								2
5	9		3					
	2			6	1		3	8

SOLUTIONS 149

1	5	6	7	8	2	9	3	4
8	3	7	6	4	9	5	1	2
9	2	4	5	1	3	8	6	7
5	1	8	4	6	7	3	2	9
7	6	2	9	3	8	1	4	5
4	9	3	1	2	5	7	8	6
6	8	5	3	9	4	2	7	1
3	7	1	2	5	6	4	9	8
2	4	9	8	7	1	6	5	3

Rules : The 3x3 sub-grids are called regions. Number already filled in the grid are called givens. The goal of the player is to fill the blank grids of every row, every column and every 3x3 box with the numbers 1,2,3,4,5,6,7,8,9 However, All rows, colums and regions (3x3) should contain numbers 1 to 9 without repeating.

फर्जी रजिस्ट्री मामले को लेकर तीसरे दिन भी धरना जारी

भाजपा नेता लोधी ने ओवरब्रिज पर की सफाई



जागरण औबेदुल्लागंज। फर्जी रजिस्ट्री मामले को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता भाजपा नेता वचन लोधी और उनके साथी शुक्रवार को तीसरे दिन भी धरने पर बैठे रहे। धरने के दौरान ही प्रधानमंत्री की स्वच्छता अभियान के तहत एक अनोखा संदेश देते हुए वचन लोधी और उनके साथियों ने औबेदुल्लागंज के रेलवे ओवरब्रिज पर झाड़ू लगाकर सफाई अभियान चलाया। स्वच्छता का संदेश देते हुए धरना प्रदर्शन कर रहे लोगों ने ओवरब्रिज पर सफाई की। धरना प्रदर्शन के तीसरे दिन बड़ी संख्या में मातृशक्ति सहित लोगों ने भाग लिया। स्थानीय नागरिकों, विभिन्न संगठनों और महिलाओं ने भी विरोध-प्रदर्शन व धरने का पुरजोर समर्थन किया है। मीडिया के जरिए जब इस मामले में जिला कलेक्टर से जानकारी चाही तो उन्होंने बताया कि संबंधित अधिकारियों से जांच रिपोर्ट मांगी है जल्द ही नियम अनुसार दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

नाम परिवर्तन सूचना

मैं हिना बानो पत्नि जुबेर खान, आयु वयस्क, निवासी मकान नं. 41, इनायतपुर, कोलार रोड, भोपाल म. प्र.। यह है कि मेरा विवाह दिनाँक 06/04/2012 को जुबेर खान से संपन्न हुआ था। विवाह के पूर्व मेरा नाम पठान हिनाबी फारुख था जो कि विवाह के बाद मेरा परिवर्तित नाम हिना बानो पत्नि जुबेर खान हो गया है। मुझे अब इसी नाम से पहचाना जाता है। भविष्य में मुझे हिना बानो पत्नि जुबेर खान नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल
वीर सावरकर जोन क्र.- 04 (मंगलवारा)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम भोपाल जोन क्र. 04 के वार्ड क्र.-17 में स्थित वर्गीकृत बाजार न्यु कबाड़खाना के भूखण्ड क्र. 730, 731, 732 एवं 737 का नामान्तरण किये जाने हेतु विज्ञप्ति प्रकाशन किया जाना है जिनके नामों का विवरण निम्नानुसार है:-

क्र.	जोन क्र.	वार्ड क्र.	आवंटी का नाम	स्थान एवं भूखण्ड	आकार	नामांतरण हेतु प्रस्तुत आवेदक का नाम	नामांतरण का आधार
1	4	17	श्री अकबर खाँ आत्मज श्री बाबू खाँ	भूखण्ड क्र.-730 वर्गीकृत बाजार	12×20= 240 वर्गफुट	श्री गुड्डु खां आत्मज श्री अक्कन खां	आवेदन पत्र, शपथ पत्र, विक्रय अनुबंध पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र
2	4	17	श्री मुख्तार हैदर आत्मज श्री गफ्फार	भूखण्ड क्र.-731 वर्गीकृत बाजार	12×20= 240 वर्गफुट	श्री सैयद अजमत अली आत्मज श्री रेहमत अली	आवेदन पत्र, शपथ पत्र, एवं विक्रय अनुबंध पत्र
3	4	17	श्री इफ्तेखार हैदर आत्मज श्री गफूर हैदर	भूखण्ड क्र.-732 वर्गीकृत बाजार	12×20= 240 वर्गफुट	श्री सैयद अजमत अली आत्मज श्री रेहमत अली	आवेदन पत्र, शपथ पत्र, एवं विक्रय अनुबंध पत्र
4	4	17	श्री मोहम्मद इकबाल आत्मज श्री मो. असलम	भूखण्ड क्र.-737 वर्गीकृत बाजार	12×20= 240 वर्गफुट	श्री अफसर अली आत्मज श्री सैयद अजमत अली	आवेदन पत्र, शपथ पत्र, एवं विक्रय अनुबंध पत्र

उपरोक्त भूखण्ड के नामांतरण पर किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो, सूचना पत्र के 15 दिवस के भीतर जोन कार्यालय क्र. 04 वार्ड क्रं.17 के कार्यालय में शपथ पत्र मय साक्ष्य के प्रस्तुत करें। नियत समयावधि में यदि कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो यह माना जावेगा कि किसी को कोई आपत्ति नहीं है और प्रकरण में विधिवत नामांतरण हेतु कार्यवाही कर दी जावेगी।

सू.क्र. 968/026/027

जोनल अधिकारी
जोन क्र. -04
नगर पालिक निगम भोपाल

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! punjab national bank ...the name you can BANK upon !

मण्डल कार्यालय 1, पीएनबी हाउस, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011 (ईमेल -cobplgad@pnb.bank.in)
Circle Office-1, PNB House , Arera Hills, Bhopal -462011 (Email : cobplgad@pnb.bank.in)

शाखा होशंगाबाद रोड, भोपाल के लिए परिसर की आवश्यकता है

पंजाब नेशनल बैंक शाखा होशंगाबाद रोड, भोपाल के लिए पट्टे / किराए के आधार पर उपयुक्त तैयार और अच्छी तरह से निर्मित आरसीसी हाल टाइप, व्यावसायिक (भूमि उपयोग वाणिज्यिक) भवन (लगभग 1600 से 1800 वर्गफुट कार्पेट एरिया) की आवश्यकता है। वर्तमान शाखा के आस पास (500 मीटर) के एरिया में भू-तल पर स्थित भवन को प्राथमिकता दी जावेगी। प्रस्तावित परिसर हेतु वैधानिक संस्थाओं से सभी आवश्यक मंजूरियाँ/क्लियरेंसेस प्राप्त होना चाहिए। इच्छुक व्यक्ति/संस्था जो की दीर्घावधि हेतु अपने भवन को कम से कम 15 वर्ष या अधिक हेतु पट्टे /किराए पर देने हेतु तैयार हैं, वे बैंक की वेबसाइट www.pnb.bank.in पर उपलब्ध निर्धारित प्रारूप में अपने प्रस्ताव भेज सकते हैं। निर्धारित प्रारूप एवं नियम व शर्तें किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान पीएनबी, होशंगाबाद रोड, भोपाल शाखा या मण्डल कार्यालय (जीएसएडी विभाग) भोपाल से प्राप्त कर सकते हैं अथवा बैंक की वेब साइट www.pnb.bank.in से डाउनलोड कर सकते है। पूर्णतः विधिवत भरे हुए (हस्ताक्षरित/सील सहित) मुहरबंद प्रस्ताव दिनांक 16/11/2026 (दोपहर 02:00 बजे) तक मण्डल प्रमुख, मण्डल कार्यालय, जीएसएडी विभाग, ग्राउंड फ्लोर, 1, पीएनबी हाउस, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011 के पते पर रजिस्टर्ड डाक/कोरियर/स्वयं द्वारा पहुँच जाना चाहिए।
बैंक द्वारा किसी भी प्रकार के ब्रोकरेज का भुगतान नहीं किया जावेगा। बैंक बिना कोई कारण बताए अपने विवेकाधिकार से किसी भी या सभी प्रस्तावों को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

-हस्ता-
मण्डल प्रमुख

कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल
प्रगति भवन प्रेस कॉम्प्लेक्स जोन-1 महाराणा प्रताप नगर भोपाल
क्रमांक 2401/राजस्व/भोविप्रा/26 भोपाल दिनांक : 26/10/2026

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की शाहपुरा योजना में स्थित भूखण्ड क्रमांक 186 सेक्टर-सी, श्री डी.एम. अभयंकर आ. श्री एम.पी. अभयंकर के नाम पर आवंटित है। आवंटी श्री डी. एम. अभयंकर द्वारा मुख्तारआम श्री दीपक दिनकर अभयंकर आ. डी.एम. अभयंकर द्वारा उक्त भूखण्ड का विक्रय श्रीमती ओजस्वी जैन पत्नी श्री अमित जैन पुत्री श्री दीप कुमार जैन को विक्रय कर विक्रय-पत्र दिनांक 05/08/2026 को पंजीकृत कराया गया। पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर श्रीमती ओजस्वी जैन द्वारा उक्त भूखण्ड का नामांतरण अपने नाम पर चाहा गया हैं।

उक्त संपत्ति के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साक्ष्य/दस्तावेजों के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

राजस्व अधिकारी
भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल

आम सूचना
फ्लेट नं.-403 (3 BHK) स्थित भूखण्ड क्र.-03 नजर बाग लेन, फतेहगढ गलियो में, भोपाल के संबंध में।

मेरे पक्षकार ने सैय्यद आसिम हुसैन आत्मज स्व. सैय्यद कासिम हुसैन निवासी सी-204, रिगालिया हाईटस, कोहेफिजा, भोपाल, मध्यप्रदेश से उनके मालिकी, स्वामित्व एवं आधिपत्य के फलेट नम्बर 403 (3BHK) जो कि बहुमंजिला भवन नशेमन कासिम प्लाजा के (चतुर्थ तल) पर फोर्थ फ्लोर होकर, भूखण्ड क्रमाकं 03, नजर बाग लेन, फतेहगढ गालियो में, नगर निगम सीमाओ के अंदर वार्ड क्रमाकं 05 भोपाल में स्थित है फलेट नम्बर 403 (3BHK) का कुल क्षेत्रफल 950 वर्गफिट है व जिसकी चतुर्थ सीमायें इस प्रकार है पूरब में- शासकीय पुराना मकान, पश्चिम में-फ्लेट क्रमाक 402, जीना एवं लाबी उत्तर में-अन्य भवन एवं दक्षिण में-शासकीय पुराना मकान है, को क्रय करने का अनुबंध किया गया है जिसके संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सोसायटी, या किसी अन्य को कोई आपत्ति हो या सम्पत्ति पर किसी प्रकार का दावा, झगड़ा, मांग, मतालबा या कोई अन्य विलेख निष्पादित किया गया हो, तो विज्ञप्ति दिनांक से 07 दिवस के अन्दर मेरे समक्ष सप्रमाण लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के बाद किसी आपत्ति पर विचार न किया जाकर मेरा पक्षकार अग्रिम कार्यवाही हेतु स्वतंत्र रहेगा, कृपया सूचित हो।

भवदीय **जीशान खान** (अधिवक्ता)
कार्यालय : 60 प्रिंस कालोनी, ईदगा हिल्स भोपाल मो.नं-9993139938

आम सूचना
भूमि खसरा क्रमांक- 48/1 (एस) एवं 50 स्थित ग्राम बरखेड़ी अब्दुल्ला तहसील हुजूर जिला भोपाल के सम्बंध में।

मेरे पक्षकार के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री लखन सिंह आत्मज श्री सदाराम, निवासी- मकान नम्बर - 66, विदिशा रोड, सूखी सेवनिया, तहसील हुजूर जिला भोपाल मध्यप्रदेश से उनके मालिकी, स्वामित्व एवं आधिपत्य की दो किता कृषि भूमि जो कि ग्राम बरखेड़ी अब्दुल्ला, प.ह.नं.- 17, विकास खण्ड फन्दा तहसील हुजूर जिला भोपाल में नगर निगम भोपाल की सीमाओं से बाहर मुख्य मार्ग से अन्दर स्थित है, जिसका भूमि खसरा क्रमांक- 48/1 (एस) कुल रकबा 1.9813 हेक्टेयर में से रकबा 0.870 हेक्टेयर, एवं खसरा क्रमांक- 50 (एस) कुल रकबा 0.3200 हेक्टेयर में से रकबा 0.0387 हेक्टेयर, इस प्रकार कुल रकबा 0.9087 हेक्टेयर है, जिसकी चतुर्थ सीमायें निम्नानुसार हैः- पूरब में-विक्रेता की शेष भूमि, पश्चिम में-क्रेता की भूमि, उत्तर में-विक्रेता की शेष भूमि व दक्षिण में - क्रेता की भूमि है, को क्रय करने का निश्चय करते हुये टोकन / बयाना राशि अदा कर दी हैं व उक्त सम्पत्ति के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, सोसायटी या निजी साहूकार, बैंक, या अन्य किसी शासकीय, अशासकीय, अर्द्धशासकीय निगम, संस्था इत्यादि का कोई वाद-विवाद लेनदारी या अन्य प्रकार का प्रभार व किसी भी प्रकार का स्वामित्व संबंधी विवाद आदि विद्यमान उक्त के संबंध में कोई विक्रय अनुबंध पत्र निष्पादित किया गया हो तो इस सूचना प्रकाशन के 07 (सात) दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में लिखित रूप में वैधानिक आपत्ति प्रस्तुत कर रसीद प्राप्त करें, अवधि व्यतीत होने पर मेरे पक्षकार पर कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी और मेरा पक्षकार उपरोक्त भूमि के विक्रय-पत्र का पंजीयन अपने पक्ष में करने के लिये स्वतंत्र होगा।

महेश कुमार पाल भवदीय अधिवक्ता
पाल लॉ चेम्बर-कार्यालय-पटेल मार्केट के सामने, भानपुर चौराहा, विदिशा रोड, भोपाल मोबाइल-9669480151

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank
मंडल कार्यालय, भोपाल
अरेरा हिल्स, भोपाल
फोन नं. 0755-2550020

अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु **ई-नीलामी विक्रय नोटिस**
आम लोगों को और विशेष रुप से उधार लेने वाला और प्रत्याभूतिदाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का प्रलक्षित/वास्तविक कब्जा/सांकेतिक कब्जा (इनमें से जो भी लागू होता हो) प्रतिभूत लेनदार के द्वारा लिया गया है, को ''जहां है जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार पर निम्नलिखित ऋणियों एव जमानतदारों से बैंक/प्रतिभूत लेनदार की निम्नलिखित रुपए की बकाया राशि की वसूली हेतु निम्न दिनांक को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं अग्रिम धनराशि निम्नलिखित है:-

ई नीलामी दिनांक : 16.11.2026 (ई-नीलामी का समय : प्रात: 11.00 बजे से दोपहर 5.00 बजे तक प्रत्येक 10 मिनिट के असिमित विस्तार के साथ)
ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि : 15.11.2026 रात्रि 11.00 बजे तक

ऋणी/बंधनकर्ता का नाम एवं बंधक संपत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि	मांग नोटिस दि. / कब्जा दिनांक / बकाया राशि
निविदाकार अपने प्रस्ताव रु. 25000/- (रु. पच्चीस हजार मात्र) के गुणांक मे बढ़ा सकेंगे। मंडल कार्यालय, भोपाल | प्राधिकृत अधिकारी : श्री संदीप कुमार साहू | फोन नं. 0755-2550020/7000086955		
पद्मा अय्यर, जमानतदार : श्री संतोष राव (भौतिक आधिपत्य) बंधक संपत्ति फ्लेट नं. एफ-2, मधुरम प्लाजा, गेहुखेड़ा, पुलिस गृह निर्माण सहकारी संस्थान मर्यादित, कोलार रोड, भोपाल, मध्य प्रदेश। क्षेत्रफल- 813.70 वर्ग फुट, सीमाएँ: पूर्व - प्लाट नं. 13, पश्चिम -कॉरिडोर और फ्लैट नं. एफ-1, उत्तर - फ्लैट नं.एफ-3, दक्षिण - प्लाट नं. 2 अनुसूची बी, सम्पति मालिक : श्रीमती पद्मा अय्यर PROPERTY ID : PUNBGFA9426738	(₹) 20,27,700/- / (₹) 2,02,770/-	04-11-2025 / 11-03-2026 / ₹2117294.76 + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे
मेसर्स मयूर फर्नीचर मार्ट प्रो.मनोज मालवीय पुत्र स्व. रविशंकर मालवीय (सांकेतिक आधिपत्य) बंधक संपत्ति प्लाट नं. 2/17, खसरा नं.355/7 का वह भाग जिसका क्षेत्रफल 40 फीट x 30 फीट (1200 वर्ग फीट) है, जो इंदिरा नगर, न्यू यार्ड, ग्राम मेहरागाँव, पह. नं. 09/13, बी. नं. 250, तहसील इटारसी, जिला नर्मदापुरम (म.प्र.), सीमाऐं : पूर्व में -मुख्तियार अली का रकबा, पश्चिम में - शीतल प्रसाद सरथे का रकबा, उत्तर में -रोड, दक्षिण में-रोड, संपत्ति मालिक : श्रीमती निशा मालवीय पत्नी श्री विनोद मालवीय PROPERTY ID : PUNBYFA81629960	(₹) 9,92,250/- / (₹) 99,225/-	26-05-2026 / 10-08-2026 / (₹)1571540.45 + देय ब्याज एवं अन्य खर्च

ई नीलामी दिनांक : 26.11.2026 (ई-नीलामी का समय : प्रात: 11.00 बजे से दोपहर 5.00 बजे तक प्रत्येक 10 मिनिट के असिमित विस्तार के साथ)
ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि : 25.11.2026 रात्रि 11.00 बजे तक

ऋणी/बंधनकर्ता का नाम एवं बंधक संपत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि	मांग नोटिस दि. / कब्जा दिनांक / बकाया राशि
श्री राधेश्याम पटेल पुत्र श्री पतिराम पटेल (भौतिक आधिपत्य) फ्लैट नं. एस-2, द्वितीय तल, दो मंजिला बिल्डिंग बंसिका अपार्टमेंट, प्लाट नं.74 पर निर्मित, प्रियंका नगर, म.प्र पुलिस गृह निर्माण सहकारी समिती भोपाल, ग्राम-गैंहुखेड़ा, मेन रोड के अंदर, वार्ड नं. 84, हुजूर भोपाल, क्षेत्रफल 36.40 वर्ग मीटर, सीमाऐं : पूर्व-सीढ़ियां एवं कोरिडोर, पश्चिम-अन्य भूमि, उत्तर-प्लाट नं.75, दक्षिण-फ्लैट नं. एस-1, संपत्ति मालिक : श्री राधेश्याम पटेल एवं श्रीमती मंजू सिंगरोले PROPERTY ID : PUNB82010022044	(₹) 8,79,500/- / (₹) 87,950/-	14-10-2021 / 31-12-2021 / ₹1701756.24 +देय ब्याज एवं अन्य खर्चे
श्री सुधीर पांडया पुत्र श्री आर.सी. पांडया (भौतिक आधिपत्य) फ्लैट नं. एफ-2, प्रथम तल, वंशिका अपार्टमेंट, खसरा नं. 32,36/3 का भाग, म.प्र पुलिस गृह निर्माण सहकारी समिती भोपाल, प्रियंका नगर, ग्राम-गैंहुखेड़ा, कोलार रोड, भोपाल, क्षेत्रफल 36.40 वर्ग मीटर, सीमाऐं : पूर्व-सीढ़ियां एवं कोरिडोर, पश्चिम-अन्य भूमि, उत्तर-प्लाट नं.75, दक्षिण-फ्लैट नं. एफ-01, संपत्ति मालिक : श्री सुधीर पांड्या PROPERTY ID : PUNB82010022221	(₹) 8,79,500/- / (₹) 87,950/-	21-12-2021 / 14-03-2022 / ₹1761128.62 + दिनांक 01.12.2021 से देय ब्याज एवं अन्य खर्चे

नियम एवं शर्तें :- 1. विक्रय सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम व शर्तों के आधीन होगा तथा निम्नलिखित शर्तों का पालन करना होगा। 2. सम्पत्तियों की बिक्री ''जहां है जैसा है एवं जिस अवस्था में है'' के आधार पर होगी। 3. ऊपर वर्णित सम्पत्तियों का विवरण प्रतिभूत लेनदार को प्राप्त जानकारी के आधार पर है। किन्तु प्रतिभूत लेनदार किसी भी त्रुटि, गलत जानकारी, घोषणा में चूक लिये जिम्मेदार नहीं होगा। 4. विक्रय अधिकृत ऑनलाईन ई-निलामी सेवा प्रदाता के द्वारा दिनांक 16/11/2026 एवं 26/11/2026 को वेबसाइट https://baanknet.com पर किया जायेगा। इच्छुक बोली लगाने वाले / खरीददारों को नीलामी के उचित समय से पहले बैंक से मान्यता प्राप्त सेवा प्रदाता PSB Alliance के संबंधित ई-नीलामी वेब पोर्टल https://baanknet.com में रजिस्ट्रेशन कर अपने ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में ऑनलाईन मोड का उपयोग करके ईएमडी राशि को ट्रांसफर करना होगा। यदि ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में ईएमडी राशि उपलब्ध नहीं है, तो सिस्टम बोली लगाने की अनुमति नहीं देगा। बिक्री के विस्तृत नियम व शर्तों के लिए https://baanknet.com और www.pnb.bank.in पर देखें। बकाया, किराया आदि सहित अन्य शुल्क, यदि कोई हो, नियमानुसार क्रेता द्वारा वहन किया जाएगा
दिनांक: 30/10/2026, स्थान: भोपाल

प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक

दैनिक जागरण
भोपाल, 31 अक्टूबर 2026

राजधानी जागरण

08

राजधानी का तापमान/मौसम
अधिकतम न्यूनतम
27.4°c 22.6°c
राजधानी में तापमान में गिरावट आ रही है। गुलाबी ठंड का दौर शुरू हो गया है।

11 • राज्य • 31 • संस्करण
मध्य प्रदेश • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित
www.dainikjagranmpcg.com

नगर में आज

मप्र हिन्दी साहित्य सम्मेलन
- स्थान: मातागम सुज्जन भवन
- समय: दोपहर 2:45 बजे से

नृत्य नाटिका
- स्थान: एलबीटी, सभागार
- समय: शाम 7 बजे से

रीजनल सरस मेला
- स्थान: भोपाल हाट
- समय: दोपहर 1 बजे से

नाबार्ड मेला
- स्थान: बिट्टन दशहरा ग्राउंड
- समय: दोपहर 12 बजे से

स्वदेशी मेला
- स्थान: एमवीएम कॉलेज ग्राउंड
- समय: शाम 7:00 बजे से

दीपोत्सव मेला
- स्थान: गौहर महल
- समय: शाम 7:00 बजे से

78 शलाका चित्र प्रदर्शनी
- स्थान: लिलवंदा दीर्घा, जनजातीय संग्रहालय
- समय: दोपहर 12 बजे से

माह का प्रादर्श
- मारा शिल्पम् दुर्गा: देवी दुर्गा की काष्ठ प्रतिमा
- स्थान: मानव संग्रहालय
- समय: दोपहर 12 बजे से

संक्षिप्त खबरें

उपमुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सेवानिवृत्त

विसं, भोपाल। निर्वाचन भवन मप्र में गुरुवार को उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजय श्रीवास्तव एवं सहायक ग्रेड-1 हर्षा चंद्रवाणी के सेवानिवृत्ति अवसर पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने उन्हें सेवानिवृत्ति पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजय श्रीवास्तव का निर्वाचन कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस अवसर पर संजय श्रीवास्तव ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि कार्यालय के सभी सहकर्मी उनके लिए परिवार के समान रहे हैं। मध्यप्रदेश निर्वाचन कार्यालय में कार्य करना उनके लिए गर्व का विषय रहा है।

कांग्रेस वन प्रकोष्ठ की कमान डॉ. तिवारी को

भोपाल। प्रदेश कांग्रेस संगठन ने अपने वन एवं पर्यावरण प्रकोष्ठ की कमान डॉ. एसपीएस तिवारी को सौंपी है। उन्हें लगातार तीसरी बार प्रदेशाध्यक्ष बनाया गया है। डॉ. तिवारी पूर्व में मुख्य वन संरक्षक भोपाल और आयुक्त नगर निगम रीवा रह चुके हैं। उन्हें कांग्रेस की नीतियों, सिद्धांतों के अनुसार अनुशासन के साथ संगठन को विस्तार और मजबूती देने को कहा गया है।



आयुर्वेद की पढ़ाई से मोहभंग, दो राउंड के बाद भी 2776 सीटें खाली

कुल 4600 से ज्यादा सीटें हैं प्रदेश के आयुष कॉलेजों में, रोजगार के पर्याप्त अवसर न मिलने व कट ऑफ परसेंटाइल कम न होने का दिखा असर

नगर संवाददाता, भोपाल। एक तरफ राज्य सरकार प्रदेश में आयुर्वेद को घर घर तक पहुंचाने की योजना बना रही हैं, इसके लिए मप्र में पहला आयुर्वेद विश्वविद्यालय भी स्थापित करने का प्रोजेक्ट तैयार है। वहीं दूसरी ओर आयुर्वेद की पढ़ाई के प्रति छात्र-छात्राओं का मोह भंग हो रहा है। यही कारण है कि दो राउंड की काउंसलिंग होने के बाद भी आयुष यूजी की 2 हजार से ज्यादा सीटें खाली हैं। अब सिर्फ दो राउंड और बचे हैं, यदि इन दो राउंड में भी पर्याप्त उम्मीदवार नहीं आए तो कई सीटें खाली रह जाएंगी। जानकारी के अनुसार प्रदेश के सरकारी व निजी आयुष कॉलेजों में नीट के माध्यम से काउंसलिंग प्रक्रिया चालू है। काउंसलिंग का तीसरा राउंड शुरू हो चुका है। दो राउंड के बाद जो खाली सीटों की संख्या सामने आई है, वह चौंकाने वाली है। बीते कई साल में ऐसा पहली बार देखने को मिल रहा है। जब आयुष की 2776 सीटें खाली हैं। सीटें खाली रहने की सबसे बड़ी वजह विशेषज्ञ कट ऑफ परसेंटाइल को कम न करना बता रहे हैं। जबकि कुछ विशेषज्ञ का कहना है कि आयुष चिकित्सकों को सरकारी क्षेत्र में रोजगार के पर्याप्त अवसर न मिलने के कारण यह स्थिति बन रही है। पिछले वर्ष भी एक हजार से ज्यादा सीटें खाली रह गई थी।

परसेंटाइल कम करने पर भर गई थी सीटें: दो साल पहले भी बड़ी संख्या में सीटें खाली रह गई थी। इस स्थिति से निपटने के लिए केंद्र ने स्ट्रे वेकेंसी राउंड से पहले परसेंटाइल को कम कर दिया था। इस समय कट ऑफ परसेंटाइल को सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए 50 फीसदी से घटाकर 35 फीसदी कर दिया था। इसी तरह ओबीसी और एससी व एसटी के लिए भी न्यूनतम सीमा कम कर दी गई थी। जिसका फायदा यह हुआ था कि रिक्त सीटों पर पर्याप्त उम्मीदवारों ने प्रवेश ले लिया था।



निजी कॉलेजों को नहीं मिले स्टूडेंट्स

प्रदेश में आयुष की रिक्त सीटों में सबसे बड़ी भागीदारी निजी आयुष कॉलेजों की है। रिक्त सीटों की संख्या साफ तौर पर बता रही है कि चाहे बीएएमएस हो या बीएचएमएस किसी भी कॉलेज को सीटों के मुकाबले बहुत कम संख्या में स्टूडेंट्स मिले हैं। जानकारी अनुसार प्रदेश में आयुर्वेद के 32 निजी कॉलेज हैं।

परसेंटाइल घटाने की मांग

आयुष पाठ्यक्रमों में ढाई हजार से अधिक सीट रिक्त होने के कारण संचालनालय के साथ साथ निजी कॉलेज संचालक भी चिंतित हैं। इस बीच कई विशेषज्ञ और छात्र संगठन ने नेशनल मेडिकल कमीशन से मांग की है कि वह पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी कट ऑफ परसेंटाइल में कटौती करे। बीते वर्ष एनएमसी ने सामान्य विद्यार्थियों के कट ऑफ 50 से घटाकर 35, ओबीसी और एससी-एसटी वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 40 से घटाकर 25 कर दी गई थी। इसका फायदा यह हुआ था कि ज्यादातर सीटों पर प्रवेश अंतिम के चरण में हुए थे।

अपग्रेड और सीट वृद्धि के कारण बनी स्थिति

आयुष संचालनालय सतपुड़ा भवन से मिली जानकारी अनुसार आयुष के 66 कॉलेज हैं। इनमें 40 आयुर्वेद कॉलेज, 22 होम्योपैथी और 4 यूनानी कॉलेज हैं। इनमें रिक्त सीटों की संख्या 2776 है। सीटों की संख्या बढ़ने का कारण ऑल इंडिया कोटा के तहत आवंटित सीटों पर पर्याप्त प्रवेश न होना भी है। काउंसलिंग के दो चरणों के बाद ऑल इंडिया कोटा से बची हुई सीटें वापस स्टेट कोटा में शामिल कर दी जाती हैं। अधिक जानकारी अनुसार स्टेट कोटा के तहत रिक्त 1089 सीट्स तथा अपग्रेड की हुई 1172 सीटों के साथ काउंसलिंग में नए जुड़े कॉलेजों की 119 सीटों को मिलाकर कुल 2380 सीटें खाली हैं। इसी प्रकार ऑल इंडिया कोटा के तहत रिक्त 217 सीट्स, अपग्रेड की हुई 94 सीट्स व नये जुड़े कॉलेजों की 22 सीटों समेत कुल 333 सीटें तथा नेचरोपैथी एण्ड योगा की 63 सीटें खाली हैं। इस प्रकार स्टेट व ऑल इंडिया दोनों की सीटों को मिलाकर कुल 2776 सीटें काउंसलिंग के तृतीय चरण में रिक्त हैं। तृतीय चरण की काउंसलिंग शेड्यूल के अनुसार स्टेट कोटा के तहत 28 से 30 अक्टूबर तक च्वाइस फिलिंग, 3 नवंबर को सीट आवंटन तथा 04 से 06 नवंबर को अलॉटेड कॉलेजों में प्रवेश होंगे। ऑल इंडिया कोटा के तहत 31 अक्टूबर को सीट आवंटन तथा 02 से 03 तक प्रवेश होंगे। विस्तृत जानकारी के लिए एमपी ऑनलाइन की आधिकारिक वेबसाइट के संपर्क में रहें।

> इतनी बड़ी संख्या में सीटों का रिक्त रहना चिंता का विषय है। एनएमसी व आयुष मंत्रालय से हम मांग करते हैं कि वह कट ऑफ में कटौती करे, जिससे कम नंबर वाले उम्मीदवार भी सीट हासिल कर सकें।
>
> **डॉ. राकेश पांडे,** आयुष मेडिकल एसोसिएशन

करवाचौथ की रात दंपति ने लगाई फांसी चांद देख तोड़ा व्रत फिर छिड़ गया विवाद

खजूरी सड़क क्षेत्र का मामला: पत्नी का शव घर में और पति का 100 मीटर दूर पेड़ से लटका मिला

मुख्य संवाददाता, भोपाल। पति की लंबी उम्र की कामना के साथ रखा गया करवाचौथ का व्रत भोपाल के बरखेड़ा बोंदर गांव में एक दर्दनाक त्रासदी के साथ समाप्त हुआ। खजूरी सड़क थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले इस गांव में पूजा-अर्चना के कुछ ही घंटों बाद पति और पत्नी दोनों ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पत्नी का शव घर के भीतर कमरे में साड़ी के फंदे से लटकता मिला, वहीं पति का शव घर से महज 100 मीटर की दूरी पर स्थित एक पेड़ से दुपट्टे के सहारे लटकता पाया गया। पुलिस का कहना है कि खुदकुशी के सही कारणों की पड़ताल की जा रही है और जांच पूरी होने के बाद ही स्थिति पूरी तरह साफ हो सकेगी। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 24 वर्षीय शिवानी अहिरवार की शादी करीब पांच साल पहले सूरज उर्फ गुल्ला अहिरवार के साथ हुई थी। सूरज मजदूरी का काम करता था और दंपती की कोई संतान नहीं थी। घर में उनके साथ सूरज की मां और दादी भी रहती थीं। गुरुवार को करवाचौथ की रात करीब दस बजे शिवानी ने पति सूरज के साथ पूजा-अर्चना कर चांद के दर्शन किए। व्रत पूरा होने के तुरंत बाद सूरज ने दोस्तों से मिलने जाने की बात कही, जिसका शिवानी ने कड़ा विरोध किया। परिजनों और पड़ोसियों से मिली जानकारी के अनुसार, शिवानी को अंदेशा था कि सूरज किसी दूसरी महिला से मिलने जा रहा है। इसी बात को लेकर दोनों के बीच तीखी बहस हुई। शिवानी ने जिद पकड़ी कि जब तक पति वापस नहीं लौट आता, वह खाना नहीं खाएगी। इसके बावजूद सूरज पत्नी की बात को अनसुना कर घर से बाहर निकल गया।



पत्नी का शव देख घर से गायब हो गया था पति

रात करीब ढाई बजे जब सूरज वापस लौटा तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। काफी देर तक आवाज देने और मां-दादी की मदद के बावजूद जब दरवाजा नहीं खुला, तो छत की चादर हटाकर अंदर देखा गया। कमरे का नजारा देखकर परिजनों के होश उड़ गए, शिवानी साड़ी से बनाए फंदे पर लटकी हुई थी। इस भयावह घटना के कुछ ही देर बाद सूरज घर से गायब हो गया। परिजन जब उसकी तलाश में बाहर निकले, तो घर से करीब 100 मीटर दूर एक पेड़ पर उसका शव दुपट्टे के फंदे से लटकता हुआ मिला। अजूरी सड़क थाना प्रभारी एसआई राजेंद्र सोलंकी ने बताया कि दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों और आसपास के लोगों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं।

पहले कुल्हाड़ी से की पत्नी की हत्या फिर ब्लेड से रेत लिया खुद का गला

इलाज के दौरान पत्नी ने तोड़ा दम, पति की हालत नाजुक

मुख्य संवाददाता, भोपाल। राजधानी के कोलार क्षेत्र के अब्बास नगर में शराब की लत और चरित्र शंका के कारण हुए विवाद के बाद पति ने कुल्हाड़ी से हमला कर अपनी पत्नी की हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ने शेविंग ब्लेड से सिर पर वार किए, और अपना गला रेतकर खुदकुशी की कोशिश भी की। इस खौफनाक हादसे में गंभीर रूप से घायल महिला ने हमीदिया अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया, जिससे चार मासूम बच्चों के सिर से मां का साया उठ गया है।

वारदात 23 अक्टूबर की सुबह जैन मंदिर के पास घटी। जब घर में सो रही बेटी अनुष्का की नींद खुली, तो सामने का नजारा देखकर उसकी रूह कांप गई। उसकी 38 वर्षीय मां किरण कनाचिया खून से लथपथ बेसुध पड़ी हुई थीं। वहीं पास में ही पिता रमेश कनाचिया भी गंभीर हालत में तड़प रहा था और गले से लगातार खून बह रहा था। घटना की सूचना मिलते ही कोलार पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल से खून से सनी कुल्हाड़ी व शेविंग ब्लेड जब्त कर दोनों को अस्पताल पहुंचाया। परिजनों और किरण के भाई पवन ने बताया कि रमेश पहले ड्राइवरी का काम करता था, लेकिन करीब दो साल पहले हुए सड़क हादसे के बाद उसने काम छोड़ दिया था। इसके बाद से घर चलाने की पूरी जिम्मेदारी किरण के कंधों पर आ गई थी, जो मेहनत-मजदूरी करके अपने दो बेटों और दो बेटियों का पालन-पोषण कर रही थी। रमेश को शराब पीने की लत थी और वह आए दिन किरण से पैसों की मांग कर विवाद करता था। आर्थिक तंगी के बावजूद शराब के लिए रुपए मांगने का किरण विरोध करती थी, इसी बात को लेकर घर में आए दिन तनाव बना रहता था। रमेश अपनी पत्नी के चरित्र पर शंका भी करता था। घटना की सुबह भी शराब के पैसों को लेकर ही विवाद हुआ था, जिसके बाद रमेश ने आपा खो दिया और कुल्हाड़ी से किरण के सिर, हाथ और पैरों पर ताबड़तोड़ कई वार कर दिए। इसके बाद उसने खुद पर भी जानलेवा हमला कर लिया। हमीदिया अस्पताल में पांच दिनों तक जिंदगी और मौत से जूझने के बाद आखिरकार शुक्रवार सुबह किरण की सांसें थम गईं। वहीं आरोपी पति रमेश की हालत अभी भी बेहद गंभीर बनी हुई है। कोलार पुलिस ने फिलहाल मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि किरण की मौत के बाद अब आरोपी पति के खिलाफ हत्या की धारा में मामला दर्ज कर लिया गया है।

अवैध रूप से जमीन नीलाम करने वाले 5 बैंक अधिकारियों को सजा

विधि संवाददाता, भोपाल। किसान का कर्ज माफ करने की अनुशंसा के बावजूद उसकी तीन एकड़ जमीन को 40 हजार रुपये में नीलाम करने में लोकायुक्त की विशेष अदालत ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के तत्कालीन महाप्रबंधक और प्रबंधक सहित पांच को तीन-तीन साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह की अदालत ने तत्कालीन महाप्रबंधक अशोक मुखरैया, प्रबंधक विनोद कुमार देवल, विक्रय अधिकारी हरिहर प्रसाद मिश्रा, सहकारिता निरीक्षक एपीएस कुशवाहा और नीलामी में जमीन खरीदने वाले परमजीत सिंह बेदी को दोषी ठहराते हुए जुमाने से भी दंडित किया है। लोकायुक्त की विशेष लोक अभियोजक हेमलता कुशवाहा के अनुसार मामला विदिशा रोड स्थित ग्राम रासला खेड़ी के किसान विजय नारायण से जुड़ा है। किसान ने वर्ष 1984 में दूध डेयरी शुरू करने के लिए करीब तीन एकड़ जमीन बैंक में चार हजार रुपये में गिरवी रखी थी। बैंक की आधिकारिक नोटशीट में कर्ज की राशि कम होने के आधार पर किसान का ऋण माफ करने की अनुशंसा दर्ज थी। इसके बावजूद तत्कालीन बैंक अधिकारियों ने जमीन की नीलामी की प्रक्रिया आगे बढ़ाई। आरोप था कि वर्ष 2002 में नीलामी की गलत प्रक्रिया अपनाकर किसान की तीन एकड़ जमीन तत्कालीन कलेक्टर गाइडलाइन दर से भी कम कीमत पर महज 40 हजार रुपये में परमजीत सिंह बेदी के नाम नीलाम कर दी गई। इस पूरी प्रक्रिया में बैंक अधिकारियों और खरीदार की मिलीभगत सामने आई थी।

सौतेली बेटी से दुष्कर्म करने वाले पिता को आजीवन कारावास

विधि संवाददाता, भोपाल। नाबालिग सौतेली बेटी से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को राजधानी की विशेष अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अनन्य विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) एवं 13वें अपर सत्र न्यायाधीश नीलम मिश्रा की अदालत ने शुक्रवार को मामले में फैसला सुनाया। पीड़िता के पिता की चार साल पहले मृत्यु हो गई थी। इसके बाद मां आरोपी के साथ पत्नी के रूप में रहने लगी थी। घटना जुलाई 2024 की है। पीड़िता की मां और दादी अस्पताल गई थीं। दोपहर करीब दो बजे घर में नाबालिग को अकेला पाकर आरोपी ने जबरदस्ती दुष्कर्म किया। इसके बाद 21 जुलाई 2024 को मां के मजदूरी पर जाने के दौरान आरोपी ने फिर दुष्कर्म किया। शाम को मां के घर लौटने पर पीड़िता ने घटना की जानकारी दी। 26 जुलाई 2024 को मां बेटी को लेकर बिलखिरिया थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने जांच के बाद चालान न्यायालय में पेश किया। मामले में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक अनिल कुमार पटेल और लक्ष्मी कसावा ने पैरवी की। अभियोजन पक्ष ने पीड़िता के बयान और अन्य साक्ष्य अदालत के सामने प्रस्तुत किए।

फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र से हथिया लिए लाखों के टेंडर, ठेकेदार पर एफआईआर

मुख्य संवाददाता, भोपाल। दमोह जिले के एक ठेकेदार को फर्जी दस्तावेजों के जरिए सरकारी टेंडर हासिल करना भारी पड़ गया है। आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) की सागर यूनिट ने फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र (एक्सपीरियंस सर्टिफिकेट) का इस्तेमाल कर ठेके हथियाने के मामले में ठेकेदार और उसकी कंस्ट्रक्शन फर्म के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। मामले का खुलासा उस समय हुआ जब रोहित बरोलिया नाम के एक युवक ने जांच एजेंसी को इसकी लिखित शिकायत की। शिकायत में दावा किया गया था कि ठेकेदार लखनलाल कुर्मी और उसकी फर्म जय मां अम्बे कंस्ट्रक्शन ने फर्जी कागज लगाकर



पीएचई से लाखों के टेंडर हासिल किए हैं। इस शिकायत पर जब ईओडब्ल्यू ने गहराई से पड़ताल की, तो चौंकाने वाले खुलासे हुए। जांच में सामने आया कि ठेकेदार लखन लाल कुर्मी ने छतरपुर के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) खंड के नाम से एक फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र तैयार करवाया था। इस फर्जी दस्तावेज में हैंडपंप की गिरी और फंसी हुई पाइपलाइन निकालने का झूठा अनुभव दिखाया गया था। शातिर ठेकेदार ने इसी फर्जी प्रमाण पत्र का इस्तेमाल कर निवाड़ी जिले के पीएचई के दो अलग-अलग टेंडर हासिल कर लिए, जबकि वह इन टेंडर को भरने के लिए शर्तों को पूरा ही नहीं करता था। दस्तावेजों में हेराफेरी और धोखाधड़ी साबित होने के बाद ईओडब्ल्यू ने बीएनएस की धारा 318(2), 336(2) और 340(2) के तहत केस दर्ज कर लिया है। अब जांच एजेंसी यह भी पता लगा रही है कि यह फर्जी दस्तावेज कहां से बनवाया गया और इस तरह के फर्जीवाड़े में कोई गिरोह तो शामिल नहीं है।

आम जनता ने देखे पुलिस के आधुनिक हथियार

शुक्रवार को एमपी पुलिस ने अपने हथियारों की प्रदर्शनी लगाई। जहांगीराबाद स्थित आर्म्स यूनिट में इस दौरान 28 अलग-अलग हथियार प्रदर्शित किए गए। प्रदर्शनी देखने के लिए बड़ी संख्या में स्कूली और कॉलेज के विद्यार्थियों के अलावा आम लोग भी पहुंचे। पुलिस द्वारा शहीद स्मृति दिवस के अवसर पर लगाई गई इस एग्जिबिशन में आधुनिक पिस्टल, रिवॉल्वर, मोर्टार, स्टेन गन, रायफल, गैस गन, एलएमजी, मल्टी शैल लांचर, वॉटर पम्प एक्शन गन, मल्टी ग्रेनेड लांचर, इंसास और कार्बाइन आदि का प्रदर्शन किया गया।



चीते की मौत फील्ड डायरेक्टर की पोस्ट को लेकर टीका-टिप्पणी की भरमार, कोर्ट भी पहुंचा मामला

जांच करने पहुंची दिल्ली की टीम, एफडी का टूटा दिल

विशेष प्रतिनिधि, भोपाल। देश में चीतों के पुनर्विस्थापन अभियान के तहत कूनो में बनाए गए नेशनल पार्क के चीते की गोली मारकर हत्या से दिल्ली तक हलचल मच गई। केंद्रीय वन मंत्रालय की विशेष टीम ने कूनो में डेरा डाल रखा है। घटना स्थल का निरीक्षण करने के बाद केंद्र की टीम पुछताछ में जुट गई है। इस बीच इस चीते की मौत से दुखी फील्ड डायरेक्टर (एफडी) हारा सोशल मीडिया पर डाली गई पोस्ट पर टीका-टिप्पणी करने वाले टूट पड़े। एक वाइल्ड लाइफ एक्टिविस्ट ने इसे निलंबन से बचने का तरीका तक बता दिया। तीन दिन पहले कूनो नेशनल पार्क से सटे गांव में 19 माह का नर चीता केएनजी 22 घायल अवस्था में मिला था। पहले तो इसे नाराज ग्रामीणों के लाठी-डंडो का परिणाम बताया गया। मगर अगले दिन मौत के बाद चिकित्सकों को उसके शरीर में गोलियों के छर्रे मिलने से सनसनी मच गई। उसी दिन चीते ने दम तोड़ दिया। इसकी धमक दिल्ली तक हुई। राष्ट्रीय संरक्षण में चीतों को देश में दोबारा बसाने के बीच इस बड़ी लापरवाही के सामने आते ही केंद्र की टीम गुरुवार को कूनो पहुंच गई। वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो की डायरेक्टर रुचिका ऋषि और राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) के महानिरीक्षक डॉ. संजयन कुमार ने कूनो पहुंचकर नेशनल पार्क प्रबंधन से घटना के संबंध जानकारी ली और घटना स्थल का निरीक्षण किया। दूसरे दिन भी केंद्र की टीम कूनो में सक्रिय रही। अन्य चीतों की गतिविधियों, कॉलर आईडी की स्थिति, मॉनीटरिंग और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर टीम की नजर है। इधर, चीते की मौत की जांच और दोषियों पर कार्रवाई के लिए राज्य शासन द्वारा बनाई गई एसटीएफ ने धरपकड़ तेज कर दी है। एसटीएफ इस मामले में अब तक दो दर्जन से ज्यादा लोगों की धरपकड़ कर चुकी है।

एफडी की पोस्ट पर खींचतान

इस चीते की मौत पर फील्ड डायरेक्टर उत्तम शर्मा द्वारा सोशल मीडिया पर की गई पोस्ट ने भी हलचल मचा दी। हालांकि फील्ड डायरेक्टर ने मौत पर दुख ही जताया था। अपनी पोस्ट में उन्होंने लिखा- केएनजी22 की मौत ने दिल तोड़ दिया। उसे इस तरह खो देना पीड़ादायक है और इसे स्वीकार करना कठिन है। साथ ही उन्होंने लिखा चीतों को भारतीय जंगलों में एक और मौका देने के लिए कूनो में लगातार मेहनत की जा रही है। इस पोस्ट पर टिप्पणी करने वालों की भीड़ लग गई। वन्य जीव कार्यकर्ता अजय दुबे ने टिप्पणी करते हुए लिखा कलभरे में फंसते देख मंझे हुए खिलाड़ी और राजनेता की तरह आयुक्ता दिखाकर निलंबन से बचने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने लिखा अधिकारियों पर करीब 17 निर्दोष चीतों की सिटिंग्य मौतों की जिम्मेदारी है। चीते के गले में रेडियो कॉलर होने के बावजूद उसकी लोकेशन टैस नहीं की जा सकी। चीते की गोली लगने से हुई मौत के लिए वन विभाग के अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराते हुए दुबे ने मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग रखी है। दुबे इस चीते की मौत पर अदालत में याचिका भी दायर करने जा रहे हैं।

चीता की हत्या मामले में चार वनकर्मी सस्पेंड

जागरण, मुरैना। कूनो नेशनल पार्क में मादा चीता निर्वा के शावक की गोली मारकर हत्या के मामले में वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। चीते की सुरक्षा और निगरानी (ट्रैकिंग) में लापरवाही सामने आने पर ग्वालियर सीसीएफ ने चार वनकर्मियों को सस्पेंड कर दिया है। इनमें विजयपुर क्षेत्र के वन परिक्षेत्र अधिकारी जाहर सिंह जौड़, मुरैना के पहाड़गढ़-केलारस रेंजर आकाश तोमर, कल्हार चौकी प्रभारी डिप्टी रेंजर कीर्ति शाडिल्य और नाकेदार दिनेश मरैया शामिल हैं।

स्थापना दिवस पर 102 मेधावी छात्रों को किया जाएगा सम्मानित

विशेष संवाददाता, भोपाल। मध्यप्रदेश के स्थापना दिवस पर इस बार 102 मेधावी छात्रों का सम्मान किया जाएगा। जिन्हें श्रीकृष्ण मेधावी छात्रवृत्ति के तहत एक-एक लाख रुपए की पुरुस्कार राशि प्रदान की जाएगी। यह आयोजन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में भोपाल में आहुत किया जाएगा। लाल परेड मैदान में होने वाले इस राज्य स्तरीय समारोह में भोपाल के चयनित विद्यार्थियों को सीएम सम्मानित करेंगे। जबकि जिलों में आयोजित स्थापना समारोह में अन्य चयनित छात्रों का सम्मान होगा। योजना के तहत विद्यालय स्तर पर 51 और महाविद्यालय स्तर के इतने ही विद्यार्थियों का चयन किया गया है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा सभी संबंधित कलेक्टरों को पुरस्कार वितरण की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।

सीएम भोपाल में, हेमंत बैतूल में रहेंगे मौजूद

प्रदेश की स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों के लिए मंत्रियों,जनप्रतिनिधियों को अलग-अलग जिलों की जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। शुक्रवार को इस संबंध राज्य शासन द्वारा सूची जारी कर दी गई,जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल में आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहेंगे। इसी तरह विधानसभाध्यक्ष, उपमुख्यमंत्री,कैबिनेट मंत्री अलग-अलग जिलों के कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

बाजार पर नजर



शेयर बाजार में आज

74,459

+308

Nifty 50 Top Gainers

Script	High	%Gain
Trent	3,060.00	5.44%
Interglobe Avi	4,877.60	4.33%
Infosys	1,185.00	3.36%
Apollo Hospital	8,448.00	3.02%
Power Grid Corp	267.30	1.92%

Nifty 50 Top Losers

Script	Close	%Loss
Shriram Finance	822.00	-2.13%
Nestle	1,165.00	-1.82%
M&M	2,839.00	-1.72%
Jio Financial	204.50	-1.21%
Adani Ports	1,813.70	-1.18%

फोरेक्स रेट

मुद्रा	बिक्री
डॉलर	95.9500
यूरो	106.332
दिरहम	25.94
पौंड	127.51

10 और 20 रुपए के पॉलिमर नोटों पर आरबीआई पायलट प्रोजेक्ट शुरु करेगा

एटीएम मशीनों का खर्च बचाने पहले जैसा रखा जाएगा साइज

नई दिल्ली, जेएनएन। 10 और 20 रुपये के पॉलिमर नोट पर भारतीय रिजर्व बैंक का मेगा प्लान है। आरबीआई जल्द ही 10 और 20 रुपये के पॉलिमर नोटों का पायलट प्रोजेक्ट शुरू कर सकता है। खास बात यह है कि इन नए नोटों का साइज पहले की तरह ही रखा जाएगा। इसका मकसद बैंकों को एटीएम मशीनों में बदलाव करने के भारी खर्च से बचाना है। मनीकंट्रोल की रिपोर्ट के मुताबिक, इस योजना की शुरुआत 1 अप्रैल 2027 से हो सकती है। फिलहाल आरबीआई इस योजना की तैयारी कर रहा है। अगर नए नोटों का साइज पहले से अलग होता, तो बैंकों को एटीएम मशीनों में कई बदलाव करने पड़ते। इसके लिए कैश रखने वाले बॉक्स (कैसेट), नोट पहचानने वाले सेंसर और मशीनों की सेटिंग बदलनी पड़ती। साथ ही इंजीनियरों को बुलाकर मशीनों को दोबारा ठीक से सेट करना पड़ता। एक सरकारी बैंक के वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, अगर नए पॉलिमर नोटों का साइज पहले जैसा ही रहता है, तो बैंकों को एटीएम में बदलाव पर शुरुआती खर्च नहीं करना पड़ेगा। इससे बैंकों के करोड़ों रुपये बच सकते हैं।



पहले भी एटीएम में बदलाव पर खर्च हुए थे 100 करोड़ रुपए

जब देशभर में नए 100 और 200 रुपये के नोट जारी किए गए थे, तब करीब 2.4 लाख एटीएम मशीनों में बदलाव करना पड़ा था। एटीएम इंडस्ट्री का तब करीब 100 करोड़ खर्च हुआ था। अगर किसी बैंक के पास 8,500 एटीएम हैं, तो हर मशीन को दोबारा सेट करने पर करीब 2.5 लाख का खर्च आ सकता है। इस हिसाब से बैंक का कुल खर्च करीब 21.25 करोड़ होगा। नोटों का साइज पहले जैसा रखने से बैंकों को इस खर्च से राहत मिल सकती है।

6 कंपनियों ने जमा की बोलियां

पॉलिमर नोट बनाने की तैयारी भारतीय रिजर्व बैंक की पूरी तरह से स्वामित्व वाली कंपनी भारतीय रिजर्व बैंक नोट मुद्रण प्राइवेट लिमिटेड कर रही है। इस काम के लिए अब तक 6 कंपनियों ने अपनी बोलियां जमा की हैं। इनमें भारत की पॉलिमर साइंस कंपनी यूफ्लेक्स भी शामिल है, जिसने अमेरिका की स्पेक्ट्रा सिस्टम्स के साथ मिलकर बोली लगाई है।

मटेरियल पर खास तरह की कोटिंग

टेंडर के मुताबिक, 68,000 रीम बीआएपीपी (बायएक्सियली ओरिएंटेड पॉलीप्रोपाइलीन) मटेरियल की जरूरत होगी। इसमें 34,000 रीम 10 रुपये के नोट और 34,000 रीम 20 रुपये के नोटों के लिए रखी गई हैं। इस मटेरियल पर खास तरह की कोटिंग होगी, जिससे नोटों की छपाई अच्छी तरह हो सके और स्याही ठीक से चिपकी रहे। इसके अलावा इसमें एंटी-स्टैटिक कोटिंग भी जरूरी होगी।

मैक्स हेल्थकेयर का मुनाफा में 10% बढ़ा

नई दिल्ली, जेएनएन। मैक्स हेल्थकेयर इंस्टिट्यूट लिमिटेड का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 10.34% बढ़कर 448 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 406 करोड़ था। मैक्स हेल्थकेयर ने कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी सकल आय 20% बढ़कर 3,219 करोड़ हो गई। अंतरराष्ट्रीय मरीजों से प्राप्त आय 33 प्रतिशत बढ़कर 307 करोड़ रही जो अस्पताल की कुल आय का करीब 10 प्रतिशत है। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान कंपनी के निदेशक मंडल ने मौजूदा अस्पतालों में 209 अतिरिक्त बिस्तर लगाने के लिए 415 करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय को मंजूरी दी।

चार कंपनियों को आईपीओ के लिए सेबी ने दी मंजूरी



नई दिल्ली, जेएनएन। घरेलू उपकरण बनाने वाली कंपनी एटमबर्ग टेक्नोलॉजीज, खाद्य एवं किराना खुदरा कंपनी रत्नदीप रिटेल, निर्माण एवं बुनियादी ढांचा क्षेत्र की कंपनी जीएनआई इंफ्रास्ट्रक्चर और तरल कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ2) बनाने वाली कंपनी पंजाब कार्बोनिक को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये धन जुटाने के लिए बाजार नियामक सेबी की मंजूरी मिल गई है। सेबी ने शुक्रवार को दी जानकारी में कहा कि इन कंपनियों ने मार्च से अगस्त के बीच आईपीओ के लिए शुरुआती दस्तावेज जमा किए थे। नियामक ने इन मसौदा दस्तावेजों की समीक्षा के बाद 27 से 30 अक्टूबर के बीच अपनी अंतिम टिप्पणियां दीं। सेबी की टिप्पणियां आईपीओ प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। इसके बाद कंपनियां लागू नियामकीय आवश्यकताओं के अधीन अपने सार्वजनिक निर्गम की तैयारियां आगे बढ़ा सकती हैं। मसौदा दस्तावेजों के अनुसार, एटमबर्ग टेक्नोलॉजीज के आईपीओ में 450 करोड़ रुपये तक के नए शेयर जारी किए जाएंगे।

जियो प्लेटफॉर्म्स का मुनाफा 8,389 करोड़ पहुंचा



मुंबई, जेएनएन। जियो प्लेटफॉर्म्स ने इस साल की दूसरी तिमाही में 40,475 करोड़ रेवेन्यू हासिल किया है। पिछले साल इसी दौरान रेवेन्यू 36,332 करोड़ था। कमाई बढ़ने के साथ ही कंपनी का मुनाफा भी 14 प्रतिशत बढ़कर 8,389 करोड़ हो गया है, जो पिछले साल इसी समय 7,379 करोड़ था। कंपनी का ऑपरेटिंग प्रॉफिट इस तिमाही में बढ़कर 21,879 करोड़ हो गया है। अगर पहले से तुलना करें तो पिछली तिमाही में यह 20,865 करोड़ और पिछले साल की इसी तिमाही में 18,757 करोड़ था, जो कंपनी के मजबूत फाइनेंशियल मैनेजमेंट को दिखाता है।

तिमाही में 91 लाख ग्राहक जोड़े: इस तिमाही में जियो ने 91 लाख नए ग्राहक जोड़े हैं। डेटा इस्तेमाल के मामले में ग्राहकों ने नया रिकॉर्ड बनाया है, जहां हर यूजर ने महीने में औसतन 44.2 जीबी डेटा खर्च किया। इसके साथ ही जियो के नेटवर्क पर कुल डेटा ट्रैफिक पिछले साल के मुकाबले 22 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ गया है। कंपनी छोड़कर जाने वाले यूजर्स (चर्न रेट) की दर 1.6 प्रतिशत पर स्थिर रही हैं।

हर यूजर से कमाई बढ़कर 218.8 रु. हुई: कंपनी की प्रति यूजर औसतन कमाई बढ़कर 218.8 रु. हो गई है। बेहतर ग्राहक आधार और ज्यादा डेटा इस्तेमाल की वजह से कमाई बढ़ी है। हालांकि, ब्रॉडबैंड सर्विस (फिक्स्ड ब्रॉडबैंड) में ग्राहकों को दिए गए डिस्काउंट और प्रोमोशनल ऑफर्स के कारण यह आंकड़ा इससे और ऊपर नहीं जा सका।

यूएई और सिंगापुर में अब यूपीआई से सीधे पेमेंट

नई दिल्ली, जेएनएन। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और सिंगापुर जाने वाले भारतीय यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। अब इन दोनों देशों में कई सेवाओं की बुकिंग अपने पसंदीदा यूपीआई एप से सीधे की जा सकेगी और ऑनलाइन पेमेंट भी किया जा सकेगा। दुनिया के इन दो प्रमुख पर्यटन स्थलों की यात्रा की योजना बना रहे भारतीय यात्री अब करेंसी एक्सचेंज की झंझट के बिना आसानी से बुकिंग और भुगतान कर सकेंगे। वित्त मंत्रालय के अनुसार, यह कदम भारतीय पर्यटकों के लिए यात्रा की योजना को और सरल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण है। नेशनल पेमेंट्स कारपोरेशन ऑफ इंडिया की अंतरराष्ट्रीय शाखा एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड ने यूएई और सिंगापुर के साथ रणनीतिक साझेदारी का एलान किया था। यूएई में नियोपे और एम्मार एंटरटेनमेंट के साथ साझेदारी के तहत 'एट द टॉप, बुर्ज खलीफा' में यूपीआई से भुगतान स्वीकार किया जा रहा है। वहीं, सिंगापुर में प्रमुख पेमेंट संस्थान फोमो पे की मदद से यूपीआई भुगतान की सुविधा को रिसार्ट्स वर्ल्ड सेंटोसा तक बढ़ाया गया है।

बुर्ज खलीफा से सेंटोसा तक की बुकिंग आसान

डॉलर के मजबूत होने से गिरी चांदी, 6,678 रुपए हुई सस्ती



नई दिल्ली, जेएनएन। फेस्टिव सीजन में सोना-चांदी खरीदने वालों के लिए अच्छी खबर है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, एक किलो चांदी 6,678 रुपए घटकर 1.84 लाख रुपए पर आ गई है, जो गुरुवार को 1.90 लाख रुपए पर थी। वहीं, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,364 रुपए गिरकर 1.41 लाख रुपए आ गया है। चांदी इस महीने 37,029 रुपए और सोना 7,247 रुपए गिरा है। इससे पहले 1 अक्टूबर 2026 को एक किलो चांदी के दाम 2.20 लाख रुपए और 10 ग्राम सोना 1.48 लाख रुपए पर थे। सोना-चांदी के दाम में गिरावट अंतरराष्ट्रीय बाजार में डॉलर मजबूत होने और बड़े निवेशकों के ऊंचे दामों पर बिकवाली करने से हो रही है।

ऑल टाइम हाई से 1.96 लाख रुपए गिरी चांदी : इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। चांदी की कीमत 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपए थी, जो 29 जनवरी को 3.86 लाख रुपए के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई थी। तब से अब तक चांदी 1.96 लाख रुपए सस्ती हो गई है। वहीं, 31 दिसंबर 2025 को सोने के दाम 1.33 लाख रुपए थे, जो 29 जनवरी को बढ़कर 1.76 लाख रुपए के सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गए थे। तब से अब तक सोना 35 हजार रुपए सस्ता हो चुका है।

सोने के दाम गिरने की 3 वजहें

ऊंचे भाव पर बिक्री- त्योहारों से पहले सोना काफी महंगा हो गया था, इसलिए बड़े निवेशकों ने मुनाफा कमाने के लिए अपना सोना बेचना शुरू कर दिया।

मजबूत डॉलर का असर-अंतरराष्ट्रीय बाजार में अमेरिकी डॉलर और बॉन्ड मजबूत हुए, जिससे ग्लोबल मार्केट में सोने की कीमतें नीचे आ गईं।

खरीदारों का हाथ खींचना-रिकॉर्ड महंगे दाम देखकर आम खरीदारों ने दुकानों से फिलहाल सोने की खरीदारी कम की है।

इतिहास की सबसे बड़ी क्रिप्टो हैकिंग

दुनिया के सबसे बड़े एक्सचेंज बाइनेंस से फुर्र हुए 6.3 अरब



नई दिल्ली, जेएनएन। दुनिया के सबसे बड़े क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज बाइनेंस को हैकर्स ने निशाना बनाया है। माना जा रहा है कि हैकर्स ने 6 अरब डॉलर से ज्यादा की सेंधमारी की है। इसे इतिहास की सबसे बड़ी क्रिप्टो चोरी माना जा रहा है। इसने क्रिप्टो बाजारों को पूरी तरह हिलाकर रख दिया है। साथ ही दुनिया भर में निवेशकों में डर का माहौल है। हाल के वर्षों में करोड़ों लोगों ने क्रिप्टोकरेंसीज में निवेश किया है। इनमें भारतीय निवेशक भी शामिल हैं। एक अनुमान के मुताबिक भारत में 10 करोड़ से अधिक लोगों के पास क्रिप्टोकरेंसीज हैं। बाइनेंस का कहना है कि वह इस मामले की सुरक्षा सेंध की खबरों की जांच कर रहा है। शुरुआती जांच से पता चला है कि यह घटना शायद एक इंजीनियर के हैक हुए लैपटॉप के कारण हुई है। हैकर्स ने इस हैक करके एक सर्विस कंटेनर तक एक्सेस हासिल किया और फिर अनऑथराज्ड ट्रांजैक्शन कर दिए। कुल 6.3 बिलियन डॉलर का नुकसान होने का अनुमान है। बाइनेंस ट्रेडिंग वॉल्यूम के हिसाब से दुनिया का सबसे बड़ा क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज है। यह 300 मिलियन से ज्यादा रजिस्टर्ड यूजर्स को सेवाएं देता है।

क्रिप्टोकरेंसीज में भारी गिरावट: बाइनेंस का कहना है कि करीब लगभग 3 बिलियन डॉलर की राशि ऑन-चेन फ्रीज की जा चुकी है। यानी 3.3 अरब डॉलर की राशि को अभी तक फ्रीज या रिकवर नहीं किया गया है। फंड का पता लगाने और उसे वापस पाने के लिए लॉ एनफोर्समेंट एजेंसियों और ब्लॉकचेन इंटेलिजेंस पार्टनर्स की मदद ली जा रही है। बाइनेंस ने कहा कि उसे ऐसा कोई सबूत नहीं मिला है जिससे लगे कि किसी वॉलेट की प्राइवेट की लीक हुई है।

पूर्व मध्य रेल

निविदा सूचना

सं. 29265669, दानापुर, दिनांक: 28.10.2026

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (भंडार) पूर्व मध्य रेलवे, दानापुर मंडल, निम्नलिखित कार्य हेतु रेलवे के वेबसाइट पर निविदाएं आमंत्रित करते है: 1. आपूर्ति का नाम एवं स्थान : तेजस LHB कोचों में ऑटोमैटिक प्लग डोर सिस्टम की आपूर्ति, आइटम और मात्रा -निविदा अनुसूची के अनुसार, 2. निविदा संख्या : 29265669, 3. निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय: दिनांक 25.11.2026 को 14.00 बजे तक, 4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 25.11.2026 को 14.00 बजे, 5. वेबसाइट विवरण : www.ireps.gov.in., 6. कार्यालय का पता जहाँ से निविदा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है : वरीय मंडल सामग्री प्रबंधक कार्यालय, दानापुर।

नोट : विवाद की स्थिति में अंग्रेजी नोटिस मान्य होगा। यदि जरूरत हुई तो शुद्धि पत्र उपरोक्त वेब साईट पर 14 दिन पहले अपलोड कर दिया जाएगा।

वरीय मंडल सामग्री प्रबंधक/ पूमरे/दानापुर

पीआर/1228/डीएनआर/भंडार/टी/26-27/32

शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन भी तेजी, 308 अंक चढ़ा

मुंबई, जेएनएन। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों और खुदरा कंपनी ट्रेंट के शेयरों में जोरदार लिवाली के बीच घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 308 अंक चढ़ गया जबकि निफ्टी में 116 अंक की तेजी रही। विश्लेषकों के मुताबिक, वैश्विक बाजारों में कमजोर संकेतों के बीच कच्चे तेल की कीमतों में तेजी का रुख रहने और विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली से शेयर बाजार की बढ़त सीमित रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 308.49 अंक यानी 0.42 प्रतिशत चढ़कर 74,459.53 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 591.55 अंक बढ़कर 74,742.59 अंक पर पहुंच गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 116.35 अंक यानी 0.51 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,053.10 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में ट्रेंट का शेयर सर्वाधिक 5.20 प्रतिशत चढ़ गया। टाटा समूह की खुदरा कंपनी ने बृहस्पतिवार को बताया था कि सितंबर तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 25 प्रतिशत बढ़कर 468 करोड़ रुपये रहा। राजस्व में वृद्धि और परिचालन क्षमता में सुधार से महंगाई के माहौल में भी कंपनी की आय को समर्थन मिला।

पूर्व मध्य रेल

ऑन लाईन ई-निविदा सूचना

आमंत्रित सूचना संख्या ईएल-50-दानापुर-एस-टी-22-2026-27

मंडल रेल प्रबंधक पूर्व मध्य रेल दानापुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से उन संवेदकों से, जो निविदा पत्र में वर्णित शर्तों को पूरा करते हों उनसे निम्नलिखित कार्य हेतु ऑन लाईन ई- निविदा (एकल निविदा) आमंत्रित करते हैं।

निविदा संख्या : ईएल-50-दानापुर-एस टी-22-2026-27, 1. कार्य का नाम : ECR में AC कोचों में लगे मेधा (Medha) मेक के 25 KVA इनवर्टरों के लिए तीन साल का वार्षिक निवारक रखरखाव अनुबंध (Annual Preventive Maintenance Contract) 2. अनुमानित लागत:₹1,22,88,193.20/-, 3. अग्रधन राशि: ₹2,11,500/-, 4. निविदा जमा करने की तिथि एवं समय : 20.11.2026 को 12.00 बजे तक निर्धारित है। 5. उपरोक्त सभी निविदा की वेबसाइट, नोटिस बोर्ड और कार्यालयक्रिस वेबसाइट http://www.ireps.gov.in. वरीय मंडल बिजली इंजीनियर (सामान्य)/दानापुर का कार्यालय, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय भवन, पूर्व मध्य रेल, दानापुर। नोट : (1) विवाद की स्थिति में अंग्रेजी नोटिस मान्य होगा। (2) यदि जरूरी हो तो शुद्धि-पत्र उपरोक्त वेबसाईट पर 15 दिन पहले तक अपलोड होगा।

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/सा.)/ पूमरे/दानापुर

पीआर/1226/डीएनआर/ईएलईसीटी/टी/26-27/36

पूर्व मध्य रेल

निविदा सूचना

सं. डी.एन.आर./एस एण्ड टी./सिंग/2026/20, दानापुर, दि.: 28.10.2026,

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (सिंगनल एवं दूर संचार) पूर्व मध्य रेलवे, दानापुर मंडल, निम्नलिखित कार्य हेतु रेलवे के वेबसाइट पर निविदाएं आमंत्रित करते हैं: कार्य का नाम एवं स्थान : दानापुर में FAT सेटअप की व्यवस्था, BKP स्टेशन पर एस एंड टी केबल का स्थानांतरण, साथ ही साथ दानापुर डिवीजन के अंतर्गत विभिन्न स्टेशनों पर पॉइंट मशीन, रिले और आईपीएस के पुराने संस्करण का प्रतिस्थापन हेतु कार्य, अनुमानित लागत : ₹1,43,61,208.63, बयाना राशि: ₹2,87,200/-, निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 19.11.2026 को 15.00 बजे तक। निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 19.11.2026 को 15.00 बजे। वेबसाइट विवरण : www.ireps.gov.in.. कार्यालय का पता जहाँ से निविदा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है : वरीय मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय, दानापुर।

नोट : विवाद की स्थिति में अंग्रेजी नोटिस मान्य होगा। यदि जरूरत हुई तो शुद्धि पत्र उपरोक्त वेब साईट पर 14 दिन पहले अपलोड कर दिया जाएगा।

मंडल सिंगनल एवं दूर संचार अभि./ पूमरे/दानापुर

पीआर/1231/डीएनआर/एस एण्ड टी/टी/26-27/36

कार्यालय सहायक संचालक उद्यान जिला - रायसेन (म.प्र.)

Email ID - horti.raisen@mp.gov.in

अमरूद फलबहार की अल्प कालीन विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि शासकीय उद्यान रोपणी सांची विकासखंड सांची जिला रायसेन के अमरूद फलबहार का विक्रय निविदा प्रक्रिया द्वारा किया जाना है, आंवला फलबहार के क्रय हेतु इच्छुक व्यक्ति/संस्था दिनांक 05.11.2026 दिन गुरूवार को समय दोपहर 2:00 बजे से समय 04:00 बजे तक उद्यान अधीक्षक, शासकीय उद्यान रोपणी सांची विकासखंड सांची में उपस्थित होकर अपनी निविदा, निविदा बाक्स में डाल सकते हैं। निविदा फार्म के साथ क्रेता को राशि रूपये 2000/- (दो हजार रूपये मात्र) अग्रिम धरोहर नगद जमा करना होगा। निविदा उसी दिन समय 4:00 बजे निविदाकर्ताओं के समक्ष खोली जावेगी। निविदा डालने के पूर्व शासकीय उद्यान रोपणी सांची विकासखंड सांची में फलबहार का अवलोकन कर सकते हैं, एवं संतुष्टि के उपरांत ही निविदा, निविदा बाक्स में डालें। निविदा की शर्तें निविदा फार्म के साथ संलग्न है। निविदा फार्म कार्यालयीन समय में उद्यान अधीक्षक, शासकीय उद्यान सांची विकासखंड सांची से प्राप्त कर सकते हैं।

अमरूद फलबहार शा.उ. रोपणी सांची विकासखंड सांची के फलबहार का विवरण

क्र.	नाम फलबहार	पूर्ण फलन	अर्द्ध फलन	आंशिक फलन	योग	अनुमानित उत्पादन
1	अमरूद इलहाबादी सफेदा	10	21	15	46	10-12 क्विंटल

नीलम पाटिल
उप संचालक उद्यान
जिला-रायसेन म.प्र.

जी-20798/26

पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार

कार्यालय संचालक वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, भोपाल

भदभदा रोड, भोपाल-462003

E-mail: fdvanvnp.bpl@mp.gov.in, Phone & Fax: 0755-2674278

क्रमांक/भंडार/3581 भोपाल, दिनांक/24/10/26

ई-निविदा सूचना

गिद्ध संवर्धन केन्द्र केरवा में रखे गये गिद्धों के भोजन हेतु वर्ष 2026-27 में बकरा मांस के प्रदाय हेतु अधिकृत विक्रेताओं से ऑनलाइन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित समस्त दस्तावेज/प्रपत्र वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखे जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र का मूल्य राशि रु 1000/- (एक हजार रुपये) ऑनलाइन पोर्टल पर Credit card/Debit card/ Internet banking भुगतान कर वेबसाइट https://mptenders.gov.in क्रय किये जा सकेंगे।

1. ऑनलाइन निविदा क्रय करने की तिथि 31.10.2026 Time 02:00 PM
2. Bid Submission start date 31.10.2026 Time 02:00 PM
3. Pre-Bid Meeting date 10.11.2026 Time 11:00 AM
4. Bid Submission end date 20.11.2026 Time 02:00 PM
5. Bid Opening date 23.11.2026 Time 02:00 PM

जी-20788/26

पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार

संचालक
वन विहार राष्ट्रीय उद्यान
भोपाल

कार्यालय संचालक, वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, जू भोपाल

भदभदा रोड, भोपाल-462003

E-mail: dirvvnp.bpl@mp.gov.in, Phone & Fax 0755-2674278

क्रमांक/भंडार/3577 भोपाल, दिनांक/24/10/26

ई-निविदा सूचना

वन विहार राष्ट्रीय उद्यान-जू भोपाल में शासकीय कार्यों के सुचारु संचालन हेतु 06 नग कम्प्यूटर क्रय किये जाने हेतु ऑनलाईन निविदा मान्यता प्राप्त निर्माताओं/अधिकृत विक्रेताओं से निविदा दस्तावेज अनुसार आमंत्रित किये जाते हैं।

निविदा से संबंधित निविदा दस्तावेज/प्रपत्र वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखे जा सकते हैं। निविदा दस्तावेज/प्रपत्र का मूल्य राशि रूपये 500/- (पांच सौ रुपये मात्र) ऑनलाइन पोर्टल पर Credit Card/Debit Card/Internet Banking से भुगतान कर केवल ऑनलाइन दिनांक 30.10.2026 से क्रय किये जा सकेंगे।

1. ऑनलाइन निविदा क्रय करने की तिथि 30.10.2026
2. Bid Submission start date 30.10.2026 Time 04:00 PM
3. Pre-Bid Meeting date 10.11.2026 Time 04:00 AM
4. Bid Submission end date 18.11.2026 Time 02:00 PM
5. Bid Opening date 19.11.2026 Time 02:00 PM

जी-20785/26

पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार

संचालक
वन विहार राष्ट्रीय उद्यान
भोपाल

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार में आई गिरावट



मुंबई, जेएनएन। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 30 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में 1.27 अरब डॉलर और गिरकर 719.75 अरब डॉलर रह गया। आरबीआई ने यह जानकारी दी। इससे पहले 16 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 5.01 अरब डॉलर घटकर 721.01 अरब डॉलर रहा था। प्रवासी भारतीयों की जमा पर विशेष रियायती अदला-बदली योजना के तहत बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा आने से चार सितंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार अपने उच्चतम स्तर 785.71 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। इस योजना के जरिये बैंकों ने करीब 133 अरब डॉलर की रिकॉर्ड राशि जुटाई। हालांकि, योजना बंद होने के बाद से विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार गिरावट आ रही है। विशेषज्ञों के अनुसार, एफसीएनआर (बी) संसाधनों का इस्तेमाल और डॉलर की बिक्री के जरिये आरबीआई की ओर से रुपये को संभालने के लिए किए गए प्रयासों के कारण विदेशी मुद्रा भंडार में तेज गिरावट आई है।

कार्यालय वन संरक्षक, सामाजिक वानिकी वृत्त, झाबुआ (म.प्र.)

राणापुर रोड मोजीपाड़ा नर्सरी कैम्पस झाबुआ म.प्र. E-Mail :- ccfre.jhb@mp.gov.in

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 1628 **निविदा सूचना** झाबुआ दिनांक 27/10/2026

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि सामाजिक वानिकी वृत्त, झाबुआ अन्तर्गत समस्त रोपणियों में तार फेंसिंग कार्य की सामग्री क्रय हेतु वर्ष 2026-27 में लगने वाली निम्नानुसार सामग्री के लिए www.mptenders.gov.in के माध्यम से आनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा से संबंधित जानकारी विभागीय वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर ई-निविदा क्रमांक 2026_MPFD_545680_1 के माध्यम से देखी जा सकती है। निविदा संबंधी जानकारी कार्यालयीन समय में दिनांक 28.10. 2026 से प्राप्त की जा सकती है-

क्र.	सामग्री का नाम	अनुमानित मात्रा	प्रदाय स्थल का नाम
अ.	फेंसिंग सामग्री क्रय।		
1.1	गैल्वेनाइज्ड स्टील चेनलिंक फेंस (बाड़) मेश वायर-3.15 mm व्यास वाला गैल्वेनाइज्ड स्टील वायर (100+-5) फैब्रिक का आकार 100x100 mm, ऊंचाई-150 cm मानक -IS-2721: 2003 के अनुरूप	आवश्यकतानुसार	झाबुआ की रोपणी मोजीपाड़ा, धार की रोपणी माहो एवं नटनागरा
1.2	कॉटर पिन वाला एंगल आयरन। (प्राइमर पेंट लगा हुआ फैब्रिकेटेड एंगल, जिसमें हर 30 cm पर कॉटर पिन के लिए 10 छेद है) 45x45x5mm, 3.38 kg प्रति रनिंग मीटर, एंगल की ऊंचाई 3 mtr.	आवश्यकतानुसार	
1.3	गैल्वनाइज्ड स्टील का कंटिदार तार लाइन वायर- 2.5 mm व्यास वाला गैल्वनाइज्ड स्टील का तार पॉइंट वायर- 2.5 mm व्यास वाला गैल्वनाइज्ड स्टील का तार कांटे- दो कांटों के बीच की दूरी 75 mm, चार नुकीले सिरे मानक-IS-278-2009 के अनुरूप	आवश्यकतानुसार	

निविदा शर्तें:-
1. सामाजिक वानिकी वृत्त, झाबुआ अन्तर्गत समस्त इकाईयों के वन विस्तार अधिकारी द्वारा किये गये आदेश अनुसार आदेशित स्थल पर सामग्री प्रदाय करना होगी।
2. निविदा दरें कार्य स्थल तक परिवहन लोडिंग/अनलोडिंग, व्यय एवं समस्त देय करों सहित प्रस्तावित करना होगा।
3. भुगतान राशि से नियमानुसार समस्त देय करों की कटोत्री की जाएगी।
4. फर्म के वर्तमान पंजीयन की छायाप्रति।
5. जी.एस.टी. पंजीयन की छायाप्रति।
6. निविदाकार के द्वारा निविदा की किसी भी शर्त का उल्लंघन करने पर निविदा निरस्त की जाकर सत्यंकार की राशि शासन के पक्ष में अधिग्रहित की जाएगी।
7. निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपये 1000/- तथा ईएमडी की राशि रु 24000/- (रु. चौबीस हजार रुपये मात्र) है, निविदाएं आनलाईन ही क्रय की जा सकेगी एवं आनलाईन ही प्रस्तुत करने पर मान्य होगी।

निविदा समय सारणी

विवरण	दिनांक	समय
Tender Publishing Date and Time	Date 28/10/2026 Time 12.00 PM	निविदा से आनलाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर दर्शित है।
Tender Sale Start Date and Time	Date 28/10/2026 Time 12.00 PM	
Pre Bid Meeting Date		
Bid Submission Start Date and Time	Date 28/10/2026 Time 12.00 PM	
Bid Submission Close Date and Time	Date 17/11/2026 Time 12.00 PM	
Bid Opening Date and Time	Date 18/11/2026 Time 12.00 PM	

जी-20794/26

पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार

वनमण्डलाधिकारी
सामाजिक वानिकी वृत्त झाबुआ

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ./स.) संभाग बैतूल (म.प्र.)

निविदा सूचना क्रमांक 04-डी.एल./2026-27 बैतूल, दिनांक 28/10/2026

-:: निविदा सूचना ::-

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

स. क्र.	टेण्डर नम्बर	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्रमांक	कार्य की अनुमानित राशि (लाख में)	अमानत राशि	समयावधि	भौतिक रूप से एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज)
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	2026_PWDRB_545797_1	बैतूल	सड़क कार्य	लो.नि.वि. उपसंभाग मुलताई के अन्तर्गत विभिन्न मार्गो मे पेंच रिपेयर कार्य।	प्रथम आमंत्रण	19.50	39,000/-	06 माह (वर्षाकाल सहित)	EMD and all Documents Submission Online Only.
2	2026_PWDRB_545814_1	बैतूल	सड़क कार्य	लो.नि.वि. उपसंभाग मुलताई के आमला अनुभाग के अंतर्गत विभिन्न मार्गों में पेंच रिपेयर कार्य।	प्रथम आमंत्रण	19.50	39,000/-	06 माह (वर्षाकाल सहित)	EMD and all Documents Submission Online Only.
3	2026_PWDRB_545817_1	बैतूल	भवन कार्य	लो.नि.वि. उपसंभाग भैंसदेही के अन्तर्गत गैर आवासीय भवनों की रंगाई पुताई का कार्य।	प्रथम आमंत्रण	10.00	20,000/-	06 माह (वर्षाकाल सहित)	EMD and all Documents Submission Online Only.
4	2026_PWDRB_545819_1	बैतूल	भवन कार्य	लो.नि.वि. उपसंभाग भैंसदेही के अन्तर्गत आवासीय भवनों की रंगाई पुताई का कार्य।	प्रथम आमंत्रण	10.00	20,000/-	06 माह (वर्षाकाल सहित)	EMD and all Documents Submission Online Only.
5	2026_PWDRB_545823_1	बैतूल	भवन कार्य	लो.नि.वि. उपसंभाग भैंसदेही के अन्तर्गत गैर आवासीय भवनों की मरम्मत विशेष मरम्मत एवं लघुमूल गौण कार्य।	प्रथम आमंत्रण	19.50	39,000/-	06 माह (वर्षाकाल सहित)	EMD and all Documents Submission Online Only.
6	2026_PWDRB_545825_1	बैतूल	सड़क कार्य	लो.नि.वि. उपसंभाग भैंसदेही के अन्तर्गत विभिन्न मार्गों की पुल-पुलियों एवं पहुंच मार्गों की मरम्मत का कार्य।	प्रथम आमंत्रण	19.50	39,000/-	06 माह (वर्षाकाल सहित)	EMD and all Documents Submission Online Only.
7	2026_PWDRB_545827_1	बैतूल	भवन कार्य	लो.नि.वि. उपसंभाग भैंसदेही के अन्तर्गत विश्राम गृह गुदगांव एवं झल्लार में मरम्मत विशेष मरम्मत कार्य।	प्रथम आमंत्रण	19.50	39,000/-	06 माह (वर्षाकाल सहित)	EMD and all Documents Submission Online Only.
8	2026_PWDRB_545829_1	बैतूल	भवन कार्य	लो.नि.वि. उपसंभाग भैंसदेही के अन्तर्गत विश्राम गृह झल्लार एवं कोथलकुण्ड में ग्रेडिंग, वॉटर प्रूफिंग एवं छत मरम्मत का कार्य।	प्रथम आमंत्रण	19.50	39,000/-	06 माह (वर्षाकाल सहित)	EMD and all Documents Submission Online Only.
9	2026_PWDRB_545832_1	बैतूल	भवन कार्य	लो.नि.वि. उपसंभाग मुलताई के अन्तर्गत गैर आवासीय भवनों की मरम्मत विशेष मरम्मत एवं लघुमूल गौण कार्य।	प्रथम आमंत्रण	19.50	39,000/-	06 माह (वर्षाकाल सहित)	EMD and all Documents Submission Online Only.

उपरोक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अन्तिम दिनांक 05/11/2026 सायं 17.30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

जी-20792/26

पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ./स.), संभाग बैतूल (म.प्र.)

खेल एक नजर

एसीटी हॉकी: भारत की लगातार तीसरी जीत, जापान को हराया

जालंधर, जेएनएन। पांच बार की चैंपियन भारतीय हॉकी टीम ने स्ट्राइकर अभिषेक नैन के दो गोल की मदद से शुक्रवार को पुरुष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट में जापान को 4-1 से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। भारत ने इससे पहले अपने शुरुआती दो मुकाबलों में बांग्लादेश को 13-0 से रौंदा था, जबकि चीन को 5-2 से हराया था। भारत की ओर से अभिषेक (11वें और 51वें मिनट) ने दो मैदानी गोल किए। कप्तान हरमनप्रीत सिंह (47वें मिनट) ने टीम को मिले एकमात्र पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किया, जबकि विष्णुकांत सिंह (56वें मिनट) ने भी मैदानी गोल दागा। जापान के लिए एकमात्र गोल शोता यामादा (15वें मिनट) ने पेनल्टी स्ट्रोक पर किया। भारत का अगला मुकाबला रविवार को मलेशिया से होगा।

हाइलो ओपनः सिंधु सेमीफाइनल में, अब अनमोल से होगा सामना

सारब्रकेन (जर्मनी), जेएनएन। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने हाइलो ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में जर्मनी की अमली शुल्ज को सीधे गेम में हराकर महिला एकल सेमीफाइनल में जगह बना ली। सिंधु के सामने अब सेमीफाइनल में हमवतन अनमोल खरब की चुनौती होगी। अनमोल ने एक घंटे आठ मिनट तक चले कड़े मुकाबले में छठी वरीयता प्राप्त उन्तति हुड्डा को 21-17, 18-21, 21-16 से शिकस्त दी। इस तरह महिला एकल वर्ग के सेमीफाइनल में दोनों भारतीय खिलाड़ियों के आमने-सामने होने से भारत का फाइनल में एक स्थान पक्का हो गया है। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधु ने हाल में फ्रेंच ओपन में उपविजेता रहने के बाद यहां शुल्ज को महज 27 मिनट में 21-12, 21-10 से हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया।

मुंबई इंडियंस ने राबिन उथप्पा को बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया

नई दिल्ली, जेएनएन। पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस ने आईपीएल के 2027 के सत्र से पहले कोचिंग स्टाफ में फेरबदल करते हुए पूर्व भारतीय बल्लेबाज रोबिन उथप्पा को बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया। उथप्पा के अलावा न्यूजीलैंड के मिशेल मैक्लेनाघन को गेंदबाजी कोच, जबकि पूर्व भारतीय फील्डिंग कोच टी दिलीप को इसी भूमिका में नियुक्त किया है। फ्रेंचाइजी ने धवल कुलकर्णी को विकास गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है। इस तरह से उथप्पा, मैक्लेनाघन और कुलकर्णी की मुंबई इंडियंस में वापसी हो रही है, जो पहले खिलाड़ी के तौर पर इस फ्रेंचाइजी का हिस्सा रह चुके हैं। मुंबई ने गेंदबाजी कोच लसिथ मलिंगा और पारस म्हाम्ब्रे के साथ-साथ कोर्ल हॉपकिंसन से भी नाता तोड़ने का फैसला किया था।

फिलिप्स के शतक और डफी के चार विकेट से कीवियों ने चौथे टी-20 में टीम इंडिया को 87 रन से हराया

दूसरी सबसे बड़ी हार के साथ भारत का न्यूजीलैंड के खिलाफ विजयी रथ थमा

जेएनएन, ऑकलैंड

ग्लेन फिलिप्स के तूफानी शतक और तेज गेंदबाज जैकब डफी की घातक गेंदबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने पांच मैचों की टी-20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के चौथे मुकाबले में शुक्रवार को भारत को 87 रन से करारी शिकस्त दी। भारत की टी-20 में रनों के लिहाज से यह दूसरी बड़ी हार है। इससे पहले 2026 में इंग्लैंड ने भारत को 125 रनों से हराया था। इस हार के साथ ही न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 में भारत का लगातार जीत का सिलसिला थम गया। भारत ने कीवी टीम के खिलाफ लगातार 10 मुकाबले जीते थे। भारतीय टीम शुरुआती तीन मुकाबले जीतकर पहले ही सीरीज अपने नाम कर चुकी है। इस जीत के साथ न्यूजीलैंड ने सीरीज में हार का अंतर 1-3 कर दिया। प्लेयर ऑफ द मैच फिलिप्स ने 49 गेंदों में 107 रन की विस्फोटक पारी खेली, जबकि माइकल ब्रेसवेल ने महज 25 गेंदों में 65 रन बनाए। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए सिर्फ 41 गेंदों में 115 रन की साझेदारी कर न्यूजीलैंड को सात विकेट पर 259 रन के विशाल स्कोर तक पहुंचाया। यह महज न्यूजीलैंड का सर्वोच्च स्कोर नहीं है, बल्कि भारत के खिलाफ टी-20 में किसी भी टीम द्वारा बनाया गया सबसे बड़ा स्कोर भी है, जिसने इसी साल इंग्लैंड द्वारा बनाए गए 257 रनों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। इसके जवाब में भारतीय टीम अतिरिक्त उछाल वाली पिच पर नौ विकेट पर 172 रन ही बना सकी।



फिलिप्स ने 46 गेंदों में तीसरा टी-20 शतक पूरा किया। उन्होंने अर्धशतक से शतक तक पहुंचने के लिए सिर्फ 15 गेंदें खेलीं। यह न्यूजीलैंड के लिए इस प्रारूप में संयुक्त रूप से दूसरा सबसे तेज शतक है। फिलिप्स के लिए नंबर चार या उससे नीचे बल्लेबाजी करते हुए यह उनका तीसरा टी-20 शतक है, और यह ग्लेन मैक्सवेल (4) से पीछे हैं। ब्रेसवेल ने 19 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया, जो भारत के खिलाफ संयुक्त रूप से दूसरा सबसे तेज अर्धशतक है।

भारत ने पावरप्ले में गंवाए चार विकेट

लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को अच्छी शुरुआत की दरकार थी, लेकिन डफी ने पहले ही ओवर में संजू सैमसन (चार) और इशान किशन (शून्य) को आउट कर उसकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। भारत ने पहले ओवर के बाद दो विकेट पर महज चार रन बनाए थे। भारत की ओर से तीसरे विकेट के लिए कप्तान श्रेयस अय्यर (22) और अभिषेक शर्मा (27) के बीच 46 रन की साझेदारी सबसे बड़ी रही। पांचवें ओवर में मैथ्यू फिशर ने अभिषेक (27) को कैच आउट कराते हुए साझेदारी का अंत किया। पावरप्ले के आखिरी ओवर में एडम मिल्ने ने अय्यर (22) का लेग स्टंप उड़ा दिया। भारत ने पावरप्ले में चार विकेट पर 61 रन बनाए। अगले तीन ओवर में नीतीश (25) और अक्षर पटेल (7) भी पवेलियन लौट गए। नमन धीर (28) ने कुछ बड़े शॉट्स लगाए लेकिन भारत कभी चेज में नहीं आ सका।

32 रन पारी के 16वें ओवर में नीतीश ने लुटाए, जिसमें फिलिप्स ने लगातार चार छक्के जड़े थे। ये टटुआर्ट बिल्नी के साथ संयुक्त रूप से भारत के लिए दूसरा महंगा ओवर रहा। दुबे ने एक ओवर में 34 रन लुटाए हैं। उन्होंने अपने स्पेल में कुल 64 रन खर्च किए, जो टी-20 में किसी भी भारतीय गेंदबाज का संयुक्त रूप से दूसरा सबसे महंगा स्पेल बन गया।

150 विकेट अर्शदीप के 103 टी-20 में हो गए हैं। वे 150 विकेट लेने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। अर्शदीप ने यह मुकाम डेब्यू से 1577 दिनों के भीतर हासिल किया है, जो वानिंदु हसरंगा (2325 दिन) को पछाड़कर किसी भी गेंदबाज द्वारा सबसे तेज 150 विकेट लेने का नया विश्व रिकॉर्ड है।

स्कोर बोर्ड

न्यूजीलैंड: 259/7 (20 ओवर)

	रन	गेंद	4	6
साइफर्ट का. प्रिंस बो. मयंक	3	5	0	0
एलन का. अभिषेक बो. अक्षर	31	17	2	2
मिचेल पगवाधा बो. मयंक	24	9	2	2
फिलिप्स का. अभिषेक बो. नीतीश	107	49	6	10
जेकब्स का. अर्शदीप बो. मयंक	7	7	0	0
माइकल ब्रेसवेल पगवाधा बो. प्रिंस	65	25	4	6
सैंटनर का. नीतीश बो. अर्शदीप	5	6	0	0
नाथल स्मिथ नाबाद	6	3	1	0
एडम मिल्ने नाबाद	1	1	0	0

अतिरिक्त: 10, **कुल:** 20 ओवर में सात विकेट पर 259 रन, **विकेट पतन:** 1-5, 2-34, 3-93, 4-112, 5-227, 6-246, 7-252, **गेंदबाजी:** मयंक 4-0-48-3, अर्शदीप सिंह 4-0-38-1, प्रिंस यादव 4-0-49-1, नीतीश रेड्डी 4-0-64-1, अक्षर पटेल 3-0-43-1, नमन धीर 1-0-16-0.

भारत: 172/9 (20 ओवर)

	रन	गेंद	4	6
सैमसन का. साइफर्ट बो. डफी	4	2	1	0
अभिषेक का. सैंटनर बो. फिशर	27	15	3	1
इशान का. एंड बो. डफी	0	3	0	0
श्रेयस अय्यर बो. मिल्ने	22	11	4	0
अक्षर का. एंड बो. सैंटनर	7	9	1	0
नीतीश का. ब्रेसवेल बो. सैंटनर	21	10	0	2
तिलक का. साइफर्ट बो. फिशर	35	35	1	3
नमन धीर का. स्मिथ बो. डफी	28	13	2	2
अर्शदीप का. जेकब्स बो. डफी	0	1	0	0
प्रिंस यादव नाबाद	18	17	2	1
मयंक यादव नाबाद	3	4	0	0

अतिरिक्त: 7, **कुल:** 20 ओवर में 9 विकेट पर 172 रन, **विकेट पतन:** 1-4, 2-4, 3-50, 4-56, 5-86, 6-89, 7-121, 8-121, 9-158, **गेंदबाजी:** जेकब डफी 4-0-34-4, एडम मिल्ने 4-0-35-1, नाथल स्मिथ 4-0-47-0, मैथ्यू फिशर 4-0-40-2, मिचेल सैंटनर 4-0-24-2.

- अर्शदीप ने 150 विकेटों का यह मुकाम डेब्यू से 1577 दिनों के भीतर हासिल किया है, जो वानिंदु हसरंगा (2325 दिन) को पछाड़कर किसी भी गेंदबाज द्वारा सबसे तेज 150 विकेट लेने का नया विश्व रिकॉर्ड है। गेंदों के लिहाज से अर्शदीप (2143 गेंद) किसी भी तेज गेंदबाज द्वारा 150 विकेट तक पहुंचने वाले तेज गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने मुस्तफिजुर रहमान (2532 गेंद) को काफी पीछे छोड़ दिया है।

सिराज की वापसी व पडिक्कल की शानदार फॉर्म से भारत-ए मजबूत

भारत और न्यूजीलैंड ए टीम के बीच दूसरा चार दिवसीय टेस्ट मैं आज से

क्राइस्टचर्च, जेएनएन। देवदत पडिक्कल की शानदार फॉर्म और अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की वापसी से भारत-ए को मजबूती मिली है और वह शनिवार से शुरू होने वाले दूसरे अनौपचारिक चार दिवसीय टेस्ट में न्यूजीलैंड-ए को हराने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। भारत और न्यूजीलैंड के बीच 19 नवंबर से शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए भारतीय खिलाड़ियों को चार दिवसीय मैच से तैयार होने में मदद मिलेगी। भारत-ए की टीम पहली पारी में 39.3 ओवर में केवल 113 रन पर आउट हो गई थी। इसके बाद बाएं हाथ के प्रतिभाशाली बल्लेबाज पडिक्कल ने शानदार 199 रन बनाकर टीम को दूसरी पारी में 516 रन तक पहुंचाने में मदद की और न्यूजीलैंड-ए के सामने 313 रन का लक्ष्य रखा। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ने निराश किया था। राहुल अब वनडे टीम से जुड़ेंगे और दूसरा मैच नहीं खेलेंगे।

पहली बार विश्व के नंबर एक पुरुष खिलाड़ी बनेंगे ज्वेरेव

वियना, जेएनएन। जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव आधिकारिक रोमवार को दुनिया के नंबर एक पुरुष टेनिस खिलाड़ी बन जाएंगे। सोमवार को जब नई टेनिस रैंकिंग जारी होगी, तो 29 वर्षीय ज्वेरेव नंबर एक पर काबिज होंगे। उन्होंने गुरुवार को एटर्ड बैंक ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचकर अपने लिए नंबर एक रैंकिंग सुनिश्चित की। उन्होंने टैलन ग्रीकस्पोर को 6-4, 7-5 से हराया। इस साल फ्रेंच ओपन और अमेरिकी ओपन जीतने वाले ज्वेरेव ने कहा कि दुनिया के शीर्ष पर होने का अहसास अद्भुत है। यह किसी टूर्नामेंट या खिताब को जीतने से अलग है, लेकिन यह जानकर बहुत खास अहसास होता है कि जब नई रैंकिंग जारी होगी तो आपका नाम नंबर एक पर लिखा होगा।

अंडर-19 एशिया कप: अन्वय द्रविड़ व आर्यवीर सहवाग भारतीय टीम में

नई दिल्ली, जेएनएन। भारतीय क्रिकेट के दो दिग्गज खिलाड़ियों राहुल द्रविड़ और वीरेंद्र सहवाग के बेटे अन्वय द्रविड़ और आर्यवीर सहवाग को अंडर-19 एशिया कप के लिए शुक्रवार को घोषित भारतीय टीम में शामिल किया गया है। एशियाई क्रिकेट परिषद पुरुष अंडर-19 एशिया कप का आयोजन वनडे प्रारूप में पांच से 14 नवंबर तक ओमान की राजधानी मस्कट में किया जाएगा। कर्नाटक के अन्वय और दिल्ली के आर्यवीर ने हाल ही में संपन्न वीनू मांकड़ ट्रॉफी में अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से प्रभावित करते हुए चयनकर्ताओं का ध्यान खींचा था। 17 साल के अन्वय ने इस महीने की शुरुआत में अंडर-19 प्रतियोगिता में गुजरात के खिलाफ महज 100 गेंदों पर 151 रन की विस्फोटक पारी खेली थी। 19 साल के आर्यवीर ने विजयनगरम में चंडीगढ़ के खिलाफ 143 गेंदों पर 173 रन की तूफानी पारी खेली थी। लक्ष्य रायचंदानी को भारतीय टीम की कप्तानी सौंपी गई है, तो वहीं यशवर्धन सिंह चौहान उपकप्तान होंगे। भारत को ग्रुप-ए में पाकिस्तान, नेपाल और यूएई के साथ रखा गया है। ग्रुप-बी में बांग्लादेश, श्रीलंका, अफगानिस्तान और मलेशिया की टीमें शामिल हैं।

इंटरनेशनल सिक्सेस में पाक से हारा भारत

कोवलून, जेएनएन। भारत को हांगकांग इंटरनेशनल सिक्सेस के मैच में पाकिस्तान ने चार विकेट से हराया। पहले खेलते हुए भारत छह ओवर में पांच विकेट पर 88 रन बना सका। शशांक सिंह ने 11 गेंद में 40 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान ने 3.5 ओवर में दो विकेट पर 92 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज ख्वाजा नफे (12 गेंद में 41) और अब्बास अफरीदी (आठ गेंद में 35) ने 13 गेंद में 59 रन की साझेदारी की। अफरीदी ने पहले ही ओवर में कुणाल पंड्या को पांच छक्के लगाए।

मध्यप्रदेश

मौसम अपडेट

प्रदेश के चार महानगरों का तापमान



देश के चार महानगरों का तापमान

दिल्ली		मुंबई	
20.7 अधिकतम	17.2 न्यूनतम	35.2 अधिकतम	23.2 न्यूनतम
चेन्नई		**कोलकाता**	
36.4 अधिकतम	20.5 न्यूनतम	29.2 अधिकतम	25.2 न्यूनतम

सूर्यास्त 5:44 PM	चन्द्रोदय 9:32 AM
सूर्योदय 6:25 AM	चन्द्रास्त 10:45 PM

शराब ठेका हटाने की फरियाद लेकर पहुंचीं महिला पर भड़के मंत्री



जागरण, सीहोर। गांव में शराब दुकान से परेशान महिला जब अपनी पीड़ा लेकर प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा के सामने पहुंचीं तो वे भड़क गए। मामला मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान शिविर का है। इससे जुड़ा वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में मंत्री महिला से उसके पति को बंद करा देने की बात कहते सुनाई दे रहे हैं। मामला सीहोर विकासखंड के ग्राम महोड़िया का है, जहां मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय शिविर आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ग्रामीणों से संवाद करने और उनकी समस्याएं सुनने पहुंचे थे। इसी दौरान गांव की महिला शराब ठेके से हो रही परेशानियों को लेकर उनके सामने पहुंच गईं। महिलाओं ने गांव में संचालित शराब दुकान को हटाने अथवा बंद कराने की मांग रखी। महिलाओं की शिकायत थी कि शराब दुकान से गांव का सामाजिक वातावरण प्रभावित हो रहा है।

सीएम करें हस्तक्षेप, रोटी-सब्जी के लिए फिर कभी बच्चों को न करना पड़े सत्याग्रह

शांतिपूर्ण प्रदर्शन और आंदोलन लोकतंत्र में जनता की आवाज उठाने और सरकारों को जवाबदेह बनाने का सशक्त माध्यम माने जाते हैं लेकिन विद्यार्थियों को जब अपनी छोटी-छोटी बुनियादी सुविधाओं की मांग को लेकर पैदल आंदोलन का रास्ता चुनना पड़े तो समझना होगा कि मामला गंभीर है। प्रदेश के रतलाम और झाबुआ में बीते दिनों हुए विद्यार्थियों के प्रदर्शन भी इसी ओर इशारा करते हैं। ये मामले व्यवस्था की संवेदनहीनता और जवाबदारी के उदाहरण हैं, जो बताते हैं कि स्थानीय स्तर पर प्रशासनिक व्यवस्था पूरी तरह से निष्क्रिय हो चुकी है। रतलाम के सैलाना स्थित एकलव्य मॉडल स्कूल के छात्र शिक्षा व्यवस्था और छात्रावास की बदहाली से तंग आकर 20 किलोमीटर पैदल चलकर कलेक्ट्रेट जा पहुंचे। झाबुआ में भी इसी तरह के हालात के बाद बच्चों को अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर उतरना पड़ा। रतलाम में तो छात्र महीनेभर से समस्याओं के निराकरण के लिए गुहार लगा रहे थे लेकिन जब स्थानीय स्तर पर कोई सुनवाई नहीं हुई, तो उन्हें पैदल मार्च निकालना पड़ा, जिसके बाद आनन-फानन में प्रशासन ने बच्चों के लिए रास्ते में बस और नाश्ते की व्यवस्था कर उन्हें मनाने कोशिशें भी कीं। झाबुआ का मामला भी खराब भोजन और बुनियादी सुविधाओं के अभाव से जुड़ा हुआ है। अगर आज भी आवासीय विद्यालयों में बच्चों को जली-कच्ची रोटियां, कीड़े-इल्ली वाली सब्जियां परोसी जा रही है, उन्हें समय पर शिक्षक नहीं मिल रहे हों और हॉस्टल में गंदगी जैसी समस्याएं हों तो इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

दोनों ही मामलों में अधिकारियों ने जांच और कार्रवाई के रटे-रटाए आश्वासन दिए हैं लेकिन हमें समझना होगा कि आखिर वे कौन-सी परिस्थितियां हैं, जिनमें बच्चों को बुनियादी जरूरतों के लिए सड़कों पर उतरना पड़ रहा है? विद्यार्थियों की समस्याओं का निराकरण जब स्थानीय स्तर पर ही हो सकता है तो विद्यार्थियों को जिला मुख्यालय पहुंचकर कलेक्टर से गुहार लगाने की नौबत क्यों आई? रतलाम के मामले में जनजातीय विभाग की सहायक आयुक्त डॉ. प्रियंका राय ने तो प्रारंभिक रूप से इस बात को स्वीकार भी किया था कि संभव है कि स्टाफ और विद्यार्थियों के बीच संवाद की कमी हो, जिस कारण इस तरह की स्थिति बन रही हो। यह समय महज लीपापोती या जांच के औपचारिक आदेश देने का नहीं है, बल्कि सख्त और निर्णायक कदम उठाने का है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को इस मामले में तत्काल व्यक्तिगत हस्तक्षेप करना चाहिए। मुख्यमंत्री को राज्य के सभी आवासीय और एकलव्य विद्यालयों की व्यवस्थाओं की उच्च-स्तरीय समीक्षा के आदेश देने चाहिए। साथ ही, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि हर स्कूल में समय पर योग्य शिक्षक उपलब्ध हों, मेस और हॉस्टल की साफ-सफाई व गुणवत्ता से कोई समझौता न हो, और लापरवाही बरतने वाले प्राचार्यों और जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई हो, जिससे भविष्य में रोटी और सब्जी के लिए फिर कभी बच्चों को सड़क पर उतरकर सत्याग्रह न करना पड़े। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रत्येक जिले के कलेक्टर को निर्देशित करें कि इस प्रकार के प्रकरण भविष्य में न आएं, ऐसा प्रत्येक कलेक्टर सुनिश्चित करें।

बदहाली से तंग आकर 20 किमी पैदल चले छात्र, खाली बस पीछे दौड़ाते रहे अफसर



झाबुआ में एकलव्य विद्यालय के 100 से अधिक विद्यार्थियों ने अव्यवस्थाओं को लेकर निकाला पैदल मार्च

कीड़े वाली सब्जी व जली रोटियां देने के विरोध में 15 किलोमीटर तक चले पैदल, एक छात्रा बेहोश



सीधी: बस-कार की टक्कर में दंपति सहित तीन की मौत, बेटी गंभीर

जागरण, सीधी। प्रदेश के सीधी जिले में शुक्रवार दोपहर एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया है। दोपहर डेढ़ बजे अमरपुर के बेहड़ा मोड़ के पास वैष्णवी बस और एक कार के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इस भीषण दुर्घटना में कार सवार दंपति और एक अन्य की मौत हो गई, जबकि दंपति की पांच साल की मासूम बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। चुरहट पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान मैहर जिले के देवरी कला के रहने वाले अनिल तिवारी और उनकी पत्नी मनोरमा तिवारी के रूप में हुई है। वहीं कार सवार एक अन्य व्यक्ति सुधीर तिवारी की भी मौत हुई है। वहीं, घायल बच्ची की पहचान मोइना तिवारी उर्फ रानी के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शी कुआं निवासी विनय मिश्रा ने बताया कि टक्कर इतनी भयावह थी कि तीनों मृतकों की लाशें सड़क पर क्षत-विक्षत हालत में बिखरी पड़ी थीं। वहीं कार के भीतर खून से सनी मासूम बच्ची बदहवास होकर रो रही थी। मौके पर मौजूद राहगीरों ने बिना देरी किए डायल 112 और एंबुलेंस को घटना की सूचना दी और बच्ची को कड़ी मशक्कत के बाद कार से बाहर निकाला। चुरहट थाना पुलिस दुर्घटना के कारणों और परिस्थितियों की विस्तृत जांच में जुट गई है।



देवास: दूध के टैंकर ने बाइक को मारी टक्कर, मां-बेटी की मौत





जागरण, देवास। प्रदेश के देवास में भोपाल बायपास पर तेज रफ्तार दूध के टैंकर ने बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार मां-बेटी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। घटना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों शवों को पीएम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। जानकारी के अनुसार तीन लोग बाइक पर सवार होकर भांगलड़ी सोनकच्छ से देवास आ रहे थे। इसी दौरान भोपाल बायपास पर पीछे से आ रहे तेज रफ्तार दूध के टैंकर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उस पर सवार सांता बाई और उनकी 21 साल की बेटी पायल की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शवों को पीएम के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल दूध के टैंकर को जब्त कर लिया है। मामले में जांच की जा रही है।

भोपाल बायपास पर हादसा, बाइक सवार तीसरा व्यक्ति घायल

भिंड में युवक की गोली मारकर हत्या आठ राउंड फायरिंग से फैली दहशत

खौफ के कारण व्यापारियों ने बंद कीं दुकानें

जागरण, भिंड। जिले के गोरमी थाना क्षेत्र अंतर्गत कचनाव रोड पर शुक्रवार रात सनसनीखेज वारदात सामने आई है। विवाद के बाद बेखौफ बदमाशों ने एक युवक की कट्टे से गोली मारकर हत्या कर दी। हमलावरों ने युवक के गले से सटाकर गोली चलाई, जो आर-पार हो गई। घटना के दौरान 7 से 8 राउंड हवाई फायरिंग की गई, जिससे पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया। मृतक की पहचान मोहनपुर के रिक्की पंडित के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, रात को जब रिक्की कचनाव रोड से गुजर रहा था, तभी कुछ लोगों ने उसे रास्ते में रोक लिया। दोनों पक्षों के बीच पहले कहासुनी हुई और देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने हथियार निकालकर रिक्की पर फायरिंग कर दी। गले में गोली लगते ही रिक्की ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी शव को सड़क पर ही छोड़कर फरार हो गए।



बाजार में भगदड़, थाने के बाहर जुटी भीड़

अंधाधुंध गोलाबारी की आवाज सुनते ही कचनाव रोड और आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। खौफ के मारे दुकानदारों ने आनन-फानन में अपनी दुकानें बढ़ा दीं और आसपास के रहवासियों ने घरों के दरवाजे बंद कर लिए। घटना की खबर फैलते ही आक्रोशित स्थानीय निवासियों और परिजनों की भीड़ गोरमी थाने के बाहर एकत्र हो गई। सूचना मिलते ही मेहगांव एसडीओपी भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और साक्ष्य जुटाए। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, हत्या के कारणों और पुरानी रंजिश के सभी पहलुओं की गहनता से पड़ताल की जा रही है। आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों का गठन कर दिया गया है।

मुद्रक एवं प्रकाशक राजीव मोहन गुप्त द्वारा जागरण पब्लिकेशन्स प्रा. लि. हेतु 'दैनिक जागरण प्रेस' 33, जागरण भवन, प्रेस काम्प्लेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल, मध्यप्रदेश -462011 (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. 1573/57, पंजीयन संख्या 7 म.प्र., संस्थापक : स्व. गुरुदेव गुप्त, संपादक : राजीव मोहन गुप्त, स्थानीय संपादक : हरिमोहन गुप्त फोन : कार्या. : 0755-6723200 E-mail : modemdj@gmail.com।

संक्षिप्त समाचार

अमेरिका मिडटर्म चुनाव

अर्ली वोटिंग का टूटा रिकॉर्ड सर्वे में पिछड़े राष्ट्रपति ट्रंप

वाशिंगटन,जेएनएन। अमेरिका में मिडटर्म चुनाव को लेकर शुरुआती मतदान (अर्ली वोटिंग) को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है। गुरुवार तक



लगभग चार करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके हैं, जो पिछले मिडटर्म चुनावों की तुलना में 60 प्रतिशत अधिक है। रॉयटर्स और इप्सॉस के हालिया सर्वे के अनुसार, अर्ली वोटिंग में राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी पिछड़ती नजर आ रही है। रिपब्लिकन उम्मीदवारों को 36 प्रतिशत और विपक्षी डेमोक्रेटिक उम्मीदवारों को 47 प्रतिशत मतदाताओं का समर्थन मिल रहा है।

फ्लाइट की खिड़की पर टेप देखकर भड़के यात्री

नई दिल्ली, जेएनएन। स्पाइसजेट की फ्लाइट की खिड़की पर लगे टेप को



देखकर यात्रियों और स्पाइसजेट के स्टाफ के बीच बहस हो गई। इसके बाद स्टाफ ने यात्रियों को भरोसा दिलाया कि विमान उड़ान भरने के लिए बिल्कुल सुरक्षित है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर यात्री सहज महसूस नहीं कर रहे हैं तो वे सफर नहीं करने का विकल्प चुन सकते हैं। इस दौरान हुई बहस का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो कब और कहां का है, इसकी जानकारी अभी नहीं मिली है। वीडियो में एक महिला खिड़की पर लगे ढीले टेप को दिखाकर स्टाफ से सवाल करती हैं। यात्रियों ने पूछा कि जब टेप ढीला है तो विमान को सुरक्षित कैसे बताया जा रहा है।

उप्र में फिर जीत मिली तो लागू होगा यूसीसीः शाह

लखनऊ, जेएनएन। भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियां तेज कर दी हैं। भाजपा के थिंक टैंक माने जाने वाले अमित



शाह की देखरेख में अपने अभियान को धार देने के लिए भाजपा ने संगठनात्मक स्तर पर अपनी कवायद तेज कर दी है। अमित शाह ने कहा कि यूपी में 30 वर्ष तक भाजपा की सरकार रहेगी। राहुल गांधी अगले 30 साल चुनाव नहीं जीतेंगे। शाह ने उत्तर प्रदेश से राहुल गांधी और अखिलेश पर तीखा हमला बोला। शाह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा अंगद का पांव है, जिसे कोई हिला नहीं सकता। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने दिग्गजों की मौजूदगी में भाजपा उत्तर प्रदेश की टीम में जोश भरा और कहा कि उत्तर प्रदेश में तीसरी बार सरकार बना दो यहां भी यूसीसी लागू करेंगे।

रब्बी ने गाय की पूजा करने का उड़ाया मजाक

न्यूयॉर्क, जेएनएन। अमेरिका में रहने वाले इजराइली मूल के रब्बी योसी मिजराही ने हिंदुओं के गाय की पूजा करने का मजाक उड़ाया है। उन्होंने भारतीय डॉक्टरों को लेकर भी अपमानजनक टिप्पणी की। मिजराही ने वीडियो में दावा किया कि भारत में लोग गाय का पेशाब पीते हैं। उन्होंने कहा कि कुछ भारतीय डॉक्टर भी ऐसा करते हैं। उन्होंने दिल्ली की सड़कों पर गायों के बैठने और उनकी वजह से ट्रैफिक रुकने का भी मजाक उड़ाया। उनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद भारत और इजराइल के लोगों ने उनकी आलोचना की। कई लोगों ने उन्हें नस्लवादी बताया और कहा कि उन्होंने हिंदुओं की धार्मिक परंपराओं का अपमान किया है।

आशुतोष दीक्षित बनेंगे 29वें वायुसेना प्रमुख

नई दिल्ली, जेएनएन। आज दोपहर बाद भारतीय वायुसेना को नया प्रमुख मिल जाएगा। एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित देश के 29वें वायुसेना प्रमुख बनेंगे।



मौजूदा प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह 31 अक्टूबर को रिटायर हो रहे हैं। दीक्षित अभी उप वायुसेना प्रमुख हैं। उनकी नियुक्ति को खास बनाने वाली एक बात यह भी है कि अपने बैच में वह अकेले ऐसे अधिकारी हैं, जो वायुसेना के शीर्ष पद तक पहुंचे हैं। दीक्षित को दिसंबर 1986 में वायुसेना की फाइटर स्ट्रीम में कमीशन मिला था। उनका जन्म 9 दिसंबर 1966 को हुआ था। उनके नाम 3,500 घंटे से ज्यादा की उड़ान का अनुभव दर्ज है। वह 20 से अधिक तरह के विमान उड़ा चुके हैं। उन्होंने टेस्ट पायलट और फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर की भूमिका भी निभाई है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान वह चीफ ऑफ इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ थे।



अनंभ का असर, यूपी राजस्थान में बारिश

14 राज्यों में ऑरेंज अलर्ट



जयपुर/लखनऊ/पटना/भुवनेश्वर, जेएनएन। चक्रवाती तूफान अनंभ कमजोर होकर कम दबाव के क्षेत्र में बदल गया है। इसके बावजूद मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और राजस्थान समेत 14 राज्यों में आंधी-बारिश जारी है। मौसम विभाग ने अगले दो दिन के लिए इन राज्यों में रेड-ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। बारिश और ठंडी हवाओं से कई राज्यों में दिन के तापमान में गिरावट आई है। ओडिशा के 3 जिलों गंजाम, गजपति और कंधमाल में बाढ़ आ गई। गंजाम के 300 गांवों का संपर्क टूट गया है। गंजाम और गजपति जिलों में करीब 62 हजार लोग बाढ़ में फंसे हैं।

एनडीआरएफ की 54 टीमें 120 लोगों को एयरलिफ्ट कर चुकी हैं। ओडिशा के कंधमाल में भूस्खलन से नौ महीने के बच्चे समेत तीन लोगों की मौत हो गई। दिल्ली में गुरुवार की देर रात बारिश हुई। आईएमडी के मुताबिक, गुरुवार को अधिकतम तापमान 25.4डिग्री दर्ज किया गया, जो एक दिन पहले से 6.4डिग्री कम और पिछले चार साल में अक्टूबर का सबसे कम अधिकतम तापमान है।

अगले 2 दिन के मौसम का हाल

31 अक्टूबर : बिहार, आंध्र प्रदेश और रायलसीमा में बारिश का यलो अलर्ट है। आंध्र प्रदेश में तूफानी हवाएं चलेंगी।

01 नवंबर : ओडिशा, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, कर्नाटक, रायलसीमा और आंध्र प्रदेश में बारिश का यलो अलर्ट है।

राजस्थान : राजस्थान में भी अर्नब चक्रवात के असर हवा के साथ बारिश का दौर जारी है। आज भी 28 जिलों में आंधी-बारिश की चेतावनी जारी की गई है। जयपुर में गुरुवार दोपहर से रुक-रुककर बारिश हो रही है।

उत्तरप्रदेश : उत्तरप्रदेश में चक्रवाती तूफान 'अर्नब' के असर से मौसम बदला हुआ है। शुक्रवार सुबह से लखनऊ, नोएडा, आगरा, मथुरा और जौनपुर समेत 20 शहरों में रुक-रुक कर बारिश हो रही है। ठंडी हवाएं चल रही हैं। दिन में अंधेरे छाया है।

बिहार : अर्नब साइक्लोन के असर से पटना समेत राज्य के कई जिलों में बारिश हो रही है। 10 जिलों में रुक-रुक कर बारिश हो रही है। तूफान अर्नब का असर आज से कम होने लगेगा। तूफान का वेग हिस्सा कमजोर होकर लो प्रेशर एरिया में बदल चुका है।

पंजाब : पंजाब और चंडीगढ़ में मौसम का मिजाज बदल गया है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से शुक्रवार 30 अक्टूबर को राज्य के कई जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना है। कुछ स्थानों पर ओले भी गिर सकते हैं।

आइजनकोट को नेतन्याहू के सहयोगी का पीएम पद ऑफर

इजराइल में नई संसद का शपथ ग्रहण 10 नवंबर को होगा

तेल अवीव, जेएनएन। इजराइल में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के सहयोगी दल यूनाइटेड टोरा जुडिज्म ने विपक्षी नेता गादी आइजनकोट को प्रधानमंत्री बनाने का प्रस्ताव दिया है। पार्टी को चुनाव में 7 सीटें मिली हैं। चैनल 12 की रिपोर्ट के मुताबिक, पार्टी ने समर्थन के बदले हरेदी समुदाय के लोगों को अनिवार्य सैन्य सेवा से छूट देने की मांग की है। इजराइल में आमतौर पर नागरिकों के लिए सेना में सेवा देना अनिवार्य है। हालांकि, हरेदी समुदाय के धार्मिक छात्रों को अब तक इससे बड़े स्तर पर छूट मिलती रही है। नेतन्याहू सरकार हरेदी समुदाय को यह छूट जारी रखने के पक्ष में रही है, जबकि आइजनकोट इसका विरोध करते रहे हैं। वे चाहते हैं कि हरेदी समुदाय के लोगों को भी सैन्य सेवा करनी चाहिए। यूनाइटेड तोरा जुडिज्म ने आइजनकोट की सरकार में शामिल हुए बिना बाहर से समर्थन देने की पेशकश की है। इसके तहत पार्टी सरकार के खिलाफ होने वाले मतदान में विरोध करने के बजाय वोटिंग से दूर रह सकती है। इससे आइजनकोट



को संसद में सरकार चलाने में मदद मिल सकती है।

आइजनकोट ने रॉय फोकमैन को संसदीय दल का नेता बनायाः इजराइल में नई संसद के गठन से पहले पार्टियों ने अपने संसदीय दलों के नेताओं के नाम तय करने शुरू कर दिए हैं। गादी आइजनकोट ने अपनी यशार पार्टी से चुने गए सांसद रॉय फोकमैन को संसदीय दल का नेता नियुक्त किया है। नई संसद का शपथ ग्रहण 10 नवंबर को होगा। द टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, आइजनकोट ने फोकमैन की तारीफ करते हुए कहा कि उनके पास राजनीति का लंबा अनुभव है। वे इस जिम्मेदारी के लिए जरूरी समझदारी, नए विचार और नेतृत्व क्षमता रखते हैं।

नेतन्याहू विरोधी गठबंधन ने चुनाव जीता



विपक्षी नेता यायर लेपिड ने कहा है कि चुनाव में नेतन्याहू विरोधी गठबंधन जीता है। उन्होंने सरकार बनाने के लिए थोड़ा समय देने की अपील की है। द टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, नेतन्याहू विरोधी दलों को संसद की 120 में से कुल 67 सीटें मिली हैं, जबकि नेतन्याहू के गठबंधन को 53 सीटें मिलीं। उनकी लिकुड पार्टी 27 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनी है। लेकिन सरकार बनाने में येंच यह है कि यहूदी नेतृत्व वाली चार पार्टियों में से तीन- याशर, बियाचाद और इजराइल बेतेनु ने अरब बहुल जॉइंट लिस्ट और राअम के साथ गठबंधन करने से इनकार किया है। इन दलों के समर्थन के बिना विपक्ष के लिए बहुमत जुटाना मुश्किल है।

सहमति से बने संबंधों के बाद ब्रेकअप रेप नहीं: सुको

नई दिल्ली, जेएनएन। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक मामले की सुनवाई करते हुए यौन संबंध को लेकर अहम टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि कानून बनाने वालों का ये इरादा नहीं था कि प्रेम और सहमति से बने रिश्ते में बालिगों के बीच बने यौन संबंधों को केवल रिश्ता टूटने से अपराध बना दिया जाए। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने शादी का झूठा वादा करके रेप करने के आरोप से जुड़े मामले में आरोपी को आरोपमुक्त करते हुए यह टिप्पणी की है। बेंच ने कहा कि प्रेम और आपसी सहमति वाले रिश्ते में बने संबंधों को ब्रेकअप के बाद अपराध नहीं बनाया जा सकता। हर टूटे रिश्ते को रेप का मामला बनाना गलत है।

एआई-डीपफेक पर कानून चुप हो तो संविधान हमें रास्ता दिखाए: सीजेआई



नई दिल्ली, जेएनएन। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि कानून में जवाब न हो, तो संविधान अदालतों का मार्गदर्शन करे। अदालतों के सामने एआई से बने काम के कॉपीराइट और डीपफेक्स जैसे नए सवाल हैं। उन्होंने कहा कि कानून इन सवालों के तैयार जवाब शायद ही दे पाए। ऐसे हर सवाल का जवाब संविधान में दिए अधिकारों की रोशनी में देना होगा, क्योंकि संविधान में गरिमा, स्वतंत्रता और समानता का वादा तकनीक बदलने से नहीं बदलता। सीजेआई सूर्यकांत ने यह बात शुक्रवार को दिल्ली हाईकोर्ट के 60 साल पूरे होने पर आयोजित समारोह में कही। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि कोर्ट के सामने अब ऐसे सवाल हैं, जिनकी एक दशक पहले कल्पना करना भी मुश्किल था। इनमें यह सवाल शामिल है कि क्या आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से बने काम को कॉपीराइट मिल सकता है। कानून डीपफेक्स पर कैसे प्रतिक्रिया दे और तकनीकी विकास को बढ़ावा देते हुए व्यक्तिगत अधिकारों की रक्षा कैसे हो, यह भी चुनौती है।

कांग्रेस का सड़क पर संसद कार्यक्रम आज

नई दिल्ली, जेएनएन। दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर आज होने वाला 'सड़क पर संसद' कार्यक्रम आज होगा। राहुल गांधी ने यह जानकारी शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। राहुल ने कहा, हमने आज का कार्यक्रम बारिश के कारण आज करने का फैसला किया है। उसके बाद अगले दिन हम रामलीला मैदान पर मार्च करेंगे। हमने इसमें राजनीतिक, छात्र संगठनों और सभी लोगों से आने की अपील है। 'सड़क पर संसद' कार्यक्रम में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग लाया जाएगा। पब्लिक महाभियोग में जनता या राजनीतिक दल किसी संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के खिलाफ यहीं जनाते हैं। विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में 'वोट बचाओ, वोट बचाओ' रैली करेगा। केंद्र सरकार ने इस रैली, संभावित प्रदर्शनों और त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए दिल्ली में सीएपीएफ की 270 कंपनियों की तैनाती 16 नवंबर तक बढ़ा दी है। इनकी तैनाती की जिम्मेदारी दिल्ली पुलिस संभालेगी।

रामलीला मैदान में बारिश से भरा कीचड़ और पानी- रामलीला मैदान में बारिश के कारण जगह-जगह पानी और कीचड़ फैल गया है। आगामी 1 नवंबर को इसी मैदान में इंडिया गठबंधन की एक विशाल रैली आयोजित होने जा रही है। एक तरफ जहां इस महारैली को लेकर राजनीतिक हलचल चरम पर है और तैयारियां जारी हैं, वहीं बारिश के चलते नई चुनौतियां नजर आ रही हैं।

मिडटर्म चुनाव के बाद ईरान पर हमले की तैयारी में है अमेरिका

वॉशिंगटन, जेएनएन। डीसी अमेरिका ने पश्चिम एशिया में अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ा दी है। पिछले एक हफ्ते में उसके 10 से ज्यादा सैन्य मालवाहक विमान दक्षिणी इजराइल के एयरबेस पर उतरे हैं। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में अमेरिकी सेना के पश्चिम एशिया कमांडर एडमिरल ब्रैड से मुलाकात की। वॉल स्ट्रीट जर्नल के मुताबिक, कूपर ने ईरान पर संभावित सैन्य हमले के विकल्पों की जानकारी दी। बैठक में अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ और जॉइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के चेयरमैन डैन केन भी मौजूद थे।

सैन्य मौजूदगी बढ़ा रहा यूएस: विमान ट्रैकिंग डेटा पर नजर रखने वाले



विशेषज्ञों के मुताबिक, अमेरिका के ज्यादातर सैन्य मालवाहक विमान टेक्सास के बिग्स आर्मी एयरफील्ड से रवाना हुए थे। ये इजराइल के नेवातिम और ओवदा एयरबेस पहुंचे। इसके अलावा अमेरिका के कई सैन्य विमान सऊदी अरब, कतर, कुवैत और जॉर्डन में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर भी पहुंचे हैं।

अमेरिकी चुनाव के बाद ईरान पर हमले की तैयारी

अमेरिका और इजराइल 3 नवंबर को होने वाले अमेरिकी मिडटर्म चुनाव के बाद ईरान पर फिर हमले करने की योजना बना रहे हैं। वॉल स्ट्रीट जर्नल के मुताबिक, दोनों देश छोटी लेकिन तेज सैन्य कार्रवाई पर विचार कर रहे हैं। इसमें ईरान के ऊर्जा ठिकानों, परमाणु केंद्रों और मिसाइलों व ड्रोन के भंडार को निशाना बनाया जा सकता है। हालांकि, ट्रम्प अभी सैन्य कार्रवाई नहीं करने का फैसला भी ले सकते हैं।

नौसेना में शामिल होने को तैयार राफेल ने की आईएनएस विक्रांत पर सफल लैंडिंग

पणजी, जेएनएन। भारतीय नौसेना ने हिंद महासागर क्षेत्र में अपनी युद्धक क्षमता को एक नया आयाम देते हुए एक बड़ा मील का पत्थर हासिल किया है। फ्रांस निर्मित अत्याधुनिक लड़ाकू विमान राफेल मरीन ने गुरुवार (29 अक्टूबर) को भारत के स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर अपनी पहली ही कोशिश में सफल लैंडिंग की है। नौसेना के बेड़े में राफेल के शामिल होने के तौर पर इसे एक बड़ा कदम माना जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि यह लैंडिंग, भारतीय नौसेना के एयरक्राफ्ट कैरियर ऑपरेशंस में इस विमान को शामिल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सूत्रों के अनुसार, भारतीय नौसेना गोवा में राफेल मरीन के फ्लाइट ट्रायल कर रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि आईएनएस विक्रांत से इसके संचालन के लिए किन बदलावों की जरूरत है। इन ट्रायल का उद्देश्य यह जांचना है कि क्या यह विमान एयरक्राफ्ट कैरियर के साथ



पूरी तरह से काम कर सकता है, और इसे तैनात करने की तैयारी करना है।

भारत ने 28 अप्रैल 2025 को फ्रांस के साथ 63,000 करोड़ रुपये का ऐतिहासिक रक्षा समझौता किया था। इसके तहत नौसेना के लिए 26 राफेल विमान खरीदे जाने थे। इस पैकेज में 22 सिंगल-सीट फाइटर और चार ट्विन-सीट ट्रेनर विमान शामिल हैं। इसके साथ ही इसमें हथियार, सिम्युलेटर, प्रशिक्षण, जरूरी उपकरण और लॉजिस्टिक्स सपोर्ट भी शामिल हैं। इन विमानों की डिलीवरी 2030 तक पूरी होनी है, और इसके लिए भारतीय नौसेना के कर्मियों को फ्रांस और भारत में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

आलू से सोना पर प्रधानमंत्री ने कसा तंज

बनासकांठा आकर कोई नहीं कहता कि इससे सोना बनाएंगे

बनासकांठा, जेएनएन। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को गुजरात के बनासकांठा में कहा कि यहां का आलू दुनियाभर में मशहूर है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, बनासकांठा में आकर कोई नहीं कहता कि आलू से सोना बनाएंगे, क्योंकि यहां के लोग पहले ही आलू से सोना बना रहे हैं। मोदी की सभा में किसानों के बैठने के लिए कुर्सियों की जगह चारपाइयां बिछाई गई थीं। उन्होंने कहा कि देश के लोगों के लिए यह अजूबा होगा कि एक सभा में सभी लोग चारपाई पर बैठे हैं। बनासकांठा के लोगों ने गांवों की इस पुरानी परंपरा को जिंदा रखा है। अगर



गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड वालों को बुलाया होता तो यह रिकॉर्ड में दर्ज हो जाता। इस दौरान पीएम ने किसान सम्मान निधि की 24वीं किस्त जारी की। उन्होंने 14 हजार करोड़ से ज्यादा की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। साथ ही दो नई ट्रेन सेवाओं को हरी झंडी दिखाई। पीएम मोदी ने गुजरात के एकता नगर में भारत पर्व का उद्घाटन किया। उन्होंने वहां लगी प्रदर्शनी भी देखी। उन्होंने बनासकांठा जिले में भारत बोवाइन ब्रीडिंग एंड रिसर्च सेंटर के पशु फार्म और 'एम्ब्रियो ट्रांसफर टेक्नोलॉजी-इन विट्रो फर्टिलाइजेशन' प्रयोगशाला का भी दौरा किया।

200 करोड़ की ठगी केस में नोरा फतेही को समन



मुंबई, जेएनएन। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने नोरा फतेही को 2 नवंबर को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने उन्हें इस मामले में सरकारी गवाह के रूप में अपना बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया है। प्रवर्तन निदेशालय की ओर से दाखिल तीसरी सप्लीमेंट्री चार्जशीट के आधार पर कोर्ट ने यह आदेश जारी किया है। दरअसल सुकेश पर आरोप है कि उसने रेनबैक्सी के पूर्व प्रमोटर शिविंदर सिंह की पत्नी अदिति सिंह से करीब 200 करोड़ रुपए की ठगी की थी। नोरा पर इन्हीं ठगी के पैसों से महंगे गिफ्ट्स लेने का आरोप है। ठगी के पैसे से मिले महंगे गिफ्ट्स से जुड़ा विवाद इससे पहले प्रवर्तन निदेशालय ने सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े मामले में नोरा फतेही से कई बार पूछताछ की थी। नोरा पर आरोप है कि उन्होंने सुकेश या उसके सहयोगियों से लग्जरी गाड़ियां, महंगे बैग और ज्वेलरी जैसे सामान मिले थे। नोरा और सुकेश को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की भी जा चुकी है। इस दौरान नोरा ने खुद 1 करोड़ से ज्यादा कीमत की लग्जरी गाड़ी गिफ्ट में लेने की बात कबूल की थी। ये कार नोरा को 2020 में हुए एक ईवेंट के दौरान चेन्नई में गिफ्ट की गई थी। हालांकि, नोरा फतेही ने हमेशा किसी भी गलत काम में शामिल होने से इनकार किया है। उन्होंने जांच एजेंसियों को दिए बयानों में कहा था कि वे खुद इस मामले में पीड़ित (विक्टिम) रही हैं। जांच एजेंसियों ने सुकेश चंद्रशेखर और उसके नेटवर्क के खिलाफ चल रही जांच में तीसरी सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की थी। इस चार्जशीट में नोरा के बयान को केस की पैरवी मजबूत करने के लिए जरूरी माना गया है।

मौसम तूफान, चक्रवात और भारी बारिश के बीच वैज्ञानिकों की चेतावनी

अल नीनो के बाद कहर मचाने आएगा ला नीना

नई दिल्ली, जेएनएन। दुनिया भर में जलवायु परिवर्तन की चर्चाओं के केंद्र में फिलहाल 'अलनीनो' छाया हुआ है। तापमान में असामान्य बढ़ोतरी से लेकर तूफान और भारी बारिश तक, इन प्राकृतिक घटना ने मौसम के पैटर्न में कई अप्रत्याशित बदलाव पैदा किए हैं। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) ने चेतावनी दी है कि अलनीनो का सबसे तेज दौर अभी आना बाकी है और इसका असर फरवरी 2027 तक बना रह सकता है। लेकिन जब अलनीनो कमजोर पड़ने लगता है, तो प्रशांत महासागर में अक्सर एक बड़ा बदलाव देखने को मिलता है। असामान्य रूप से गर्म तापमान अचानक ठंडा हो जाता है और 'ला नीना' की स्थिति बन जाती है। यह परिवर्तन अपने आप नहीं होता, लेकिन जब होता है तो दुनिया के अलग-अलग महाद्वीपों पर मौसम के पैटर्न को पूरी तरह बदल जाते हैं।



मौसम पैटर्न को करते हैं प्रभावित

अलनीनो के दौरान, जिस आसतीर पर गर्म वरण कहा जाता है, सामान्य पूर्वी व्यापारिक हवाएं कमजोर पड़ जाती हैं या उनकी दिशा उलट जाती है। इससे सतह का गर्म पानी मध्य और पूर्वी प्रशांत महासागर क्षेत्र में पूर्व की ओर बहने लगता है। इसके ठीक ठप, ला नीना की विशेषता यह है कि इसमें व्यापारिक हवाएं सामान्य से अधिक तेज होती हैं। ये हवाएं गर्म पानी को धकेलकर एशिया और ऑस्ट्रेलिया के पास पश्चिमी प्रशांत महासागर में दूर ले जाती हैं, जबकि दक्षिण अमेरिका के तट पर ठंडा और पोषक तत्वों से भरपूर पानी ऊपर की ओर आ जाता है।

क्या हैं अल नीनो और ला नीना ये एक प्राकृतिक जलवायु पैटर्न के विपरीत हैं, जो हर 3-7 साल में आते हैं। अमेरिकी एजेंसी नेशनल ओशनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन के अनुसार, इन्हें एक साथ अल नीनो-सदर्न ऑसिलेशन कहा जाता है। मूल स्पेनिश भाषा से अनुवाद करने पर, अलनीनो का अर्थ होता है छोटा लड़का। यहीं, ला नीना का अर्थ है छोटी लड़की। हालांकि ये दोनों मौसमी घटनाएं प्रशांत महासागर में शुरू होती हैं, लेकिन इनका असर पूरी दुनिया में महसूस किया जाता है, जिससे वैश्विक मौसम में कई तरह के बदलाव आते हैं। उदाहरण के लिए, प्रशांत महासागर के तापमान में बदलाव से भारत में बारिश, अफ्रीका में सूखा और दुनिया के अन्य हिस्सों में तूफानों पर असर पड़ सकता है।अब क्योंकि इस साल का अलनीनो कई दशकों में सबसे शक्तिशाली है, इसलिए वैज्ञानिक बारीकी से नजर रख रहे हैं कि आगे क्या होता है।

M.P. POWER GENERATING COMPANY LIMITED
(Govt. of M.P. Undertaking)
Office of the Addl. Chief Engineer (THC), Sirmour, Distt. Rewa (M.P.) 486448
E mail : cehqthc@gmail.com, CIN-U40109MP2001SGC014822

NOTICE INVITING TENDER (THROUGH E-TENDERING PROCESS ONLY)

M.P. Power Generating Co. Ltd. invites e-tenders from Transporter/Service Provider/Firm/Proprietor for the following items :-

Tender No.	Tender Particulars	Estimated Cost in Rs. (inclusive of Taxes)/ Tender Cost in Rs./Period	EMD in Rs.	Date and Time for Closing of Online Submission	Date & Time of E-Opening of Tender
2025_MPPGC_545581_1	Hiring of 01 No. Diesel jeep (6+1) seater for Bhootpoory security staff for patrolling of beehar barrage, Tons Barrage, Link canal, Power Channel, Power house and other premises of THC Sirmour, for monthly running of 3000 Km with two additional driver for a period of 02 years	24.39 Lakh/ 1000/-	48,800/-	16.11.2026 Up to 15:00 hrs	18.11.2026 from 15:00 hrs. onwards

For further details of amendments/extensions/corrigendums etc. please visit website https://mptenders.gov.in regularly. No separate information shall be published in print media for instant tender.
M.P. Madhyam/128871/2026 SAVE ELECTRICITY ADDL. CHIEF ENGINEER (THC)

क्यों जारी किया गया अलर्ट

कई देशों की सरकारों की ओर से जारी अलर्ट में खराब मौसम, बाढ़, बिजली की कमी, साइबर हमले सहित युद्ध जैसे खतरे का अंदेशा जताया गया है। आम जीवन प्रभावित होने का अंदेशा जताया गया है। सरकार की कोशिश है कि किसी भी तरह की परेशानी आने पर लोगों को बाहरी मदद या सरकार की मदद की आस में ना बैठना पड़े।

जापान, अमेरिका और ब्रिटेन के लोग जमा कर रहे राशन

नई दिल्ली, जेएनएन। दुनिया के कई विकसित देश अपने लोगों से घर पर जरूरी सामानों का स्टॉक रखने की सलाह दे रहे हैं। इन देशों में अमेरिका, ब्रिटेन, जापान, नॉर्वे, फिनलैंड, स्वीडन समेत कई अन्य शामिल हैं। इन देशों की सरकार ने अपने नागरिकों को आपातकाल के लिए तैयार रहने को कहा है। साथ ही कहा कि अपने घरों में जरूरी चीज जैसे खाना, पानी, दवा और अन्य जरूरी आइटमों का स्टॉक बना कर रखें। किसी भी आपातकाल स्थिति में बाहर से संपर्क कटने पर सामान मंगाने की जरूरत ना पड़े। जिन देशों ने सलाह दी है उनमें-जर्मनी, नॉर्वे, फिनलैंड, फ्रांस, यूरोपीय संघ, स्विट्जरलैंड, आयरलैंड, स्वीडन, चेकिया, लिथुआनिया। सभी देशों ने लगभग दो दिन, सात दिन या 10 दिन तक की योजना पर काम करने को कहा है। अमेरिका में सैन्य ठिकाने 90 दिनों तक स्वतंत्र रूप से काम कर सकें ऐसी योजना बनाई है।

SHREE KRISHNA HEIGHTS

RERA NO.: P-BPL-17-1498/1497/1496/1495

A PROJECT OF

3 & 4/ 5 BHK

PREMIUM LUXURIOUS APARTMENTS

HAPPY DIWALI FESTIVAL OFFER



ACTUAL SITE PHOTOGRAPHS

MORE THAN 400 FAMILIES LIVING HAPPILY

MODULAR KITCHEN WITH CHIMNEY

FALSE CEILING WITH LIGHTS

ALL DOORS WITH MICA FINISH

DIGITAL LOCK

3 BHK | 1600 SQ. FT. 49.90* LACS

4/5 BHK | 3200 SQ. FT. 1.11* CR.

3 BHK | 1650 SQ. FT. 50.90* LACS

A Project By BHOJPAL BUILDERS AND DEVELOPERS (P) LTD. BHOJPAL BUILDERS AND DEVELOPER (P), LIMITED

KATARA HILLS BHOPAL

Scan For Location

6264342055, 9669201610, 9669201603

www.bhojpalbuilders.com bhojpalbuilders@gmail.com

विकासशील भोपाल का

सबसे दमदार बिज़नेस एड्रेस

मेफेयर : 10-लेन अयोध्या बायपास पर

LAUNCH OFFER 5% Discount*

Extra Savings with Special Payment Plans

MAYFAIR

A Premium Commercial Hub

RERA No.: P-BPL-26-6584

AYODHYA BYPASS ROAD

BOOKINGS OPEN

SHOPS & OFFICE SPACES

550+ घरों से बने मेफेयर कैंपस के बीच | 950+ दुकानें और ऑफिस स्पेसेज़



35 ACRE TOWNSHIP

रियल एस्टेट

अयोध्या बायपास पर लॉन्च हुआ प्रीमियम कमर्शियल सेंटर 'मेफेयर'

भोपाल। ग्लोबस बिल्डकॉन ने 10-लेन अयोध्या बायपास पर प्रीमियम कमर्शियल प्रोजेक्ट 'मेफेयर' लॉन्च किया है। यह 35+ एकड़ की टाउनशिप का हिस्सा है। इसमें 950+ दुकानें और ऑफिस स्पेस, साथ ही 550+ घर होंगे।

प्रोजेक्ट में 50 फीट चौड़े एट्रियम, हाई-स्पीड लिफ्ट और एस्केलेटर होंगे। ग्राउंड और फर्स्ट फ्लोर पर 15 फीट ऊंची दुकानें बनेंगी। साथ ही 2 लेवल बेसमेंट पार्किंग, CCTV और फायर सेफ्टी की सुविधा रहेगी। रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट, डी-मार्ट और जिंदल हॉस्पिटल पास में है।

GLOBUS BUILDCON

30+ Years of Experience

30+ Projects

From successful developments along the 24 km Hoshangabad Road - Bairagarh corridor, to premium investment opportunities in the new Master Plan's proposed Growth Corridor.

A Proven Legacy. A New Opportunity.

Be A Part of the Next Big Growth Story!



Mansarovar Complex Opposite RKMP Station

Aashima Mall Hoshangabad Road

Coral Woods Hoshangabad Road

Green Bay Mubarakpur

Krishnanchal Idgah Hills

Green Acres Lalghati

The Bellaire Airport Road

Krishna Plaza Bairagarh

Call for Bookings: 9669697303, 9669696178, 9202907242, 8458907242

Site Address: 15, अयोध्या बायपास, नरेला शंकरी, संतोष विहार, निशातपुरा, भोपाल

*Terms & Conditions Apply

SCAN FOR LOCATION

SCAN FOR BROCHURE